हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, शनिवार 19 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 196, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### नामांकन के पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने भरा पर्चा : चुनाव आयोग

रांची: अधिसूचना जारी होने के साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज 18 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. नामांकन के पहले दिन रांची, कांके और जमशेदपुर पश्चिम में एक-एक नामांकन पर्चा भरा गया. अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न एजेंसियों के द्वारा आचार संहिता लगने के बाद से की गई कार्रवाई में एक करोड़ 25 लाख तक के अवैध सामान और कैश बरामद किए गए हैं. जिसमें राज्य पुलिस के द्वारा 64 लाख के सामान बरामद किए गए हैं. उन्होंने कहा कि अब तक 28 लाख कैश बरामद किए गए हैं.

### युद्ध में फंसे लेबनान को भारत ने भेजी मानवीय सहायता

**11 टन की पहली खेप रवाना**

नई दिल्ली : भारत की ओर से इस्राइल के साथ युद्ध में फंसे लेबनान को मानवीय सहायता भेजी गई है। भारत संकटग्रस्त देश को 33 टन आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति भेज रहा है। आज, 11 टन की पहली चिकित्सा आपूर्ति खेप भेजी गई है। दवाईयों की भारी कमी से जूझ रहे लेबनान को यह मदद काफी रहात पहुंचाएगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में चिकित्सा सहायता भेजे जाने की पुष्टि की है।

### पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई पूरी हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

रांची : साहेबगंज जिला में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी और बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. रांची प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद पंकज मिश्रा ने हाईकोर्ट में बेल के लिए गुहार लगाई है. बता दें कि सीएम के तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने वर्ष 2022 जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है. वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी. इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी.

### आईएएस पूजा सिंघल की बेल पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

रांची : सस्पेंडेड आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अब हाईकोर्ट में पूजा सिंघल की बेल पर 22 नवंबर को सुनवाई होगी. इससे पहले रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने 26 सितंबर को पूजा सिंघल को बेल देने से इंकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. जिसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी. ईडी की छापेमारी के दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुआ था.

### दीपावली, छठ और गुरुपर्व पर दो घंटे तक कर सकेंगे आतिशबाजी

**क्रिसमस और न्यू ईयर पर मात्र 35 मिनट**

रांची(ईएमएस)। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली, छठ और गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय निर्धारित कर दी है। इन तीनों पर्व पर दो घंटे तक आतिशबाजी की जा सकेगी, जबकि क्रिसमस और न्यू ईयर पर मात्र 35 मिनट तक आतिशबाजी करने का समय तय किया गया है। बोर्ड द्वारा तैयार दिशा निर्देश के अनुसार, दीपावली की रात को आठ बजे से दस बजे तक ही पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ के दिन सुबह छह से आठ, गुरु पर्व पर रात आठ से दस और क्रिसमस व नए साल पर 31 दिसंबर की रात 11 बजकर 55 मिनट से 12:30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी।

### उमाकांत रजक और केदार हाजरा ने थामा झामुमो का दामन

रांची : पूर्व मंत्री और आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, भाजपा विधायक केदार हाजरा सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आज झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा. कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सभी पार्टी में शामिल हुए. इस मौके पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू, सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अन्य मौजूद रहें. उमाकांत रजक चंदनक्यारी और केदार हाजरा जमुवा से जेएमएम प्रत्याशी होंगे.

### धनबाद में कोयला चोरी के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

रांची : सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश दिया था.हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत 3 अक्टूबर को इस मामले में प्रतिवादी बने सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच करने का निर्देश सीबीआई को दिया था. हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था. शुक्रवार को राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट से रोक के बाद अब सीबीआई फिलहाल धनबाद में कथित रूप से कोयला चोरी और इसमें पुलिस की संलिप्तता की जांच नहीं कर पायेगी.

### हेमंत से मिले चमरा लिंडा, नाराजगी खत्म, विशुनपुर से लड़ेंगे चुनाव

रांची : मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के बुलावे पर पार्टी के विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचे. जहां पर दोनों के बीच लंबी मंत्रणा हुई. इस बातचीत के बाद चमरा लिंडा की नाराजगी और शिकायतें दूर हो गयी. अब चमरा लिंडा ही विशुनपुर से झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे. मिली जानकारी के अनुसार, बहुत जल्द ही चमरा लिंडा को पार्टी निलंबन मुक्त कर सकती है. बतातें चलें कि गत लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया था. जानकारी के अनुसार, बैठक में अपने स्वास्थ्य कारणों से चमरा लिंडा ने अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने की बात सीएम के समक्ष रखी. मगर सीएम ने यह कह कर मना कर दिया कि उनके लिए बहुत अधिक ताकत लगानी होगी.

**राज्य के सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने की समीक्षा बैठक**

# चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर रखें पैनी नजर : के रवि कुमार

रांची : शुक्रवार को राज्य के सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने समीक्षा बैठक की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में केवल कैश ही नहीं, बल्कि अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है. इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई करें. सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा. उन्होंने कहा कि आरबीआई के पदाधिकारी सभी संदिग्ध लेनदेन एवं बल्क ट्रांजेक्शन पर ध्यान रखें. किसी भी संदिग्ध लेनदेन की सूचना मुख्यालय से साझा करते हुए बैंक एकाउंट को सीज करें. उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, ईडी, कस्टम विभाग, आयकर विभाग आदि के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया.

**मतदादाओं को प्रलोभन देने वालों पर रखें नजर : रवि कुमार**

के रवि कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कई प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन के लिए कई तरह की वस्तुओं को बांटा जाता है, इसपर कड़ी नजर रखें. सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब, ड्रग्स आदि के आवागमन की संभावना है, इन सभी अवैध सामग्री के आवागमन पर नजर रखने के लिए सभी सीमावर्ती राज्यों एवं जिलों में निर्मित चेकपोस्टों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जानी है. जिसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय एवं राज्य स्तर से वेबकास्टिंग के मध्यम से की जा रही है. इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.



## आइएएस संजीव हंस के पटना और दिल्ली के ठिकानों पर ईडी की छापामारी

पटना। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और उर्जा विभाग के पूर्व सचिव संजीव हंस के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की दबिश कम होती नहीं दिख रही है। शुक्रवार को ईडी की एक टीम ने सुबह-सुबह ही आइएएस संजीव हंस के ठिकानों पर एक बार फिर छापा मारा है। संजीव हंस के पटना और दिल्ली के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गई है। ईडी की यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग एक्ट में की गई है।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय की पहल पर बिहार की विशेष निगरानी इकाई ने संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। विशेष निगरानी की कार्रवाई के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने हंस पर नए सिरे से मनी लांड्रिंग का नया मामला दर्ज किया था। सूत्रों की माने तो इसी नई प्राथमिकी को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने आज की अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया है। छापामारी फिलहाल जारी है।




**इससे पहले जुलाई महीने में भी की थी छापामारी**

यहां बता दें कि जुलाई महीने में प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमों ने संजीव हंस और गुलाब यादव के पटना, झंझारपुर समेत 21 स्थानों पर छापा मारा था। इसके बाद पंजाब, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता में भी इसी कड़ी में सर्च किया गया था। इस दौरान 13 किलो चांदी, दो किलो सोने के सिक्के 87 लाख नकद, लाखों रुपये मूल्य की विदेशी घड़ियां समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए थे।

यहां बता दें कि जुलाई महीने में प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमों ने संजीव हंस और गुलाब यादव के पटना, झंझारपुर समेत 21 स्थानों पर छापा मारा था। इसके बाद पंजाब, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता में भी इसी कड़ी में सर्च किया गया था। इस दौरान 13 किलो चांदी, दो किलो सोने के सिक्के 87 लाख नकद, लाखों रुपये मूल्य की विदेशी घड़ियां समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए थे।

**झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले मधु कोड़ा को झटका**

## कोर्ट ने खारिज की सजा पर रोक लगाने की याचिका



नई दिल्ली : दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। कोड़ा ने कोर्ट से अपनी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग इसलिए की थी, ताकि वह आगामी विधानसभा चुनाव लड़ सकें। जस्टिस विभू बाखरू की एकल न्यायाधीश पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा, अपीलकर्ता को किसी भी सार्वजनिक पद पर चुनाव लड़ने की सुविधा देना उचित नहीं होगा, जब तक कि वह पूरी तरह बरी न हो जाए। कोर्ट ने कहा कि कोड़ा पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है। लेकिन अदालत यह मानने को राजी नहीं है कि सिर्फ इसी आधार पर उनकी सजा पर रोक लगाई जा सकती है। इसने कहा, मुकदमे के बाद ही अपीलकर्ता को अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एच.सी.गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव ए.के.बसु और कोड़ा के सहयोगी विजय जोशी को निचली अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई थी। उन्हें कोलकाता स्थित कंपनी विनी आयरन एंड स्टील इंडस्ट्री लिमिटेड को राज्य में राजहरा नॉर्थ कोल ब्लॉक के आवंटन में भ्रष्ट आचरण और आपराधिक साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था।

## झारखंड में एनडीए में सीट समझौता

**बीजेपी 68, आजसू-10, जेडीयू-2 और लोजपा रामविलास 1 सीट**

रांची (ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस बीच रांची से खबर आ रही हैं, कि एनडीए के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा हो गई है। झारखंड में एनडीए के अंदर बीजेपी 68, आजसू-10, जेडीयू-2 और लोजपा रामविलास 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

वहीं इसके पहले केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बीजेपी, आजसू, जेडीयू और लोजपा रामविलास साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। इस दौरान असम के सीएम हेमंत बिस्वा शर्मा, झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,



आजसू प्रमुख सुदेश महतो भी मौजूद थे। शर्मा ने कहा कि यह चुनाव हम पीएम के नेतृत्व में लड़ रहे हैं।

आजसू इन सीटों पर लड़ेगी चुनावः सिल्ली, जुगसलाई, गोमिया, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़, ईचागढ़, मांडू, डुमरी, मनोहरपुर सीटें शामिल है।

वहीं जेडीयू जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। एनडीए की सहयोगी लोजपा रामविलास चतरा सीट से चुनाव लड़ेगी।वहीं इन सीटों के अलावा बीजेपी 68 सीटों पर पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि शर्मा ने कहा कि बीजेपी अपने कोटे की 68 सीटों में से 1 से 2 सीट पर कुछ अलग निर्णय भी ले सकती है।

वहीं आजसू प्रमुख महतो ने कहा कि भाजपा-आजसू साथ चुनाव लड़ते हैं, तब परिणाम भी सामने आते हैं। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सोरेन कोई भी वादा पूरा नहीं किया। पांच वर्षों में जितनी अत्याचार मां बहन के साथ हुई उतना कभी नहीं हुआ। सोरेन ने तो सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा है।

## पीएम मोदी अगले हफ्ते करेंगे रूस का दौरा

**पुतिन ने दिया ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने का न्योता**

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अक्तूबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस का दौरा करेंगे। बता दें कि इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ब्रिक्स सदस्यीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भी रूस का दौरा कर चुके हैं।

आठ जुलाई को पीएम मोदी ने रूस का दौरा किया था। वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के लिए रूस पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने



पुतिन के साथ वार्ता की, जिसके दौरान व्यापार और रक्षा सौदों सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।

अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से भी सम्मानित किया गया था। इसके अलावा पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी चर्चा हुई। बता दें कि फरवरी 2022 में मास्को की तरफ से यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा थी।

**क्या है ब्रिक्स शिखर सम्मेलन**

ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं। हाल ही में मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स के सदस्य बने हैं। बढ़ी हुई सदस्यता के साथ ब्रिक्स दुनिया की 45 % आबादी और 28 फीसदी अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन बन गया है।

# टिकट बुकिंग को लेकर रेलवे ने बदली व्यवस्था अब 120 नहीं 60 दिन पहले होगा रिजर्वेशन

नई दिल्ली : दिवाली से पहले भारतीय रेलवे ने एक बड़ा फैसला लेते हुए टिकट बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है. अब एडवांस टिकट की बुकिंग की समय सीमा 120 से घटाकर 60 दिन कर दी गई है. यानी की अब यात्री 4 महीने के बजाए 2 महीने के अंदर ही टिकट बुकिंग करवा पाएंगे.

यह नियम 1 नवंबर से लागू होगा. रेलवे के इस फैसले पर यात्री नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. यात्रियों का कहना है कि 120 दिन में टिकट कन्फर्म होने में दिक्कत होती है. ऐसे में 60 दिन में टिकट कन्फर्म कैसे हो पाएगी. उन्होंने ने 120 दिन बुकिंग प्रणाली को लागू करने की मांग की है.

**60 दिन में कैसे हो पाएगा टिकट कंफर्म?**




यात्री ने नाराजगी जताते हुए कहा की, "हमारा टिकट 120 दिन में कंफर्म नहीं हो पाता है, तो 60 दिन में कैसे हो पाएगा. आज कल 120 दिन पहले जब टिकट बुक कराते हैं, तो वेटिंग में टिकट मिलता है. मैं तो कहूंगी कि 120 दिन वाली व्यवस्था बनी रहनी चाहिए, ताकि किसी यात्री को परेशानी ना हो."

**इस फैसले से यात्रियों को होगी परेशानी**

यात्री ने कहा, "रेलवे के इस नियम से नुकसान ही होगा. मुझे लगता है कि 120 दिन वाला कार्यक्रम ही रहना चाहिए, ताकि किसी यात्री को कई परेशानी ना हो." एडवांस बुकिंग के नियम में हुए बदलाव को लेकर कई यात्री नाराजगी जाहिर कर रहे हैं. उनका कहना है कि इस नियम के जमीन पर लागू किए जाने से हमें परेशानियों का सामना करना होगा.

इस तरह के नियमों को व्यवहारिक रूप से लागू कर पाना काफी जटिल हो सकता है.

एक अन्य यात्री ने रेलवे के इस फैसले पर नाराजगी जाहिर की है. उन्होंने कहा, "रेलवे ने यह बहुत ही गलत फैसला लिया है. मैं म्युजिशियन हूं, रोज यात्रा करता हूं. टिकट कन्फर्म होने में दिक्कत होती है. पहले वाली ही व्यवस्था होनी चाहिए."

**1 नवंबर से लागू होगा नियम**

बता दें कि रेल टकिट बुकगि से जुड़ा नया नयिम एक नवंबर से लागू कयिा जाएगा. पहले से बुक किए गए टिकट पर कसिी तरह का असर नहीं होगा. 1 नवंबर को दविाली और 6 नवंबर को छठ पूजा के चलते रेलवे के सभी रूट पर टकिट बुकगि को लेकर मारामारी मची हुई है. रेलवे यात्रयिों की तरफ से टकिट बुकगि के नयिमों में बदलाव को लेकर लंबे समय से मांग हो रही थी.

यात्रयिों की तरफ से आरोप लगाए जाते थे कि बुकगि शुरू होने के साथ ही एजेंट पहले ही सीट बुक कर देते हैं. इससे असल यात्रयिों को टकिट मलिने में परेशानी होती है. रेलवे के नए नियम के मुताबिक अब 120 नहीं, बल्कि केवल 60 दिन पहले ट्रेनों में रिजर्वेशन करा सकेंगे.

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान को बताया जरूरी

रांची(ईएमएस)।विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 18 एवं 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में दो दिवसीय कला महोत्सव आर्ट–81 का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।81 आर्ट फेस्टिवल में पूरे देश के अलग-अलग स्थानों, मसलन नेपाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि के इक्यासी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार, युवा और विद्यार्थी आदि भी शामिल हैं।मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के .रवि कुमार ने कहा कि आप सभी कला प्रेमियों के माध्यम से सभी वोटरों को कनेक्ट करना 81 आर्ट फेस्टिवल का उद्देश्य है। कला के माध्यम से हमारे युवा मतदाताओं को एक संदेश भी देना है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि समय के साथ झारखंड में वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है और हम निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके बेहतरीन स्लोगन और कला को हम अपने चुनाव जागरूकता अभियान में भी शामिल करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में आकर शिरकत करें। आम आगंतुक अपने मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश/स्लोगन रिकार्ड करा सकते हैं। उनमें से चयनित किए गए संदेशों/स्लोगनों का उपयोग स्वीप कार्यक्रमों में किया जा सकेगा।प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाना है। इस दिशा में यह कार्यक्रम हमारे युवा मतदाताओं को अपनी कला के माध्यम से वोटिंग के प्रति जागरूक करने का काम करेगा।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि हमारे वोटर झारखंड को कला के माध्यम से समझे और अपने मतदान की उपयोगिता को जानें। ज्यादा से ज्यादा युवा आसन्न विधानसभा चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने कार्यक्रम में शामिल सभी कलाकारों को मतदान को लेकर शपथ दिलाई और धन्यवाद ज्ञापित किया। अपने स्वागत संबोधन में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित किया। 81 कला महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव ,सहायक निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक, जनसंपर्क आनन्द सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।यह कार्यक्रम शनिवार तक चलेगा।




## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज

रांची(ईएमएस)।कोयला घोटाला मामले में दोषी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है।कोर्ट ने 2017 में ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए जाने के फैसले को निलंबित करने की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी है।मधु कोड़ा ने झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए यह याचिका दायर की थी।सीबीआई ने पूर्व सीएम मधु कोड़ा की ओर से दायर याचिका का विरोध किया था।सीबीआई ने कहा था कि हाईकोर्ट इस मामले में पहले ही ऐसी ही याचिका खारिज कर चुका है।ऐसे में यह याचिका सुनवाई करने योग्य नही है।सीबीआई ने कहा था कि इस अदालत ने राजनीति को अपराधमुक्त किए जाने के लिए कदम उठाने की बढ़ती मांग पर गौर किया। इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था।मधु कोड़ा ने अदालत से 2024 का झारखंड राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 13 दिसंबर 2017 के उस आदेश को निलंबित करने का आग्रह किया था जिसमें कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराया था।निचली अदालत ने भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों की धाराओं में साल 2017 में झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा को दोषी करार दिया था।उन्हें तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी और उन पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था।

### अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक

रांची(ईएमएस)।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची वरुण रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को विधानसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग, मनीषा तिर्की, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साहू एवं आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग मनीषा तिर्की, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे।आपको बतायें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

### होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ देने का हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

रांची(ईएमएस)।होम गार्ड के जवानों द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है कि 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ दिया जाए।इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि यदि 5 जनवरी तक एरियर का लाभ नहीं दिया जाता तो कोर्ट ज़िम्मेदार अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस. एन. पाठक की अदालत में हुई. दरअसल 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होमगार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना है।

### पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी के विस्फोट से एक ग्रामीण की मौत

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।पश्चिमी सिंहभूम जिले में शुक्रवार को एक आईईडी के विस्फोट से एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना जराईकेला थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस ने बताया कि नावाडीह गांव का सुनील सुरीन नामक व्यक्ति जंगल में पत्ता तोड़ने गया था। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए आईईडी का विस्फोट हो गया जिससे वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इस घटना के बारे में बताया कि सुरक्षाबलों को लक्षित कर नक्सलियों द्वारा पूर्व में कई जगहों पर आईईडी प्लांट किए गए हैं जिनके विस्फोट से अक्सर ग्रामीणों की भी मौत हो जाती है। उन्होंने बताया कि यह माओवादियों द्वारा की गई कायराना हरकत है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान को लेकर किया गया शपथ ग्रहण

हजारीबाग(ईएमएस)।हजारीबाग में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने शपथ लिया कि मतदान करेंगे और सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। दरअसल हजारीबाग समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा की अध्यक्षता में महिला पर्यवेक्षकों का बैठक आयोजित किया गया।जिसमें दिव्यांग वोटरों की शत प्रतिशत भागीदारी और वृद्ध मतदाताओं को घर-घर जाकर जागरूक करने पर चर्चा कि गई।इस दौरान समाज कल्याण पदाधिकारी ने महिला पर्यवेक्षकों को शपथ दिलाई गई।

### पहले चरण के तहत नामांकन का आज पहला दिन, हजारीबाग में तीन प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पर्चा

हजारीबाग(ईएमएस)। राज्य में होने वाले पहले चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। हजारीबाग में नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को नामांकन का पर्चा खरीदने का सिलसिला शुरू हो गया।पहले दिन सदर विधानसभा से तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रपत्र खरीदा है।सच्चिदानंद पांडे, विक्रम राणा और प्रशांत कुमार शामिल है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय ने बताया कि चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठकों का दौर भी जारी है। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।वैसे बुथ जहां वोटिंग प्रतिशत कम है वहां वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

### 19 अक्टूबर के बाद जारी की जाएगी कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची

रांची(ईएमएस)।कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 19 अक्तूबर के बाद जारी की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि 2019 विधानसभा चुनाव की तरह राज्य में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ इस बार भी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।गठबंधन में सीट बंटवारे को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है और इस पर जल्द ही अंतिम फैसला होने की उम्मीद है।कांग्रेस 19 अक्तूबर के बाद अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेगी।उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे में कोई विवाद नहीं है। सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तैयार हो चुका है और इसकी घोषणा सीईसी की बैठक के बाद की जाएगी।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं को जाना

पलामू(ईएमएस)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा गढ़वा जिले के गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की उपलब्धता का आकलन किया। साथ ही वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ एवं उपस्थित पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष में मतदान के दिन के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पंखा को ठीक एवं चालू स्थिति में रखने का निदेश दिया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय व्यवस्था को भी देखा और वहां रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने के रास्तों में साइनेज लगाने का निदेश दिया। इसके अलावा कुछ मतदान केन्द्रों की रैंप को मरम्मत करवाने का भी निदेश दिया।उन्होंने मतदान केन्द्रों पर चिकित्सा किट, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि अन्य आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया। उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फॉर्म 12डी को भरवाने का निदेश दिया, ताकि मतदान केंद्रों पर पहुंचने में अक्षम मतदाताओं का होम वोटिंग कराया जा सके। आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं की मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निदेश देते हुए कहा कि आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं रूझान बढ़ेगा। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराए जा रहे न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने का भी निदेश दिया।आयुक्त ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के आर.के सीएम एक्सीलेंस स्कूल, गढ़वा, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मेन रोड, गढ़वा एवं रामा साहू सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस, गढ़वा तथा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के मतदान भवन में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया।आयुक्त के भ्रमण के दौरान गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पाण्डेय, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रमंडलीय जनसम्पर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर तथा संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## साइबर सुरक्षा में कैरियर की अपार संभावनाः निरंजन कुशवाहा



रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सीएसइ और कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जैप-आईटी) के सिक्योरिटी एक्सपर्ट निरंजन कुशवाहा ने आज की दुनिया में साइबर धोखाधड़ी से उभरते नवीनतम खतरों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने साइबर फ्रॉड के तरीकों और उससे व्यक्तिगत और संस्थागत निपटारे के तरीकों पर भी विस्तार से बताया. छात्रों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी उन्होंने प्रोत्साहित किया.

मौके पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने साइबर सुरक्षा की प्रासंगिकता की चर्चा की. उन्होंने एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में हुए चर्चित साइबर धोखाधड़ी का उदाहरण देते हुए उपस्थित श्रोताओं को इससे जुड़ी चीजों की सुरक्षा करने की भी अपील की. विवि के प्रभारी कुलपति एस.बी. डांडीन ने पहले की तुलना में हाल के वर्षों में साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई.

कार्यशाला के दौरान साइबर सुरक्षा पर दोनों विभागों के विद्यार्थियों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. वी. के. सिंह, डीन डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. बी. सामंता, डॉ. प्रियंका, डॉ. मेघा, डॉ. दीप्ति एवं आनंद विश्वकर्मा एवं अन्य शिक्षकगण एवं विवि के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### चुनाव से पहले पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## अमेरिका और सर्बिया की गोली बरामद पुलिस से लूटी गयी राइफल भी मिली

पलामू(ईएमएस)। विधानसभा चुनाव से पहले पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चुनाव के दौरान हिंसक वारदात के लिए प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के द्वारा जमा करके रखे गए 994 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बरामद गोली अमेरिका एवं सर्बिया की है। पुलिस की लूटी गयी एक राइफल भी बरामद की गयी है। इनमें जिंदा कारतूस,26 अलग अलग जिंदा गोली बरामद की गयी है। ये गोली अमेरिका एवं सर्बिया की है।जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार सीमा से सटे जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलदेवा से चेरीधाम जाने वाले रास्ते में स्थित झरना पहाड़ के पास किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित माओवादी संगठन की ओर से हथियार और गोली जमीन में छुपाकर रखा गया है। यहां बता दें कि यह इलाका 15 लाख रुपए के इनामी नीतेश यादव उर्फ इरफान का है। नीतेश के अलावा संजय यादव उर्फ गोदराम, इनताज अंसारी उर्फ ठेंगन मियां अन्य पांच माओवादी के द्वारा यहां हथियार छुपाने की जानकारी मिली थी।छतरपुर के एसडीपीओ अवध किशोर यादव, अंचल निरीक्षक द्वारिका राम, पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने झारखंड जगुआर के साथ उस इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। झरना पहाड़ की तराई के पास से एक प्लास्टिक के झोले में छुपाकर रखा पैकेट बरामद किया गया। एसओपी का पालन करते हुए उसे खींचकर बाहर निकाला गया। उसे खोलने के बाद एक पुराना बिना ढक्कन का स्टील का कैन मिला। उसमें 0.22 एमएम का 914 जिंदा कारतूस, पैन्दे पर 30-06 एसपीआरजी पीपीयू लिखा हुआ 54 जिंदा कारतूस एवं 30-06 एसपीआरजी एसएंडजी लिखा हुआ 26 जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## धनबाद के मैथन चेकपोस्ट पर 5.67 लाख रुपए व 3 पेटी बियर जब्त

धनबाद (ईएमएस)। झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा पर मैथन में बने चेकपोस्ट पर शुक्रवार की सुबह पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो वाहनों से 2.75 लाख रुपए व दोपहर में तीसरे वाहन से 2.92 लाख रुपए नगद बरामद किया है। इस तरह कुल 5.67 लाख रुपए बरामद किए गए। साथ ही एक कार की डिक्की से तीन पेटी बियर की बोतलें जब्त की गई।मैथन थाना पुलिस ने रुपयों के साथ पकड़ाए दोनों लोगों को पूछताछ के बाद चेतवानी देकर छोड़ दिया है।वहीं, जिस कार से बियर बरामद की गई है। कार चालक मो. शमीम ने पुलिस को बताया कि कार चिरकुंडा के चौधरी ब्रदर्स के मालिक अभिषेक गड्डुयान की है।वह सुबह कार मालिक के बच्चों को आसनसोल स्कूल छोड़कर वापस चिरकुंडा लौट रहा था।डिक्की में बियर की बोतलें पहले रखी हुई थीं। उसे इस संबंध में ज्यादा कुछ मालूम नहीं है।पुलिस कार को जब्त कर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान मो. आमिर हसन अंसारी नामक व्यक्ति से 2.25 लाख रुपए बरामद किया गए हैं।वह पिकअप वैन से जा रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि वह मछली व्यवसायी है और चितरंजन में मछली बेचकर धनबाद लौट रहा था।दूसरा व्यक्ति आकाश कुमार सिंह कार से जा रहा था।उसके पास से 50 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में उसने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है।वह आसनसोल से अपने घर धनबाद लौट रहा था।वहीं, दोपहर में पकड़ी गई कार के मालिक सोमोदीप भट्टाचार्यी ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से बिल्डर है।वह बोकारो से पेमेंट लेकर वर्द्धमान जा रहा था। झारखंड बॉडर पार कर वह अपने दोस्तों के साथ मां कल्याणेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए गया।इसके बाद दोस्तों को घुमाने मैथन डैम ले गया।इसी दौरान जांच में रुपए पकड़े गए।

### एनडीए गठबंधन पर झामुमो का तंज, कहा

## पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले आज दस पर अटके

रांची(ईएमएस)। झामुमो ने एनडीए गठबंधन पर तंज कसा है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गठजोड़ का स्वरूप दिखा।आजसू पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी।अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पाएंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को मतगणना के दिन पता चल पाएगा। जेडीयू पर निशाना साधते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार में है, जिसकी बैशाखी पर दिल्ली में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गए।एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे।मगर झारखंड में यह गठजोड़ नहीं चलेगा, आगामी




13 एवं 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पाएंगे। रही बात भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ उसने बनाया है।सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी। अभी तो इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी। एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं।मगर हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चयताप करो, फिर संघर्ष करो तब ही मिलेगी एंट्री. उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में आज दो दलित नेता शामिल हुए।उन्होंने बताया कि वो जहां थे, वहां न तो उन्हें बोलने की आजादी थी, ना अपने लोगों के लिए कुछ करने की।वे लोग घुटन महसूस कर रहे थे।इससे पता चलता है कि भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों में आदिवासी, दलित और वंचित समाज के लोगों की क्या स्थिति है, क्या सोच है।


### झामुमो में एक नहीं हजारों आने को तैयार, मगर हमने कह दिया अभी नो एंट्री

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी. अभी तो इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी. एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं.

मगर हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चयताप करो, फिर संघर्ष करो तब ही मिलेगी एंट्री. उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में आज दो दलित नेता शामिल हुए. उन्होंने बताया कि वो जहां थे, वहां न तो उन्हें बोलने की आजादी थी, ना अपने लोगों के लिए कुछ करने की. वे लोग घुटन महसूस कर रहे थे.

इससे पता चलता है कि भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों में आदिवासी, दलित और वंचित समाज के लोगों की क्या स्थिति है, क्या सोच है.

## आचार संहिता लगने के बाद खूंटी में की जा रही है सघन वाहन जांच




खूंटी(ईएमएस)।चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मुख्यालय डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर शुक्रवार को एनएच स्थित कालामाटी के समीप सभी वाहनों की जांच करने उतरे। हाथ जोड़कर गाड़ियों से उतरने का आग्रह करने कर गाडियों की बारीकी से जांच के बाद जाने की इजाजत दी गई।आचार संहिता लगने के बाद खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार से वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दी गई है। एनएच 75ई में कालामाटी के पास बैरिकेटिंग लगाई गई है। खूंटी जिले के सभी सीमावर्ती इलाकों में बैरिकेटिंग लगाए गए हैं। लोधमा, रानियां, मरचा, कालामाटी, बिंदा, अड़की के सीमावर्ती इलाके में अलग अलग टीम बनाकर वाहन चेकिंग अभियान जोर शोर से की जा रही है। वाहन चेकिंग में हेलमेट, बाइक, स्कूटी, कार समेत अन्य वाहन शामिल हैं। वाहन चेकिंग अभियान द्वारा कई बाइक में बाइक सवार बगैर हेलमेट के नजर आए। साथ ही अधिकांश बाइक में ट्रिपल राइडिंग करते युवा देखे गए। कालामाटी में हेडक्वार्टर डीएसपी ने शुक्रवार को बगैर हेलमेट के बाइक सवार युवाओं को रोका और कहा कि उन्हें परिवहन संबंधी सभी नियम कानूनों की जानकारी दी जाएगी और काउंसिलिंग भी की जायेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश



गिरिडीहः सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विस्पुते ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त आदर्श आचार संहिता का दृढ़ता से अनुपालन करने तथा इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, वल्नेरेबल मैपिंग, क्रिटिकल एंड नॉन क्रिटिकल से संबंधित अन्य विषयों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली गई। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने क्रिटिकल और वलनरेबल बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही बूथों पर एएमएफ के बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैंप की सुविधा को सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फेक न्यूज़ या फेक वीडियो पर निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये जिला प्रशासन कटिबद्ध है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत नियमों का उचित पालन कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही C-VIGIL, सुविधा ऐप आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ सभी अंचल अधिकारी, गिरिडीह अनुमंडल क्षेत्र/सभी थाना प्रभारी, गिरिडीह अनुमंडल क्षेत्र व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## विकाश भगत के मृत्यु के उपरांत उनके आश्रिता पत्नी रेणु कुमारी को पन्द्रह लाख रूपये का चेक उपलब्ध कराया गया



गिरिडीहः जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के द्वारा दिनांक 28.03.2024 द्वारा प्राधिकृत अ० नि० (स) श्री सुबल चन्द्र राय, आई० आर० बी० 09, गिरिडीह के उचित पहचान पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए विधि व्यवस्था संधारण हेतु गठित इक्को -68 के आरक्षी 365 विकाश भगत के मृत्यु के उपरांत उनके आश्रिता पत्नी श्रीमति रेणु कुमारी, ग्राम बरनाग, थाना- किस्कों, जिला लोहरदगा को अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में चेक मो० 15.00 (पन्द्रह लाख) रूपये मात्र का चेक उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन शाखा के प्रधान लिपिक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिसमें दम होगा वही खम में उतरेगा : अमर बाउरी



बोकारो । चंदनकियारी के चुनावी रण में तीसरी बार उतरे राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और चंदनकियारी के वर्तमान विधायक अमर बाउरी का कहना है कि जिसमें दम होगा वही खम में उतरेगा । मतलब साफ है कि भाजपा विधायक इसबार भी इस सीट पर फतह हासिल करने के लिए पूरे दम-खम के साथ चुनावी मैदान में उतरेंगे । या कहें कि उतर चुके हैं । बताते हैं कि चंदनकियारी कि तीसरी बार प्रतिनिधित्व करने को आतुर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी क्षेत्र में अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों की दुहाई देकर जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं । उनका कहना है कि उनके कार्य काल में चंदनकियारी क्षेत्र में जिस तरह गांव देहात को मुख्य सड़क से जोड़ कर सड़कों का जाल बिछाया गया है और हर घर में नल जल की व्यवस्था की गयी है उसका इस चुनाव में उन्हें फायदा मिलेगा । उनका यह भी कहना है कि उनके पिछले दोनों कार्य काल में जिस तरह चंदनकियारी क्षेत्र का विकास हुआ है ऐसा पूर्व में कभी नही हुआ था । बकौल श्री बाउरी चंदनकियारी की जनता प्रबुद्ध है और चुनाव में वह अपने विवेक से अपने प्रतिनिधि का चयन करेगी । यह दीगर है कि क्षेत्र की जनता किसे अपना विधायक चुनती है और क्षेत्र का कितना विकास करा पाती है ।

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल एप में करें शिकायत

### जिम्मेदार नागरिक होने का दें परिचय,100 मिनट में होगा समाधान

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने जिलावासियों से किया अपील

गिरिडीह : विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन को रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल एप जारी किया है। इसी के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने जिलेवासियों से अपील किया है कि वह एमसीसी उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल एप के माध्यम से करें और एक जिम्मेवार नागरिक होने का परिचय दें। प्राप्त सभी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। 100 मिनट के भीतर कार्रवाई होगी।




### क्या है सी विजिल ऐप...

सी-विजिल ऐप का अर्थ जागरूक नागरिक है। इसमें फास्ट ट्रैक कम्प्लेन, रिसेप्शन और निवारण प्रणाली विकसित की गई है। सी-विजिल ऐप चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता और उम्मीदवारों के खर्च संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए एक अभिनव मोबाइल फोन ऐप्लिकेशन है,जो लाइव फोटो व वीडियो ही कैप्चर करता है।

### ऐसे कर सकते हैं शिकायत...

विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान अगर कोई भी प्रत्याशी मतदाताओं को पैसा,शराब बांटने का अनुचित प्रयोग कर रहा है। तो इस ऐप के माध्यम से आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं, इस ऐप पर फोटो/वीडियो अपलोड करने का ऑप्शन रहता हैं। इसके बाद 100 मिनट के भीतर कार्रवाई होती है।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन...

विधानसभा चुनाव के दौरान अगर कोई प्रत्याशी या पार्टी का कार्यकर्ता आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो कोई भी आम आदमी उसके खिलाफ सी-विजिल ऐप पर शिकायत दर्ज कर सकता है। जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गठित उड़न दस्ता दल (एफएसटी) उन सभी लोगों के विरूद्ध कार्रवाई और रिपोर्ट करेगी।

### सी-विजिल ऐप इस्तेमाल करने का तरीका...

ये ऐप सिर्फ लाइव फोटो व वीडियो ही नहीं आटो लोकेशन भी कैप्चर करता है,ताकि उड़न दस्ता दल को कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिल सकें, हालांकि इसके लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी होना मोबाइल फोन में जरुरी है, मोबाइल फोन में कैमरा, इंटरनेट कनेक्टिविटी और लोकेशन ऑन होना जरुरी है। अब आपको शिकायत के लिए किसी को भी रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं है। सी-विजिल ऐप जागरूक नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और उड़नदस्ता की स्थिति को निगरानी दल से तत्काल जोड़ता है।

### किन लोगों के खिलाफ हो सकती है शिकायत...

बता दें कि सी-विजिल ऐप के माध्यम से नियमों का उल्लंघन करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा आप चुनाव आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी को किसी भी विभाग के अधिकारी/कर्मी जो अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के विरूद्ध कुछ भी गलत या नियमों का उल्लंघन करता है, तो आप उसकी भी शिकायत कर सकते हैं।

# विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त पोस्टल बैलेट को लेकर उप नगर आयुक्त ने की बैठक



### पोस्टल बैलट से मतदान करने के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का उचित अनुपालन होगा

गिरिडीह :- विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त पोस्टल बैलेट को लेकर उप नगर आयुक्त ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान विधानसभा चुनाव में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने पर विमर्श किया गया। साथ ही उप नगर आयुक्त ने सभी विभागों से पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले अधिकारियों/कर्मियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही बताया गया कि विधानसभा चुनाव 2024 के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी वोट दे सकेंगे। उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाएगी। जिले में पोस्टल बैलेट वोटरों का डाटाबेस तैयार होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रेलवे, बीएसएनएल, अग्निशमन, जीआरपी, एफसीआई, पीठासीन व मतदान पदाधिकारी, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, सुरक्षा कर्मी, चुनाव में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों के चालक सहित लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कर्तव्य के लिए किसी भी रूप में प्रतिनियुक्त व्यक्ति का डाटाबेस तैयार किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलट से मतदान करने के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन होगा। एक बार जो भी कर्मी पोस्टल बैलट से मतदान करने के लिए फॉर्म जमा करेंगे। उन्हें पोस्टल बैलट से ही मतदान करना होगा। बैठक में उपरोक्त के आलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहयोगी पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोषांग, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत निर्वाचन विभाग के अधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे।

## राहुल कुमार महतो ने सुदेश कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में मुलाकात की



धनबाद। झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष बिनोद बिहारी महतो के पोता और झारखंड के चाणक्य कहे जाने वाले राजकिशोर महतो के पुत्र आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह अधिवक्ता राहुल कुमार महतो ने रांची में आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर बिनोद बिहारी महतो के पारंपरिक टुंडी विधान सभा सीट से दावा पेश किया। राहुल महतो ने दावा कि टुंडी विधान सभा क्षेत्र बिनोद बिहारी महतो का कर्म क्षेत्र रहा है। बिनोद बाबू ने पहली बार टुंडी विधान सभा से 1980 व 1990 में झामुमो से विधायक बने। यहां के आदिवासी मूलनिवासी दलित पिछड़े वर्ग के लोगों पर शोषकतत्वों के खिलाफ शिवाजी समाज सामाजिक संगठन बनाकर टुंडी विधान सभा क्षेत्र से ही आंदोलन की शुरुआत किया था। जो झारखंड क्षेत्र के साथ साथ पश्चिम बंगाल उड़ीसा छत्तीसगढ़ तक आंदोलन फैला था। 1973 में 4 फरवरी को बिनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में धनबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया। जिसमें बिनोद बिहारी महतो संस्थापक अध्यक्ष बने। वहीं राज किशोर महतो ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर समता पार्टी से 1999 में टुंडी विधान सभा चुनाव लड़े। फिर आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में 2014 में आजसू भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़े और जीत हासिल किया। 2019 में आजसू का भाजपा से गठबंधन टूटने से राज किशोर महतो को हार का सामना करना पड़ा। राहुल महतो ने दावा किया कि बिनोद बिहारी महतो के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए टुंडी विधान सभा से मौका देने का मांग किया है। आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड में किसी भी पार्टी का राजनीतिक शुरुआत बिनोद बाबू के नाम के साथ होती है। लेकिन उनके परिवार के साथ कोई खड़ा नहीं रहते है। लेकिन आजसू ही है एक पार्टी है जो झारखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्ष शील परिवारों के साथ खड़ा हैं। और पार्टी इस पर विचार करेगी। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी नेता शंकर किशोर महतो महादेव महतो भवानी महतो तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार महतो सिया राम सिंह देवनारायण महतो बबलू महतो रंजीत महतो विजय साव आदि मौजूद थे।

## प्रजनन दर में कमी लाने के लिए चलाएं जन-जागरूकता अभियान डॉ0 पुष्पा

रांचीः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, परिवार नियोजन कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ0 पुष्पा ने कहा है कि प्रत्येक महीने की 11 तारीख को परिवार कल्याण दिवस के रूप में मनाएं। यदि इस तिथि में कोई अवकाश हो तो एक दिन पूर्व या एक दिन बाद इस कार्यक्रम को आयोजित करें। शुक्रवार को वह रांची सदर अस्पताल सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक में बोल रही थीं। इस कार्यक्रम में पाकुड़, दुमका, साहेबगंज और गोड्डा जिले के स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। वहीं हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह और जामताड़ा के लिए यह कार्यक्रम 21 तारीख को, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम एवं सिमडेगा के लिए 22 तारीख को, धनबाद, बोकारो, गुमला एवं चतरा के लिए 25 तारीख को, पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं देवघर जिलों के लिए इसी माह की 28 तारीख को एवं रांची, रामगढ़, लोहरदगा एवं खूंटी के लिए यह कार्यक्रम 04 नवंबर 2024 को रांची के सदर अस्पताल सभागार में होना सुनिश्चित है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सिद्धू कान्हु मैदान में मनाया महर्षि वाल्मीकि जयंती सह शरद पूर्णिमा उत्सव

रामगढ़।आरएसएस के स्वयं सेवकों ने गुरुवार की रात को सिद्धू कान्हु मैदान रामगढ़ में महर्षि वाल्मीकि जयंती सह शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया । शाखा लगाकर संघ प्रार्थना की गई और खीर प्रसाद ग्रहण किया गया. इस दौरान एकल व सामूहिक गीत का दौर चला. साथ ही राष्ट्र व समाज के अलावे भारतीय सभ्यता व संस्कृति के हित में प्रेरणादायक उद्बोधन दिये गए. उत्सव में खुले आसमान के नीचे खीर प्रसाद को रखा गया और धूप दीप जलाये गये. मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन पूर्ण चंद्रमा के साथ आकाश से अमृत की वर्षा होती है. लिहाजा खुले आसमान के नीचे रखे गये खीर प्रसाद के साथ अमृत भी ग्रहण करते हैं. इस अवसर पर रितेश कश्यप ने कहा कि शरद पूर्णिमा को लोग लक्ष्मी पूजा, कोजागरा सहित कई नामों से जानते हैं. सनातन धर्म में नवरात्र सबसे महत्वपूर्ण पर्व है. भारतीय जीवन पद्धति इसका सर्वाधिक महत्व है. कहा कि दूध में बना हुआ खाद्य पदार्थ आसमान के नीचे रखकर शरद पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाते हैं. बताया कि शरद पूर्णिमा की रात स्वयंसेवक के लिए खुद की समीक्षा करने के लिए है. राष्ट्रहित



और हिंदुत्व की रक्षा करने के कर्तव्य को निखारने के लिए भी है. कहा कि समाज में जाति की नहीं बल्कि हिंदुत्व की बात होनी चाहिए. स्वयंसेवक मतलब हिंदुत्व की रक्षा करना तथा तन मन जीवन समर्पित कर भारतीय संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करना भी है. आज के समय में इतिहास से सबक लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है. उन्होंने सभी स्वयंसेवक से नियमित रूप से प्रातःकालीन शाखा लगाने का आग्रह भी किया।

महर्षि वाल्मीकि किसी एक जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज के लिए श्रद्धा के केंद्र हैं। संघ किसी धर्म या संप्रदाय के विरुद्ध नहीं है, परंतु संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने के प्रति कृत संकल्पित है। समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआ-छूत और उच्च-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त कर संगठित और सशक्त समाज का निर्माण करने के लिए प्रयासरत है।

विषमता इतनी विचित्र हो गई है कि हमने अपने संतों को, देवों को सबको बांट लिया। वाल्मीकि जयंती केवल वाल्मीकि बस्ती में ही क्यों हो? भगवान वाल्मीकि जी ने रामायण तो पूरे हिन्दू समाज के लिए लिखी है इसलिए वाल्मीकि और रविदास जयंती सब मिलकर मनाएं। सारे पर्व, त्योहार पूरा हिंदू समाज मिलकर मनाएं। इस मौके पर मुख्य रूप जिला सह संघचालक चंद्र बहादुर , अजित कुमार, संतोष कुमार, छोटू वर्मा, नितेश मोदी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक एवं समाज महिला- पुरुष मौजूद थे।

## इस्पात भवन में महिला समिति के स्वाद सदन का उदघाटन



बोकारोः बीएसएल के इस्पात भवन स्थित कैंटीन में महिला समिति के "सुरभि" की तीसरे शाखा "स्वाद सदन" का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी तथा महिला समिति बोकारो की अध्यक्षा श्रीमती अनिता तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजना एवं अतिरिक्त प्रभार एमएम) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता, अधिशासी निदेशक (एसआरयू) श्री पी के रथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय, महिला समिति की उपाध्यक्षगण एवं कार्यकारिणी कमिटी के सदस्य सहित बीएसएल के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे. महिला समिति संचालित सुरभि जो अपनी शुद्धता और ताज़ा खाद्य सामग्री के लिए प्रसिद्ध है, अब इस्पात भवन में भी स्वाद सदन के माध्यम से अपने उत्पाद लोगों तक पहुँचाने के लिए तैयार है. निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने इस्पात भवन में "स्वाद सदन" के उदघाटन के मौके पर महिला समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी.

# अपर समाहर्ता बिजय सिंह बिरुआ ने की मीडिया कोषांग के अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक





### बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी (मीडिया कोषांग) द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई

गिरिडीहः वरीय पदाधिकारी (मीडिया कोषांग)-सह-अपर समाहर्ता, श्री बिजय सिंह बिरुआ की अध्यक्षता में मीडिया कोषांग के अधिकारियों व कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग के द्वारा सभी अधिकारियो व कर्मियों को उनके दायित्वों और कर्तव्यों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान किसी राजनीतिक दल/ अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में मतदान हेतु प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी (मीडिया कोषांग) द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी चैनल आदि पेड न्यूज पर निगरानी रखनी होगी। नियमित समाचार पत्र की कतरन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह फेक न्यूज/ चुनावी पोस्ट/वीडियो आदि की भी जांच करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपरोक्त के आलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त समेत जिला जनसंपर्क कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

बोकारोः 18 अक्टूबर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में "आर्टिफिशल इंटेलिजेंस व्यक्ति की सत्यनिष्ठा और विचारशील नैतिक तर्क करने की क्षमता को कमजोर करती है " विषय पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद के साथ मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा उपस्थित थे. कार्यक्रम में कुल 12 विद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और संबोधित किया. वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री वी.के. सिंह भूतपूर्व मुख्य महाप्रबंधक (एल एंड ए), श्री मणिकांत धान, महाप्रबंधक(जन संपर्क) एवं प्रमुख संचार तथा महिला समिति से श्रीमती ऋचा प्रियदर्शनी (लेखिका एवं सचिव महिला समिति) उपस्थित थे.

अंग्रेजी में संपन्न वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स स्कूल की तृषा सिन्हा को प्रथम स्थान और इसी विद्यालय के रिशोन मार्टिस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल के ऋतिक कश्यप को तृतीय स्थान और पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के डेनियल अहमद को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया.

हिंदी के वाद-विवाद प्रतियोगिता में पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के अर्पण कुमार और इहा सिंह को क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल की अनुष्का आर्या को तृतीय स्थान तथा गुरु गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल की आकृति मिश्रा को सान्तवना पुरस्कार के लिए चुना गया. कार्यक्रम के विजेताओं को दिनाँक 02.11.2024 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा.

## बी एस एल के सतर्कता विभाग के द्वारा अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम



बोकारोः सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत आज दिनाँक 18 अक्टूबर को बी एस एल के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया जिसमे विभिन्न विभाग के कुल 29 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे. कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) तथा श्री संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्देश्य बी एस एल के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, शासन, आचरण नियम, साइबर सुरक्षा, क्रय इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था. इस इंटरैक्टिव कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा किया. कार्यक्रम का सञ्चालन श्री संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा किया गया.

## संक्षिप्त ख़बरें

### जहरीली शराब के धंधे से जुड़े लोग राजद पार्टी से : विजय सिन्हा

पटना (ईएमएस)। बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों पर प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। सिन्हा ने दावा किया कि इसके पीछे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लोगों का हाथ है। शराब के धंधे में शामिल लोगों को टिकट देने का काम राजद करती है।डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा कि नीतिश सरकार मुद्दे पर गंभीर है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। नीतिश सरकार आरोपियों पर कार्रवाई कर रही है और सभी शराब माफियाओं पर सख्ती से कार्रवाई होगी। जब मैं विपक्ष में था, तब मैंने इन मुद्दों पर सवाल उठाए थे, लेकिन तब तेजस्वी कुछ नहीं बोलते थे। नीतिश सरकार इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता से विचार कर रही है, पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई थी। हम उन लोगों की पहचान कर रहे हैं जो इन घटनाओं के पीछे हैं। बिहार के गरीबों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।राजद पर हमला कर कहा कि राजद नेता अपने पिछले बयानों पर ध्यान दें, जब उन्होंने शराबबंदी के लिए समर्थन किया था। आज भी शराबबंदी बिहार में पूरी तरह से लागू है। हम सभी को मिलकर इस लागू करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बिहार में शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई होगी। राजद के लोग भी शराबबंदी के समर्थन में थे, इसलिए अब उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपराधियों को बचाने का खेल बंद करें। उन्होंने चिराग पासवान द्वारा उत्तर प्रदेश में उम्मीदवार उतारे जाने पर कहा, जनता मालिक है, जनता जो फैसला करेगी वह स्वीकार होगा। प्रशांत किशोर बिहार में चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि इस तरह की पार्टी हर चुनाव के पहले आती है।

### रामनाम का पटका डालकर हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर गिरिराज, जेडीयू का किनारा

पटना (ईएमएस)। गले में रामनाम का पटका डालकर हिंदू स्वाभिमान यात्रा के लिए निकले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह काफी चर्चा में हैं। यात्रा को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सिंह जानबूझकर माहौल को खराब कर रहे हैं और उनके बयानों से साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है।कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि बहराइच की घटना यह हम सभी के लिए एक बड़ी सीख है। उधर, बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्रीय मंत्री सिंह की यात्रा पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि इससे उनकी पार्टी और एनडीए को कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति अपनी निजी यात्रा के लिए स्वतंत्र है, और बताया गया हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने भी यात्रा से किनारा कर लिया है।उधर, केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि वह महादेव से यह नहीं कहने गए कि वह हिंदू परिवार में पैदा हुए हैं। उनका लक्ष्य हिंदुओं को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने बहराइच की घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जो केवल मुस्लिम वोट के लिए है। गिरिराज सिंह की यात्रा से राजनीतिक बहस के बाद अब बिहार नई सियासती बहस का हॉटस्पॉट बनता दिख रहा है।गिरिराज सिंह की यात्रा पहले चरण में सीमांचल में भागलपुर से शुरू हुई जो कटिहार, पूर्णिया, अररिया और 22 अक्टूबर को किशनगंज पहुंचकर खत्म होगी। हिंदू जनजागरण और एकजुटता का लक्ष्य लेकर सीमांचल के इलाके में गिरिराज सिंह की यात्रा को लेकर सियासी उबाल पैदा हो गया है।

### गुड़ की शराब बनाने एक्सपायरी दवा और सल्फास मिलाते हैंः गोपाल मंडल

पटना (ईएमएस)। बिहार के कुछ जिलों में जहरीली शराब पीने से करीब 40 लोगों की मौत हुई है, अभी कई लोगों का हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है, मौतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस बीच जेडीयू के सीनियर नेता गोपाल मंडल ने जहरीली शराब से हो रही मौतों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, जहरीली शराब पीकर गरीब मरता है। यहां गुड़ की शराब में एक्सायरी टैबलेट और सल्फास मिला दिया जाता है। जो आदमी बर्दाशत नहीं कर पता हैं औ मर जाता हैं।जेडीयू नेता मंडल ने कहा कि इस स्थिति को सुधारते के लिए एक कमेटी बनाई जानी चाहिए। पुलिस सजग है, लेकिन शराब बनाने वालों से थानेदार मिला हुआ है। इसकारण इन लोगों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिला अधिकारी ठीक हो जाएं, तब सब कुछ ठीक हो जाएगा।बिहार के सीवान, छपरा और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब से अब तक करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है। 40 मौतों के बाद पुलिस एक्शन में है। पुलिस ने उत्पाद विभाग की टीम के साथ मिलकर बैकुंठपुर, मांझा और बरौली थाना क्षेत्र के दियारे इलाके में ताबड़तोड़ छापेमारी की है, जिसमें भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई है। बता दें कि जहरीला शराब पीने से सबसे ज्यादा मौतें सिवान जिले में हुई हैं, जहां करीब 30 लोगों की जान जा चुकी है।वहीं पुलिस के द्वारा दियारे इलाके में ड्रोन कैमरे की मदद से शराब की भट्ठियों की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया जा रहा है। पुलिस ने अर्धनिर्मित शराब को नष्ट करने के साथ-साथ शराब बनाने वाले उपकरणों, गैस चूल्हों, ड्रम और गैलनों को भी मौके पर नष्ट कर दिया। पुलिस ने अब तक 140 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की है। इस दौरान 5,000 लीटर से ज्यादा देशी शराब को नष्ट किया गया है।

### जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 37 से हुई पार, 12 की हालत नाजुक

पटना,(ईएमएस)। सारण और सिवान जिले में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 37 से अधिक हो गई है। इसके अलावा 12 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। सिवान जिले में सबसे अधिक मौत भगवानपुर प्रखंड के माघर गांव तथा उसके आसपास के गांवों में हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन के लापरवाही के कारण माफिया शराब की बिक्री कर रहे है। जिससे आज इतने बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है।माघर पंचायत के मुखिया मनमोहन मिश्रा ने बताया कि 16 अक्टूबर की सुबह उन्हें सूचना मिली कि गांव के मोहन महतो को आंखों से दिखाई नहीं दे रहा है। सूचना मिलने पर वे मोहन महतो के घर पहुंचे और पूछे कि उसने शराब तो नहीं पी है। इस पर परिजनों ने बताया कि हां शराब पी है। इसके बाद उसे अस्पताल भिजवाया। थोड़ी देर के बाद एक और युवक की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली, उसे भी अस्पताल भिजवाया गया। इसके बाद लगातार लोग बीमार होते गए और अस्पताल जाने लगे। इसके बाद से गांव में हाहाकार मच गया। माघर पंचायत में जहरीली शराब पीने से मरने वालों में मुन्ना मियां, दारा मांझी, संतोष कुमार, मोहन साह, प्रभुनाथ राम, रामू , बुआई साह तथा विनय महतो शामिल हैं। वहीं अस्पताल में भर्ती लोगों में शैलेश शाह, दिनेश राम, मनोज महतो, जयशंकर शर्मा, सुनरदेव राय, भोला शर्म, मकबूल हाशमी, सुनील नट तथा शैलेश यादव शामिल हैं। सभी मृतक दैनिक मजदूरी करने वाले हैं। माघर गांव के लोगों का कहना था कि चोरी छिपे हर ओर शराब मिल रही है। मजदूर लोग तो काम से थकने के बाद शाम को शराब की तलाश करने लगते हैं। जब उन्हें आसानी से मिल जाएगी तो पियेंगे ही। लोगों का कहना था कि अगर प्रशासन सख्त रहती ऐसी नौबत नहीं आती। शराब कांड के बाद माघर गांव में प्रशासन की टीम लगातार दौरा कर रही है। गुरुवार की शाम मद्य निषेध विभाग के सचिव सिवान के डीएम तथा एसपी के साथ पहुंचे। मृतकों के परिजनों से बातचीत कर जनकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी घर-घर जाकर जांच कर रही है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस को देखकर बोला विदेशी पत्रकार वाओ, यूरोप की नहीं है ये ट्रेन

समस्तीपुर(ईएमएस)। वंदे भारत एक्सप्रेस के चर्चे वैसे तो पूरी दुनिया में हैं लेकिन जिस विदेशी पत्रकार ने इसे देखा वो काफी उत्साहित हैं। सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रशंसक विदेश में भी हैं। हाल ही में यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात के एक पत्रकार ने वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का वीडियो साझा किया है। उन्होंने इसकी तुलना विदेश की आधुनिक ट्रेनों से की है। देश को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस 15 परवरी 2019 को मिली थी। तब ट्रेन नई दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी रूट पर दौड़ी थी। अब इनकी संख्या 100 के पार हो चुकी है।यूएई के पत्रकार हसन सजवानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का है। उन्होंने लिखा, नहीं यह यूरो रेल नहीं है...। यह भारत की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1 सितंबर को ही बीईएमएल के बेंगलुरु रेल कॉम्पलैक्स में पहली स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। इस ट्रेन में यूएसबी चार्जिंग, इंटीग्रेटेड रीडिंग लाइट, पब्लिक अनाउंसमेंट, सिक्युरिटी कैमरा, मॉड्युलर पैंट्री, दिव्यांगों के लिए खास बर्थ और टॉयलेट जैसी सुविधाएं हैं। खास बात है कि इससे पहले लॉन्च हुई वंदे भारत में सिर्फ बैठकर ही यात्रा कर सकते थे।

# आरपीसीएयू समस्तीपुर में दीक्षारंभ कार्यक्रम, चरित्र निर्माण और शिक्षा के समग्र विकास पर जोर



समस्तीपुर : डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में शुक्रवार को नए छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ उनके समग्र व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करना था। कुलपति डॉ. पीएस पांडेय ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित कर कहा कि विश्वविद्यालय का दीक्षारंभ कार्यक्रम विशेष रूप से छात्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसके तहत छात्रों को योग, हेल्थ हाइजीन, टेबल मैनर्स, पेंटिंग और संगीत जैसी गतिविधियों के माध्यम से समग्र विकास के लिए विभिन्न माड्यूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डॉ. पीएस पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों को केवल शैक्षिक ज्ञान ही नहीं बल्कि उनके चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही, विश्वविद्यालय में लगभग 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाता है, जिससे छात्रों को नौकरी की चिंता नहीं करनी चाहिए और अपनी शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कुलपति ने छात्रों को पूसा के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें गर्व करने के लिए प्रेरित किया कि वे इस कृषि और ऋषि की भूमि पर अध्ययन करने आए हैं।

#### मुख्य अतिथि का प्रेरक संदेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पत्रकार सुधांशु रंजन ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्हें विनम्रता और अहंकार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने महान वैज्ञानिकों जैसे आइंस्टीन के उदाहरणों का हवाला देते हुए बताया कि किस प्रकार विनम्रता और ध्यान केंद्रित सोच से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें न केवल अपनी व्यक्तिगत सफलता पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि देश की प्रगति के बारे में भी सोचना चाहिए और अपने लक्ष्य को ऊंचा रखना चाहिए।

#### छात्र हित में किए गए बदलाव

कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार ने बताया कि दीक्षारंभ की शुरुआत पूसा विश्वविद्यालय से हुई है। अब इसे यूजीसी और आईसीएआर के निर्देशानुसार पूरे देश के विश्वविद्यालयों में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. पांडेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में छात्रों के हित में कई बदलाव किए गए हैं, जिनमें नियमों को सरल बनाना और छात्रों की सुविधा के लिए नए कदम उठाना शामिल है। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा देश भर में अच्छे प्रदर्शन का उदाहरण देते हुए उन्होंने नए छात्रों को इससे प्रेरणा लेने की बात कही।

#### विशेषज्ञों और शिक्षकों की मौजूदगी

इस अवसर पर निदेशक शिक्षा डॉ. उमाकांत बेहरा, निदेशक अनुसंधान डॉ. ए. के. सिंह, डीन पीजीसीए डॉ. मयंक राय, डीन बेसिक साइंस डॉ. अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉ. राम सुरेश वर्मा, डीन कम्युनिटी साइंस डॉ. उषा सिंह, डॉ. राकेश मणि शर्मा, डॉ. महेश कुमार और सूचना पदाधिकारी डॉ. कुमार राज्यवर्धन समेत अन्य वरिष्ठ शिक्षक, वैज्ञानिक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंजनी कुमारी ने दिया। इस दीक्षारंभ कार्यक्रम ने नए छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में संतुलन बनाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

### कुख्यात अपराधी विशाल सिंह को कोर्ट परिसर में मारी गोली

गोपालगंज : कुख्यात अपराधी व कैदी विशाल सिंह को गोपालगंज में अपराधियों ने गोली मार दी। गोलीबारी में एक कैदी भी घायल हो गया। विशाल सिंह की हालत गंभीर है। दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि विशाल सिंह किसी मुकदमे की पेशी में गोपालगंज कोर्ट में आया हुआ था। हादसे में एक अन्य कैदी को गोली लगने की सूचना मिल रही है। जैसे ही गोली लगने की सूचना न्यायालय परिसर में फैली कि न्यायालय में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। वकील से लेकर केस की पैरवी करने आए लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। कोर्ट परिसर में पहुंची पुलिस सभी लोगों को कोर्ट परिसर से हटा रही है, लेकिन विशाल सिंह के समर्थक वहां से हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं दो अपराधियों के पकड़े जाने की भी सूचना मिल रही है। गोलीबारी की जानकारी मिलते ही एसपी और सदर एसडीपीओ कोर्ट परिसर में पहुंच गए हैं। हालांकि एक अन्य कैदी की भी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। विशाल सिंह पिछले चार वर्षों से जेल में बंद है। उसके ऊपर दो दर्जन से अधिक हत्या, लूट फिरौती सहित कई संगीन मामले दर्ज हैं।

## सड़क हादसे में बुझ गया घर का चिराग



पटना : पटना के फतुहा पटना फोरलेन पर नारायणा चौक के पास बाइक अनियंत्रित हो कर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। युवक की पहचान ट्रांसपोर्ट नगर पटना निवासी अशोक शर्मा के सत्रह वर्षीय पुत्र रौनक कुमार के रूप में हुई है। युवक घर से जिम के लिए प्रतिदिन की तरह घर से निकला था फतुहा किसलिए आया था, कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। लेकिन, फतुहा से लौटने के दौरान नारायणा चौक के पास बाइक अनियंत्रित हो कर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस युवक के शव थाना ले आई।

#### फतुहा से लौटने के दौरान हादसा

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रौनक माता-पिता का इकलौता संतान था। अब घर का चिराग बुझ गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के एनएमसीएच के लिए भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि युवक रौनक पटना के भूत नाथ रोड में जिम जाता था। प्रतिदिन की तरह आज भी जिम के लिए घर से निकला था। फतुहा से वापस लौटने के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची फतुहा थाना के गश्ती टीम ने युवक की लाश को घटना स्थल से उठाकर थाना ले आई।

## भीषण हादसे में दो महिलाओं की मौत, 12 लोग घायल

औरंगाबाद : औरंगाबाद के दाउदनगर में दाउदनगर-गया पथ पर मंडल उप कारा के पास शुक्रवार की दोपहर तीन वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दाउदनगर से एक निजी बस तेज गति से गोह की ओर जा रही थी। इसी दौरान दाउदनगर मंडल उप कारा के पास बस की सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे बस से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पीछे से आ रहे तेज गति में आ रहे हाईवा ने भी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### घायलों को बस से निकाला गया

मरने वालों में दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर जेसीबी लाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को खड़ा किए जाने के बाद घायलों को बस से निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान एवं एसआई आरती कुमारी सदल बल मौके पर पहुंचीं और जांच में जुट गईं।

#### जांच में जुटी औरंगाबाद पुलिस

आननफानन में पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए दाउदनगर के अनुमंडल अस्पताल लाया। यहां कुछ को प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। शेष का दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करने के साथ ही मृत महिलाओं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## 360 एसएसबी जवान देश को समर्पित नेपाल और भूटान सीमा पर देंगे योगदान



सुपौल : सुपौल के आसनपुर कुपहा स्थित एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 360 नव आरक्षियों (सामान्य) ने पासिंग आउट परेड में भाग लिया और देश की सेवा के लिए खुद को समर्पित किया। यह बैच एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र से देश को समर्पित होने वाला सातवां बैच है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसबी सीमांत मुख्यालय पटना के महानिरीक्षक सैयद नैयर हसनैन खान थे। उन्होंने समारोह को संबोधित कर कहा कि इन जवानों ने कठिन प्रशिक्षण पूरा कर अब देश की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए तैयार हैं। ये जवान भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमा पर तैनात किए जाएंगे, साथ ही देश के नक्सल प्रभावित और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी योगदान देंगे।

#### प्रशिक्षण के दौरान दिखाया दमखम

इन जवानों में असम, उत्तर प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओड़ीशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से नव आरक्षी शामिल थे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न कलाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन कर अपनी योग्यता साबित की। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें विराट त्यागी, यशपाल राव, अंकित, हेमंत हरिजन, रवि शर्मा, देवुदला धिललेस्वारा राव, वेद कुमार और दीपू एस.पी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कोर्स के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक नरपत राम खटीक को भी सम्मानित किया गया।

#### बैंड की रंगारंग प्रस्तुति और अधिकारीगण की मौजूदगी

समारोह में सीमांत मुख्यालय पटना के पाइप बैंड और ब्रास बैंड की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### नदी में डूबने से मौत



गोपालगंज : गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थानाक्षेत्र के शीतलपुर गांव के पास नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। मृतक की पहचान गोपालगंज नगर थानाक्षेत्र के रामनाथ शर्मा मार्ग निवासी अनिल कुमार सिन्हा के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक, रामनाथ शर्मा मार्ग निवासी अनिल कुमार सिन्हा अपनी बाइक से बैकुंठपुर थानाक्षेत्र के लाला छपरा में अपने एक रिश्तेदार के घर गए थे। रिश्तेदारी से वापस लौटने के दौरान शीतलपुर गांव के पास नदी के किनारे चले गए। जहां अचानक उनका पैर फिसल गया, जिससे वह पानी में डूबने लगे। आसपास किसी के न होने के कारण वह उसी में डूब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बैकुंठपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। साथ ही परिजनों को इसकी जानकारी दी। उसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देख विलाप करने लगे।वहीं, इस मामले में बैकुंठपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। नदी में डूबने से मौत होने की बात कही जा रही है।

# 35 भारतीय छात्रों अमेरिका के व्हाइट हाउस में स्वागत

पटना : अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन और फर्स्ट लेडी जिल बाईडेन के आमंत्रण पर एक अनूठे एवं ऐतिहासिक क्षण में 35 भारतीय विद्यार्थियों का व्हाइट हाउस में स्वागत किया गया। यह विद्यार्थी राष्ट्रीय संगठन डेक्सटेरिटी ग्लोबल के राष्ट्रीय स्कॉलर डेवलपमेंट प्रोग्राम द्वारा प्रारंभिक किशोरावस्था में पहचाने, चिन्हित एवं कई वर्षों तक प्रशिक्षित किए गये हैं और वर्तमान में दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में छात्रवृत्ति पर स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। वर्ष 2008 में स्थापित डेक्सटेरिटी ग्लोबल एक राष्ट्रीय संगठन है जो शैक्षणिक अवसरों और प्रशिक्षण के माध्यम से भारत एवं विश्व के लिए नेतृत्व की अगली पीढ़ी तैयार करने में कार्यरत है। इसकी आधिकारिक घोषणा डेक्सटेरिटी ग्लोबल के संस्थापक और सीईओ शरद विवेक सागर द्वारा सोशल मीडिया पर की गई। बिहार के छोटे शहरों और गांवों में पले-बढ़े सागर ने 16 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय संगठन डेक्सटेरिटी ग्लोबल की स्थापना की। संगठन का लक्ष्य निम्न और मध्यम आयवर्ग से आने वाले किशोरों एवं युवाओं को प्रशिक्षित करना और उन्हें भारत की राष्ट्रीय यात्रा को शक्ति प्रदान करने के लिए स्कॉलर एवं लीडर के रूप में अपनी शैक्षणिक यात्रा का उपयोग करने में सक्षम बनाना है।

#### "क्वीन यंग लीडर्स" की सूची में शामिल किया

आज 16 वर्ष बाद संगठन से प्रशिक्षित युवाओं ने दुनिया भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों से 275 करोड़ से भी अधिक की छात्रवृत्ति प्राप्त की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के पटलों पर युवा राजदूतों के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार एवं फ़ेलोशिप जीती हैं, 1,000 से भी अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की है और कई सामाजिक परियोजनाओं का सृजन किया है। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रोफेसर अभिजीत बनर्जी ने डेक्सटेरिटी को "एक असामान्य संस्थान" कहा, जबकि द टेलीग्राफ ने डेक्सटेरिटी से प्रशिक्षित किशोरों एवं युवाओं को "भारत का भविष्य" बताया। इस कार्य के लिए सागर और डेक्सटेरिटी को 2012 में रॉकफेलर फाउंडेशन ने "सदी के 100 सामाजिक नवप्रवर्तकों" की शताब्दी सूची में शामिल किया, 2016 में फोर्ब्स पत्रिका ने विश्व के 30 सबसे प्रभावशाली युवाओं की सूची में सूचीबद्ध किया और 2018 में इंग्लैंड की महारानी एलिज़ाबेथ ने सागर को "क्वीन यंग लीडर्स" की सूची में शामिल किया।

#### अमेरिकी ट्रेजरी में एक घंटे लंबी गहन चर्चा की

व्हाइट हाउस में चार घंटों के दौरान, डेक्सटेरिटी के 35 ग्रेजुएट्स और फेलोज़ को वरिष्ठ व्हाइट हाउस नेतृत्व से बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ जेफ ज़ाइंट्स भी शामिल थे।

व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ के साथ बातचीत के बाद, समूह ने अमेरिकी ट्रेजरी में एक घंटे लंबी गहन चर्चा की, जहाँ उन्होंने प्रमुख अधिकारियों के साथ वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया। डेक्सटेरिटी के ग्रेजुएट्स और फेलोज़ की इस ऐतिहासिक यात्रा में व्हाइट हाउस के कई प्रतिष्ठित हॉल, कमरों और उद्यानों का विशेष दौरा भी शामिल था।

#### प्रशासन से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए

व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय में सर्वोच्च पदस्थ अधिकारी होते हैं। समूह के साथ अपनी व्यक्तिगत बातचीत के दौरान, व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ जेफ ज़ाइंट्स ने कहा, "आप सभी सर्वश्रेष्ठ में से भी सर्वश्रेष्ठ हैं।" व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ ने अपनी जीवन यात्रा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में अपनी शानदार उपलब्धियों से मिली सीख, और राष्ट्रपति ओबामा और राष्ट्रपति बाइडेन के साथ नेतृत्व के अनुभवों को साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के नेतृत्व और प्रशासन से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए।

#### राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी के आमंत्रण पर स्वागत

प्रत्येक वर्ष, डेक्सटेरिटी के ग्रेजुएट्स और फेलोज़, जो विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई कर रहे हैं, एक वैश्विक शहर में 3-दिवसीय "ओवरसीज़ मीटअप और रिट्रेनिंग प्रोग्राम" के लिए एकत्रित होते हैं। इससे पहले इसका आयोजन बॉस्टन, शिकागो, लंदन और केम्ब्रिज में हो चुका है, जहाँ डेक्सटेरिटी के विद्यार्थियों का स्वागत हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों ने किया है। वहाँ उन्हें ओलंपियन्स, नोबेल पुरस्कार विजेताओं, सार्वजनिक सेवकों, नवप्रवर्तकों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ सीधा संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। इस वर्ष ओएमआरपी का आयोजन अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन, डी.सी. में हुआ और डेक्सटेरिटी के ग्रेजुएट्स और फेलोज़ का अमेरिकी राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी के आमंत्रण पर व्हाइट हाउस में स्वागत किया गया।

#### सागर को "2024 यंग ग्लोबल लीडर" चुना

आमंत्रित 35 विद्यार्थियों में चार छात्र संघ अध्यक्ष, एक दर्जन से अधिक छात्र सेनेटर, उच्चतम स्नातक और स्नातकोत्तर पुरस्कार प्राप्तकर्ता, पूर्व संयुक्त राष्ट्र के युवा राजदूत एवं न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित कलाकार और लेखक शामिल हैं। यह छात्र भारत के विभिन्न राज्यों से आते हैं, कई भाषाएं बोलते हैं, और वैश्विक संस्थानों में भारत का गौरव पूर्ण प्रतिनिधित्व करते हैं। विद्यार्थियों के साथ व्हाइट हाउस में डेक्सटेरिटी ग्लोबल के संस्थापक और सीईओ शरद विवेक सागर भी उपस्थित थे। इसी वर्ष सागर को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने "2024 यंग ग्लोबल लीडर" चुना। सागर ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा चुने जाने वाले भारत के सबसे युवा और बिहार से पहला बनकर इतिहास रचा। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम को अपने विश्व-प्रसिद्ध डावोस शिखर सम्मेलन के लिए जाना जाता है।

#### एकमात्र भारतीय के रूप में आमंत्रित किया

2016 में सागर राष्ट्रीय एवं वैश्विक खबरों में रहे जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें व्हाइट हाउस की एक विशेष सभा में एकमात्र भारतीय के रूप में आमंत्रित किया। उसी वर्ष सागर को नोबेल पीस सेंटर ने नोबेल पुरस्कार समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। सागर भारत के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में सबसे कम उम्र के और सबसे ज्यादा आमंत्रित विशेषज्ञों में से एक हैं। 24 वर्ष की आयु में फोर्ब्स ने उन्हें विश्व के 30 सबसे प्रभावशाली युवाओं की सूची में पहले बिहारी के रूप में शामिल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पन्नू मामला : अमेरिका द्वारा दी जानकारी को भारत ने गंभीरता से लिया : जायसवाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। खालिस्तान समर्थक और सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम कोशिश के सिलसिले में गठित भारतीय जांच समिति की अमेरिका में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद भारत ने कहा कि उसने अमेरिका द्वारा दी गई जानकारी को बहुत गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात कही। मामले के संबंध में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अभियोग में चिह्नित व्यक्ति के बारे में एक अन्य सवाल पर जायसवाल ने कहा कि वह व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। अमेरिका ने पूर्व में कहा था कि भारत सरकार ने पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों से निपटने में गंभीरता दिखाई है। भारतीय अधिकारियों की एक टीम ने हाल में वाशिंगटन में विदेश विभाग और न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। अमेरिका के आरोपों के बाद भारत ने साजिश के संबंध में अमेरिका द्वारा दी गई जानकारी की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति नियुक्त की। समिति के दो सदस्य अमेरिका गए और अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक कर बातचीत की।

### वायनाड उपचुनाव : प्रियंका गांधी के सामने भाकपा के सत्यन मोकेरी मैदान में उतरे

वायनाड,(ईएमएस)। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के वरिष्ठ नेता सत्यन मोकेरी को वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मैदान में उतारा है। भाकपा के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने इसकी की घोषणा की। कोझीकोड जिले के नादापुरम निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व विधायक मोकेरी कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों के समाधान से संबंधित अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2014 में वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। कांग्रेस ने राहुल गांधी द्वारा खाली की गई वायनाड सीट से प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा है।

### कोलकाता के एक अस्पताल में आग लगी, मरीजों को सुरक्षित निकाला

कोलकाता,(ईएमएस)। कोलकाता के सियालदह ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दस दमकल गांड़ियां भेजी गईं और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग की घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर मरीजों को अस्पताल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पश्चिम बंगाल के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

### हरियाणा में इधर नायब सैनी की शपथ, उधर कांग्रेस में लगा बड़ा झटका 70 साल पुराने कांग्रेसी ने छोड़ी पार्टी

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। भाजपा ने चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। दूसरी ओर कांग्रेस को चुनाव के बाद भी झटके लगने जारी हैं। कांग्रेस के नेता एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने उनके साथ खराब व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।
कैप्टन यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी को टैग कर लिखा, मैंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष पद से तथा कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना त्यागपत्र कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी को भेज दिया है। कैप्टन यादव ने लिखा है कि इस्तीफा देने का यह निर्णय वास्तव में कठिन था, क्योंकि मेरे परिवार का 70 वर्षों से जुड़ाव था। मेरे पिता दिवंगत राव अभय सिंह 1952 में विधायक बने और उसके बाद मैंने पारिवारिक परंपरा को जारी रखा, लेकिन सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटने के बाद मेरे साथ खराब व्यवहार होने से पार्टी आलाकमान से मेरा मोहभंग हो गया है।

### बहराइच में जुमा की नमाज पर रहा पुलिस का सख्त पहरा, बाहरी लोगों पर रही रोक

बहराइच,(ईएमएस)। यूपी के बहराइच में हुई हिंसा के बाद हालात अभी भी गंभीर बने हुए है। वहां सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। सुरक्षा के लिए यहां रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स के जवानों को तैनात किया गया है। जुमे की नमाज में होने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लिए थे। हिंसा प्रभावित इलाकों को नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार इन इलाकों में तैनात हैं। जुमा की नमाज को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए और बहराइच में बाहरी लोगों के आने पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। वहीं सीएमओ भी लगातार पुलिस और जिला प्रशासन के संपर्क में बनाए हुए था। इसके लिए कंट्रोल रुम भी बनाया गया। वीडियो फुटेज के जरिए ही उपद्रवियों की पहचान हो रही है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### रामनाम का पटका डालकर हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर गिरिराज जेडीयू का किनारा

पटना (ईएमएस)। गले में रामनाम का पटका डालकर हिंदू स्वाभिमान यात्रा के लिए निकले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह काफी चर्चा में हैं। यात्रा को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सिंह जानबूझकर माहौल को खराब कर रहे हैं और उनके बयानों से साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है।
कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा कि बहराइच की घटना यह हम सभी के लिए एक बड़ी सीख है। उधर, बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्रीय मंत्री सिंह की यात्रा पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि इससे उनकी पार्टी और एनडीए को कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति अपनी निजी यात्रा के लिए स्वतंत्र है, और बताया गया हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने भी यात्रा से किनारा कर लिया है। उधर, केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि वह महादेव से यह नहीं कहने गए कि वह हिंदू परिवार में पैदा हुए हैं। उनका लक्ष्य हिंदुओं को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने बहराइच की घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जो केवल मुस्लिम वोट के लिए है। गिरिराज सिंह की यात्रा से राजनीतिक बहस के बाद अब बिहार नई सियासती बहस का हॉटस्पॉट बनता दिख रहा है। गिरिराज सिंह की यात्रा पहले चरण में सीमांचल में भागलपुर से शुरू हुई जो कटिहार, पूर्णिया, अररिया और 22 अक्टूबर को किशनगंज पहुंचकर खत्म होगी। हिंदू जनजागरण और एकजुटता का लक्ष्य लेकर सीमांचल के इलाके में गिरिराज सिंह की यात्रा को लेकर सियासी उबाल पैदा हो गया है।

### विमानों में बम होने की धमकी देने वालों की खैर नहीं, पुलिस ने एक्स से मांगी जानकारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले तीन दिनों में एक दर्जन विमानों में बम होने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। जांच में सभी धमकियां झूठी मिली हैं। कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को मिली बम की झूठी धमकियों पर अपनी जांच तेज कर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एक्स को पत्र लिखकर धमकी भरे संदेश पोस्ट करने वाले अकाउंट्स की डिटेल मांगी है।
दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बम धमकी के मामलों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल, इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) की एक टीम को भी जांच में शामिल किया गया है। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस ने धमकी भरे पोस्ट शेयर करने वाले हैंडल को निलंबित करने और पोस्ट हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया। अधिकारी ने कहा, ऐसा संदेह है कि हैंडलर ने एक्स पर अकाउंट सेट करने के लिए वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) या डार्क वेब ब्राउजर का इस्तेमाल किया और फिर एक से अधिक अकाउंट से संदेश पोस्ट किए। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस से भी संपर्क किया है और उन्होंने मामले में एफआईआर भी दर्ज की है।

# 2500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा प्रयागराज

## महाकुंभ-2025 को लेकर योगी का फूलफ्रुप प्लान, 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी



प्रयागराज (ईएमएस)। योगी सरकार महाकुंभ-2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। महाकुंभ से पहले पूरे शहर को भव्य रूप से सजाने का काम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी खास इंतजाम हो रहे हैं। पुलिस जहां चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी, वहीं, दूसरी ओर आधुनिक के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता करने की तैयारी चल रही है। इसमें सबसे अहम रोल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सीसीटीवी कैमरे निभाएंगे। पूरे शहर में 2500 से ज्यादा सीसीटीवी लगाने की तैयारी है। इसमें एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे भी शामिल है, जिन्हें सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में महाकुंभ के कामों को लेकर समीक्षा की थी। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि सीएम ने अधिकारियों को 15 दिसंबर तक सारे काम पूरे करने के निर्देश दिया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए गए है, ताकि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो। इसके बाद प्रयागराज में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है।
मेला अधिकारी आनंद ने बताया कि प्रमुख स्थानों और मेला क्षेत्र में एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है। अब तक एक हजार सीसीटीवी को विभिन्न स्थानों पर इंस्टॉल भी किया जा चुका है। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन को लगाया जाएगा। इसके जरिये विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों को डिस्पले किया जाएगा। महाकुंभ में करीब 25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।
महाकुंभ मेला को लेकर हेल्पलाइन 1920 के लिए डेडिकेटेड 50 सीटर कॉल सेंटर बनाया जा रहा है, जहां पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहने वाले है। यहां से पल-पल का अपडेट अधिकारियों के साथ शेयर किया जाएगा। वहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या फिर अगर किसी स्थान पर ज्यादा भीड़ एकत्रित होती है, तब संबंधित चौकी और थाने को सूचना दी जाएगी। ताकि वहां से भीड़ को कम किया जा सके। साथ ही भीड़ को एक जगह एकत्रित होने से रोकने के लिए रियल टाइम अलर्ट सीसीटीवी कैमरे अहम रोल निभाएगा।

## आप सरकार जागेगी तो दिल्ली की समस्याएं हल हो जाएंगी

### राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब, बीजेपी नेता शहजाद व तिवारी ने बोला हमला




नई दिल्ली,(ईएमएस)। राजधानी दिल्ली में एक बार फिर वायु गुणवत्ता खराब होने लगी है। सर्दी शुरु होने और दीपावली के पहले ही हवा का स्तर काफी नीचे पहुंच गया है। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने हमला बोला और कहा कि पिछले दस सालों से दिल्ली में आप सरकार प्रदूषण को कम नहीं कर पाई है। उन्होंने लोगों से दिल्ली विधानसभा चुनावों में बीजेपी का समर्थन करने का आग्रह किया है।
मनोज तिवारी ने कहा कि पिछले दस सालों से दिल्ली में काबिज आप सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है...प्रदूषण फिर से खतरनाक होता जा रहा है। नदी और हवा प्रदूषित हो रही है। लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह तो बस शुरुआत है। 4-5 महीने बाद चुनाव हैं, मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली को फिर से दिल्ली बनाने के लिए बीजेपी को मौका दें। आप सरकार तब जागती है जब कोई समस्या होती है। दिल्ली की समस्याएं उस दिन हल हो जाएंगी जिस दिन वे समस्या आने से पहले जागना शुरू कर देंगे।
वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिल्ली जहरीली गैस चैंबर बनती जा रही है और इसके लिए उन्होंने आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। शहजाद ने कहा इसके लिए आप की आरोप-प्रत्यारोप की प्रदूषित राजनीति जिम्मेदार है। पंजाब में पराली जलाने का क्या हुआ, जिसे अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण बताया था? बायो डीकंपोजर का क्या हुआ? पराली जलाना से पहले ही शुरू हो चुका है। अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार ने पटाखों पर बैन लगा दिया लेकिन प्रदूषण के इन कारणों का क्या, जो मुख्य कारण हैं? पंजाब में पराली जलाने के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। बीजेपी नेता ने आगे कहा कि आप और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है। शहजाद ने कहा कि वाहन प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, धूल, बायोमास जलाना, पिछले दस सालों में इनके बारे में क्या किया गया है? कुछ भी नहीं। स्मोक टावरों का क्या हुआ? स्मोक टावर बंद हो गए हैं। अब वे केवल दोष लगाने का खेल खेलेंगे। हमारे नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है और इसका कारण आप और केजरीवाल हैं।

## शरद पवार से जेड प्लस सुरक्षा लेने का आग्रह करेगी केंद्रीय एजेंसियां

मुंबई, (ईएमएस)। एनसीपी अजित पवार गुट के नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट हो गया है। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित खतरों की समीक्षा के बाद महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार से जेड प्लस सुरक्षा पाने के लिए संपर्क करने वाली है। मालूम हो कि केंद्रीय एजेंसियों ने पहले शरद पवार को जेड प्लस सुरक्षा दी थी लेकिन तब पवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया था। अब बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सूत्रों ने जानकारी दी है कि केंद्रीय एजेंसियां पवार से दोबारा संपर्क करेगी। सीआरपीएफ एक बार फिर शरद पवार से जेड प्लस सुरक्षा लेने का अनुरोध करेगी। अब देखना होगा कि शरद पवार क्या फैसला लेते हैं। पिछली बार जब शरद पवार को सुरक्षा देने का फैसला हुआ था तो खूब राजनीति हुई थी। शरद पवार ने केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों से कारण भी पूछा था। लेकिन उस समय सुरक्षा प्रदान करने का कारण गुप्त रखा गया था।

#### अब क्या फैसला लेंगे शरद पवार ?

बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद खतरे की आशंका बढ़ गई है। सीआरपीएफ के बार-बार अनुरोध को खतरे के रूप में खारिज नहीं किया जा सकता है। अगर सीआरपीएफ ने दोबारा सुरक्षा देने का अनुरोध किया तो निश्चित रूप से शरद पवार को खतरा है। शरद पवार को क्या है खतरा? इसकी जानकारी सिर्फ शरद पवार को दी गई है। इसके बारे में किसी और को कुछ नहीं बताया गया है। अब सबकी नजर इस पर है कि शरद पवार क्या फैसला लेते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव और पद को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा लेने के लिए पवार से संपर्क किया जा रहा है।

## कैप्टन रेनू का पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा

#### पति की मौत के बाद लगाया था मौत को गले

आगरा(ईएमएस)। फ्लाइंग लेफ्टिनेंट पति की खुदकुशी के बाद उनकी कैप्टन पत्नी ने भी दिल्ली कैंट स्थित आर्मी के गेस्ट हाउस में पंखे से लटक कर जान दे दी। महिला की पहचान राजस्थान के झुंझुनूं की रहने वाली रेनू तंवर के रूप में हुई है। वह आगरा में बतौर मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) कैप्टन तैनात थीं। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उनका शव स्वजन को सौंप दिया, जिसे बाद में आगरा ले जाया गया।
गेस्ट हाउस के अटेंडेंट ने उन्हें पंखे से फंदा लगाकर लटके देखा तो दिल्ली कैंट थाना पुलिस को कॉल किया। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा तोड़ा तो वह अंदर पंखे से लटकी हुई थी। क्राइम टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। इस दौरान उनके पास से एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में लिखा था कि उनका अंतिम संस्कार दीप के साथ ही किया जाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उनका शव स्वजन को सौंप दिया गया, जिसे बाद में आगरा ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के झुंझुनूं की रहने वाली रेनू तंवर आर्मी कैंट के गौरौता ऑफिसर्स गेस्ट हाउस में मां कौशल्या व भाई सुमित के साथ पहुंची थी। उनकी मां ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित हैं। उनकी मां कौशल्या को उनका भाई सुमित आपरेशन करवाने के लिए अस्पताल लेकर गए थे। इसी दौरान उन्हें पता लगा कि उनके पति दीनदयाल दीप ने आत्महत्या कर ली है।
आशंका जताई जा रही है कि इसी को लेकर वह तनाव में आ गई और उन्होंने भी गेस्ट हाउस में पंखे पर फंदा लगाया व जान दे दी। बता दें कि 14–15 अक्टूबर की रात पति ने आत्महत्या कर ली थी।

## उत्तराखंड में पोस्ट ऑफिस से सैकड़ों लोगों के खाते से पैसे हो गए गायब

### मामले सामने आते ही पोस्टमास्टर फरार, पुलिस कर रही जांच

बागेश्वर,(ईएमएस)। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के सिमगढ़ी उप-डाकघर में करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यहां 1500 से ज्यादा खाताधारकों की जीवनभर की जमा पूंजी गायब हो गई। यह घटना तब सामने आई जब खाताधारकों ने अपनी पासबुक ऑनलाइन चेक कराई। इस दौरान पता चला कि खातों से गायब है।
जानकारी के मुताबिक यह मामला तब सामने आया, जब पोस्टमास्टर फरार हो गया। खाताधारकों ने कमेड़ीदेवी पोस्ट ऑफिस पहुंचकर अपनी जमाराशि के बारे में जानकारी ली। बागेश्वर के सिमगढ़ी, मझेड़ा और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग अपनी पासबुक लेकर डाकघर पहुंचे थे। पोस्ट ऑफिस में जब लोगों ने अपनी पासबुक देखी तो उसमें तो लाखों रुपए की जमा राशि थी, लेकिन जब ऑनलाइन चेक किया तो खातों में मामूली राशि ही दिखाई दे रही थी।
इस दौरान 70 वर्षीय शारदा देवी ने चार साल में दो लाख रुपए जमा किए थे, लेकिन अब उनके खाते में मात्र दो हजार रुपए ही बचे। इसी तरह राकेश राठौर ने 12 लाख की फिक्स्ड डिपॉजिट की थी, उनके खाते में शून्य राशि दिखाई दे रही है। इस धोखाधड़ी की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना पुलिस को दी गई।
लोगों ने इस मामले को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है। खाताधारकों का आरोप है कि उन्हें धोखे में रखा गया और उनकी मेहनत की कमाई को हड़प लिया। मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। बागेश्वर के सिमगढ़ी उपडाकघर में हुई इस धोखाधड़ी को लेकर लोग परेशान हैं। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नई सौगात : खाना डिलीवर करने वालों को भी मिलेगा बीमा और पेंशन



नई दिल्ली (ईएमएस)। फूड डिलीवरी या कैब सर्विस से जुड़ी कई ऐप्स के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को सरकार बड़ा तोहफा दे सकती है। खबर है कि सरकार गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म आधारित नौकरियां करने वालों को बीमा और पेंशन मिलने जैसी व्यवस्था चालू करने की तैयारी कर रही है।
केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया का कहना है कि हम कोड लागू होने तक ऐसे लोगों को उनके अधिकारों से दूर नहीं रख सकते हैं। गुरुवार को मांडविया ने कहा, हम नियम लागू होने तक उन्हें उनके अधिकारों से दूर नहीं रख सकते। हमें उससे पहले नीति लेकर आनी होगी।उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल फरवरी में बजट से पहले सोशल सिक्युरिटी फ्रेमवर्क लागू करने की कोशिश करेंगे। खास बात है कि कुछ राज्यों ने गिग वर्कर्स के लिए कानून भी बनाए हैं। मंत्री का कहना है कि मंत्रालय सभी सुझावों पर गौर कर रहा है, क्योंकि यहां कोई कर्मचारी और नौकरी रखने वालों के बीच संबंध नहीं है। साथ ही सबसे बड़ी बात है कि ऐसे कर्मचारियों की सोशल सिक्युरिटी के लिए वो योगदान कहां से आएगा, जो उन्हें नौकरी पर रखने वालों की तरफ से किया जाता है।दरअसल, गिग वर्कर्स ऐसे लोगों को कहा जाता है जो आमतौर पर अस्थाई नौकरियां करते हैं। वह स्वतंत्र कॉन्ट्रेक्टर या फ्रीलांसर के तौर पर काम करते हैं। खास बात है कि ऐसे कर्मचारियों के पास काम करने का समय तय करना जैसी सुविधाएं भी होती हैं। ये प्रोजेक्ट आधारित नौकरियां भी करते हैं। नीति आयोग का अनुमान है कि देश में 65 लाख गिग वर्कर्स हैं, लेकिन आंकड़ा दो करोड़ के पार हो सकता है।फ्रेमवर्क लागू होने के इस फैसले को श्रम कानून में शामिल प्रावधानों की सॉफ्ट लॉन्चिंग भी कहा जा रहा है। दरअसल, ऐसा इसलिए क्योंकि लेबर कोड लागू करने के लिए अभी सभी राज्य तैयार नहीं है।

## यूपी सरकार ने की एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम योजना तैयार

### इस बार अयोध्या के दीपोत्सव में आप भी घर बैठे हो सकेंगे शामिल



लखनऊ,(ईएमएस)। यूपी के अयोध्या में बने राम मंदिर के लोकार्पण के बाद होने वाले पहले दीपोत्सव पर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी चल रही है। वहीं, अयोध्या से दूर बैठे रामलला के भक्तों को भी इस दीपोत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम योजना तैयार की है, जिसके जरिए घर बैठे श्रद्धालु भी दीपोत्सव में दीया जला सकेंगे। लोग दीये की बुकिंग करने के लिए ऑनलाइन दान कर सकेंगे, उसके बाद प्रसाद उनके घर भेजा जाएगा।
रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 30 अक्टूबर को होने वाले आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने में यूपी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। यूपी सरकार ने दूर बैठे रामलला के भक्तों को इस आयोजन से जोड़ने की योजना तैयार की है। योजना के लिए एक लिंक भी शेयर किया गया है। इस लिंक के जरिए दीपोत्सव के लिए दीये की बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन दीपदान की ये योजना पिछले साल शुरू की गई थी लेकिन अनुमान है कि इस बार बहुत बड़ी तादाद में लोग इसके जरिए अयोध्या दीपोत्सव से जुड़ेंगे। प्रसाद को तैयार करने की जिम्मेदारी यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को दी है। इससे आजीविका मिशन से जुड़े लोगों को रोजगार मिलेगा, जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु ऑनलाइन अपनी स्वेच्छानुसार राशि दान स्वरुप दे सकते हैं।
सरयू के घाट पर मार्किंग का काम शुरू हो गया है। इस बार 25 लाख दीये जलाकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

# संपादकीय

कोयलांचल संवाद

## बातचीत से कनाडा ही नहीं इन देशों का भी निकलेगा हल

भारत और कनाडा के बीच काफी लंबे समय से चली आ रही तनातनी अब दोतरफा राजनयिक कार्रवाई तक पहुंच गई है। इससे दोनों ही देशों के रिश्ते रसातल पर पहुंच गए हैं। यह सही है कि कनाडा ने भारत पर बहुत ही गंभीर आरोप लगाए हैं। मुमकिन है कि ऐसा आगामी चुनाव को देखते हुए कनाडा ने किया हो। निज्जर और पन्नू तो एक बहाना है, असल मकसद तो चुनाव साधना है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पास जनता को बतलाने के लिए कुछ खास तो बचा नहीं है, ऐसे में भारतीय मूल के वोटरों के एक बड़े धड़े को खुश करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इस तरह से सियासी पैंतरेबाजी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर खूब चला है। नतीजा यह हुआ कि भारतीय उच्चायुक्त सहित छह राजनयिकों को निज्जर हत्याकांड से सीधे जोड़े जाने के चलते भारत ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर सहित छह राजनयिकों को देश छोड़ने को कह दिया और वहां से अपने राजनयिक बुलाने के आदेश दे दिए। अब चूंकि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों का जमावड़ा लगा हुआ है और उन पर कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। ऐसे में रिश्तों में दरार बढ़ना लाजमी है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम घातक होंगे, जिसे दोनों ही देश नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। ऐसे में कनाडा सरकार के लिए बेहतर यही होगा कि वह अपने देश में जमें अलगाववादियों के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करे और बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकाले। यदि ऐसा नहीं हुआ तो राजनयिकों के खिलाफ की गई दोतरफा कार्रवाई के अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक समीकरण पर भी इसका असर जरुर ही देखने को मिलेगा।

यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि निज्जर मामले के अलावा भारत को अलगाववादी और अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों का भी सामना करना पड़ रहा है। कनाडा से रिश्ते बिगड़ते देख अमेरिका भी मुखर हो गया है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जून 2023 में निज्जर की हत्या के बाद से कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो मानों बौखला गए हैं। उन्होंने पिछले साल ही 21 सितंबर को नई दिल्ली मे आयोजित जी20 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। तब से ट्रूडो निज्जर की हत्या में किसी भारतीय एजेंट के हाथ होने का आरोप लगाते आ रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने इन आरोपों को सिद्ध करने के कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किए। इससे भी जब दिल नहीं भरा तो कनाडा पुलिस ने अब एक नया संगीन आरोप लगाते हुए कह दिया कि कनाडा की नागरिकता वाले सिख अलगाववादियों को धमकाने के लिए पंजाब के लॉरेंस विश्नोई गेंग का इस्तेमाल भारत की ओर से हो रहा है। अब भले ही इस मामले में कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किए जा रहे हों, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत शक के दायरे में तो आता दिख ही रहा है। इससे अलगाववादी ताकतों को ही बल मिलेगा और आज नहीं तो कल ये ताकतें कनाडा समेत अन्य देशों के गले की फांस भी बनते देर नहीं लगाएंगी। यदि ऐसा नहीं है तो क्या कारण है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कनाडा की सड़कों पर भारत विरोधी प्रदर्शन होते हैं और नारे लगाए जाते हैं। यही नहीं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी लगाकर दिखाई जाती है और कनाडा का शासन-प्रशासन मूक दर्शक बना सब होते हुए देखता रहता है। कुछ ऐसा ही नजारा अमेरिका और ब्रिटेन में भी देखने को मिले। अब इसका विस्तार अन्य और देशों में भी हो सकता है, क्योंकि साझेदार देशों में इसे लेकर संवेदनशीलता तो देखने को मिलती ही है। आगे चलकर यदि ऐसा ही कुछ ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी देखने को मिले तो हैरानी नहीं होगी, क्योंकि इन देशों में सिख प्रवासियों की संख्या अच्छी खासी है। इस पर भारत सरकार को गौर करने की आवश्यकता है। इससे पहले कि मामला हाथ से निकले और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर इसे लेकर सियासत शुरु हो बातचीत के लिए एक माहौल तैयार करने की आवश्यकता है।

यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि कनाडा ने न केवल अमेरिका को इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी है, बल्कि अपने साझेदार अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक कर उन्हें भी यथास्थिति से अवगत कराने का बड़ा काम कर दिया है। इसलिए आशंका है कि भविष्य में भारत के इन देशों से भी रिश्ते पटरी से उतरते दिख सकते हैं। अंततः भारत के पड़ोसी देशों में जिस तरह के हालात बने हैं, उन्हें देखते हुए भारत को और मुल्कों से संभलकर रिश्ते कायम रखने होंगे। स्थिति बेहतर हो और सकारात्मक बातचीत के जरिए समस्याओं का समाधान निकले। इससे विश्वशांति की ओर अग्रसर होने का संदेश देने में भी भारत सफल हो सकेगा, जिससे विकास के तार भी जुड़े हैं।

## गठबंधन की मर्यादा में हीं शक्ति है



डा. भरत मिश्र प्राची

जब से देश में छोटे - छोटे अनेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभर आये तब से राष्ट्रीय राजनीतिक दलों का स्वयं का वजूद कमजोर हो गया। स्वयं के बल पर सत्ता में आना या सत्ता का विरोध करना आसान नहीं रहा। इस तारह के हालात में गठबंधन मजबूरी भी हो गई एवं जरूरत भी। जिस किसी भी राजनीतिक दल ने स्वयं भू में आकर गठबंधन की मर्यादा को तोड़ा , नुकसान में हीं रहा। इतिहास साक्षी है, कि जब से देश में गठबंधन की राजनीति शुरू हुई तब से गठबंधन की मर्यादा मे छिपी शक्ति को नकार कर स्वयं के बल पर जिसने भी चुनावी समर में खड़ा होने की चेष्टा की, उसे सफलता कम ही हाथ लगी। इसका ताजा उदाहरण अभी हाल हीं हरियाणा में दो विधान सभा चुनाव में देखने को मिला जहां हरियाणा में चुनाव से पूर्व कांग्रेस एवं आप में गठबंधन होना था पर सवयं भू के चलते दोनों दलों के बीच गठबंधन न हो पाने के कारण कांग्रेस के पास आती सत्ता छिटक गई। जहां चुनाव पूर्व सत्ता पक्ष भाजपा की वापसी नजर नहीं आ रही थी, कांग्रेस आप में गठबंधन नहीं होने से भाजपा को सत्ता में आने का फिर से मौका मिल गया। कोई माने या नहीं माने कांग्रेस के वोटों में आप ने सेंघ लगा दी जिससे सत्ता के पास आती कांग्रेस सत्ता से दूर हो गई। जम्मू कश्मीर में गठबंधन की मर्यादा का सही ढ़ंग से पालन होने से सत्ता वहां के क्षेत्रीय दल के हाथ लगी। देश में फिर दो विधान सभा चुनाव महाराष्ट्र एवं झारखंड में होने जा रहे है जहां क्षेत्रीय दलों का अपना प्रभुत्व है। वहां कोई भी दल एक दूसरे से कम नहीं। इस अहम भाव को छोडकर जो भी गठबंधन की मर्यादा का पालन ईमानदारी से करेगा, फायदे में रहेगा, जो मर्यादा को अहम में आकर तोड़ेगा, सहयोगी से छल करेगा, घाटे में रहेगा। आज समय बदल चुका हैं। देश की राजनीति गठबंधन पर निर्भर हो गई है जब कि कभी देश में एक ही राष्ट्रीय दल कांग्रेस का वजूद सर्वोपरि रहता। जिससे देश के हर कोने में कांग्रेस सत्ता में होती। फिर एक समय ऐसा आया देश के सभी अधिकांश राजनीतिक दल मिलकर कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़े सफलता भी मिली पर गठबंधन की मर्यादा तोड़ने से कांग्रेस को फिर से राजनीतिक लाभ मिला मंडल आयोग के उपरान्त देश में कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल उभर आये जिनका आज भी अपने अपने राज्य में वजूद कायम है जिसे नकारा नहीं जा जा सकता। आज कांग्रेस की जगह भाजपा सत्ता में है पर उसे भी गठबंधन की जरूरत है। राज्य के विधान सभा चुनाव हो या देश के लोकसभाचुनाव आज उभरे क्षेत्रीय दलों की स्थानीय ताकत को नकारा नहीं जा सकता। देश में केन्द्र की सत्ता के खिलाफ गठबंधन की प्रक्रिया शुरू तो हुई पर पर साफ मन न होने, अपने को किसी से कम न समझने, क्षेत्रीय दलों की ताकत को सहीं ढ़ंग से नहीं जान पाने, या नकारने के चलते राजनीतिक लाभ नहीं मिल सका, जितना मिलना चाहिए। गठबंधन यदि करना है तो इसकी मर्यादा का भी पालन करना होगा। गठबंधन से जुड़े दलों की ताकत का भी घ्यान देना होगा तभी गठबंधन की राजनीति सफल होगी। गठबंधन की मर्यादा में छिपी ताकत को पहचान कर छल कल बल रहित जो गठबंधन की मर्यादा का सही ढ़ंग से पालन करेगा, राजनीतिक लाभ उसे ही मिलेगा।

# डाकुओं और डॉन में जमीन -आसमान का फर्क

राकेश अचल

। मै एक जमाने में दुर्दांत डकैतों के लिए बदनाम चंबल इलाके से आता हूँ । मैंने अपने पत्रकारिता के कार्यकाल में डाकुओं की जितनी कहानियां बनाई और बेचीं उतनी शायद मुंबई के डॉन की कहानियां भी नहीं बिकी होंगीं। चंबल के डाकू दो दशक पहले हमेशा -हमेशा के लिए समाप्त हो गये। लेकिन मुंबई के डॉन आज भी ज़िंदा हैं । मुंबई के डॉन और चंबल के डाकुओं में बहुत फर्क है । डाकू कभी किसी की हत्या के लिए सुपारी नहीं लेते थे,लेकिन डॉन सुपारी लेते भी हैं और देते भी हैं।

डाकू हों या डॉन मीडिया के लिए हमेशा हाट केक की तरह बिकने वाले कथानक रहे है। आजकल मुंबई में ही नहीं पूरे देश में डाकुओं से ज्यादा डॉन की चर्चा हैं । डॉन लारेंस विश्नोई द्वारा हाल ही में दिल्ली और मुंबई में सुपारी देकर कराई गयी हत्याओं के बाद सुर्ख़ियों में हैं। भ्रष्ट नेताओं से ज्यादा खूखार डॉन सुर्ख़ियों में है। विश्नोईयों के बारे में धारणा है कि वे न केवल पर्यावरण प्रेमी होते हैं बल्कि काले हिरणों के सबसे बड़े संरक्षक भी होते हैं ,लेकिन इस विश्नोई समाज से यदि लारेंस डॉन बनकर निकला है तो हैरानी होती है । पता नहीं लारेंस का राजस्थान के विश्नोई समाज से कोई वास्ता है भी या नहीं। मैंने अपने पत्रकारिता के जीवन में देश के इस सदी के सबसे कुख्यात और रॉबिनहुड रहे डकैत देखे है। उनसे मिला हूँ । माधौ सिंह ,मोहर सिंह ,तहसीलदार सिंह, पान सिंह,निर्भय गूजर से लेकर फूलन देवी तक को मै खूब जानता था,लेकिन कोई इतना नृशंस नहीं था, जितना कि आजकल के डॉन हैं। डाकुओं ने हत्याएं कीं,अपहरण किये, गांव के गांव जलाये लेकिन उनकी करतूतों के पीछे की कहानियां कुछ और हुआ करतीं थीं। उनके मन में हिंसा के साथ दया-माया भी थी । वे रॉबिन हुड की तरह गरीबों की मदद भी करते थे और आततायियों को सबक भी सिखाते थे । डाकुओं ने कभी प्रदेश में बैठकर अपने गिरोह नहीं चलाये लेकिन मोदीकाल के डाकू अमेरिका में बैठकर अपने गिरोह चला रहे है। बीहड़ों के बजाय वातानुकूलित जेलों में रहकर गिरोह चला रहे है।

बात नए -नए डॉन लारेंस विश्नोई की हो रही थी । लारेंस विश्नोई हाल ही में एनसीपी [ अजित गुट ] के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सुर्ख़ियों में है। उसके निशाने पर एक लोकप्रिय अभिनेता सलमान खान के अलावा अनेक खान हैं। ये महज संयोग है या कोई नियोजित अभियान की लारेंस और सत्तारूढ़ दल के लक्ष्य एक जैसे ही है। कभी -कभी लगता है कि लारेंस ने या तो संघ और भाजपा का एजेंडा चुरा लिया है या वो इन संगठनों और दलों का अंधभक्त बन गया है। दोनों के निशाने पर अल्पसंख्यक ज्यादा हैं ,दुसरे लोग भी हैं लेकिन अल्पसंख्यक सबसे ऊपर है। कहने को तो बाबा सिद्दीकी जैसे लोग संजय दत्त के भी खैरख्वाह थे। दरअसल मै अपने नयी पीढ़ी के पाठकों को डॉन और डाकुओं में फर्क बताने की कोशिश कर रहा था । डाकू विषम परिस्थितियों में बीहड़ का रास्ता पकड़ते थे और डॉन सुनियोजित तरीके से मुंबई का रुख करते हैं। डॉन और डाकू पहले छोटी वारदात करते हैं ,बाद में किसी स्थापित गिरोह में शामिल होते हैं लेकिन बाद में अनुभव हासिल होते ही डॉन अपने स्वतंत्र गिरोह बना लेते हैं। जाति डॉन की भी होती है और डाकू की भी। हाजी मस्तान से लारेंस तक और मान सिंह से लेकर जगजीवन परिहार तक कहानियां एक जैसी हैं।दोनों कि जीवन पर फ़िल्में भी खूब बनतीं और चलतीं हैं। लेकिन डाकू दिलेर होते हैं और डॉन कायर। डाकू पुलिस से सीधे मुठभेड़ करते हुए मारे जाते हैं ,लेकिन डॉन कभी पुलिस से सीधे मोर्चा नहीं लेते । डाकुओं के गुर्गे नहीं होते लेकिन डॉन के होते हैं। डॉन विलासता का जीवन जीते हैं ,बड़े शहरों और बड़े देशों में रहते हैं किन्तु डाकू बीहड़ों में विषम परिस्थितयों में रहते हैं और उनके जीवन में विलासता भी बड़े ही निम्न स्तर को होती थी।

डॉन और डाकूओं में महिलाओं का प्रतिशत बहुत कम रहा है। गुजरात की लेडी डॉन की तरह एक जमाने में चंबल की महिला डाकू पुतली बाई एक किवदंती बन गयी थी। फूलन तो डाकू जीवन से मुक्त होकर संसद तक पहुंची। एक डाकू सरगना मलखान सिंह भी फूलन का अनुशरण करते हुए विधानसभा में पहुँचने के लिए बार-बार चुनाव लड़ा लेकिन कामयाब नहीं हुआ। डॉन भी किवदंती बने हैं ,लेकिन शायद ही कोई डॉन हो जो संसद तक पहुंचा हो,हालाँकि हाजी मस्तान ने डॉन बनने के बाद गाँधी टोपी पहनकर नेतागीरी की थी लारेंस को भविष्य में कोई हिंदूवादी पार्टी लोकसभा या विधानसभा चुनाव में टिकिट दे दे तो मै जानता नहीं। हाँ डाकुओं कि मंदिर हैं लेकिन डॉन कि नहीं। लोकतंत्र के लिए डाकू और डॉन समान रुप से उपयोगी रहे है। मै ऐसे तमाम नेताओं को जानता हूँ जो एक जमाने में चुनावों के वक्त चंबल में डाकुओं के प्रभाव का ,आतंक का इस्तेमाल खुलेआम करते थे। चंबल की ये कहानी मै महाराष्ट्र ,गुजरात और देश के हर हिस्से में दुहराते हुए देख रहा हू। अब हर राज्य में कोई न कोई डॉन किसी न किसी नेता को चुनाव जितने के लिए अपने प्रभाव और आतंक का इस्तेमाल करता है। डॉन और डाकू आतंक के कारण ही समाज में ज़िंदा हैं। अब डॉन और डाकुओं ने अपनी वर्दी बदल ली है। वे खादी से लेकर हुडी तक पहनने लगे हैं।

डाकुओं के समर्पण के लिए विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण से लेकर अर्जुन सिंह तक ने अथक प्रयास किये थे लेकिन डॉन को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किसी नेता ने किये हो तो मुझे मालूम नहीं। डॉन आज भी सुपारी ले और दे रहा है। हत्याएं करा रहा है। चौथ वसूली कर रहा है। डाकू ये सब छोड़ चुके हैं। वे या तो खेती कर रहे हैं या राजनीति या समाजसेवा। दुर्भाग्य कहूँ या सौभाग्य कि मुझे आजतक किसी डॉन से मिलने का सौभाग्य नहीं मिला,हालाँकि हमारे पूर्वज कहें या अग्रज स्वर्गीय वेद प्रताप वैदिक सीमा पर जाकर पाकिस्तान के डॉन हाफिज सईद से मिल आये थे। उनका और हाफिज जी का इंटरव्यू ठीक उसी तरह से सुर्खियां बना था जैसा की एक जमाने में फूलन और निर्भय के इंटरव्यू ।

बहरहाल डाकुओं की कहानी तो लगभग समाप्त हो चुकीहै किन्तु डॉन की फिल्म खत्म होने का नाम नहीं ले रही । डॉन की कहानी ने सीक्वल का रुप ले लिया है। एक जाता है तो दूसरा आ जाता है। ये तब तक चलेगा जब तक सियासत चाहेगी । जिस दिन सियासत और डॉन का रिश्ता दरकेगा डॉन की कहानी भी उसी तरह समाप्त हो जाएगी जैसे की डाकुओं की हुई है। डॉन ,डाकू और डाकिया तंत्र लोकतंत्र के लिए अभिशाप है। इनका खात्मा जितनी जल्द हो उतना अच्छा है। अन्यथा न मुंबई चैन से रह पायेगी और न दिल्ली।

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्रः सरकार से बड़ी उम्मीदें

ललित गर्ग

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार

ललित गर्ग



बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें।

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है।

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ''दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।'' देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ''भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अडंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है।' लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है।

वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर 'आमार सोनार बांग्ला' (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है।

हिन्दू धर्म भारत की संस्कृति एवं आत्मा है। हिन्दू धर्म संयम, त्याग और बलिदान का धर्म है। इसमें हमेशा दूसरे धर्मों को सम्मान देने का काम किया है। हिन्दू धर्म उदारता, प्रेम, आपसी सद्भाव और सहनशीलता पर आधारित धर्म है। हिन्दू धर्म की सहिष्णुता को कमजोर मानकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य लगातार होता रहा है। वैसे तो प्रत्येक धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं, किन्तु विकृत मानसिकता वाले लोगों ने हिन्दू धर्म को मध्यकाल से ही नीचा दिखाने की कोशिशें कीं। भारत पर लगातार आक्रांताओं के हमले होते रहे और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया। हिन्दुओं के लाखों मंदिर तोड़े गए।

हिन्दुओं से अपने ही देश में हिन्दू होने पर 'जजिया' यानि कर लगाया गया। पूर्व की सरकारों ने भी वोट की राजनीति के चलते हिन्दुओं को दोयम दर्जा पर रखा। फिर भी हिन्दू धर्म ने उदारता और सहनशीलता को नहीं छोड़ा।

अगर हिन्दू कट्टर होता तो अन्य धर्मों के लोग भारत में नहीं दिखते। देश बंटवारे के समय पाकिस्तान में 20 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दू थे लेकिन आज उनकी आबादी 2 प्रतिशत भी नहीं रही और भारत में मुसलमानों की आबादी 2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत नहीं होती। यह हिन्दू उदारता का ही परिणाम है। लेकिन प्रश्न है कि आखिर कब तक हिन्दू ऐसी अग्नि परीक्षा देता रहेगा? कब तक हिन्दू की सहिष्णुता को कमजोरी मानकर उन पर अत्याचार होते रहेंगे? कब तक हिन्दू शक्तिसम्पन्न होकर भी निर्बल बना रहेगा? इन सवालों के जबाव तलाशने होंगे वर्ना हिन्दुओं को अस्तित्वहीन करने की कोशिशें कामयाब होती रहेगी।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एकः अजय बंगा

वाशिंगटन (ईएमएस)। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। बंगा ने पत्रकारों से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की वृद्धि दर विश्व अर्थव्यवस्था के सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। मुझे लगता है कि इस तरह के माहौल में छह से सात प्रतिशत और उससे अधिक की दर से वृद्धि कर पाना आपको दिखाता है कि उन्होंने वहां तक पहुंचने के लिए कई कदम उठाए हैं।' विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अगले सप्ताह होने वाली वार्षिक बैठक से पहले बंगा ने यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में हुई अधिकतर वृद्धि घरेलू बाजार के दम पर मुमकिन हो पाई है जो कुछ मायनों में एक अच्छा संकेत है। भारत को जिन चीजों पर काम करने की जरूरत है और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि जीवन की गुणवत्ता, जैसे हवा तथा पानी की गुणवत्ता आदि पर काम करना जरूरी है। वहीं विश्व बैंक की प्रबंध निदेशक (परिचालन) एन्ना बेर्डे ने कहा कि बैंक सरकार को वृद्धि को रोजगार तथा टिकाऊ विकास में बदलने में सहायता कर रहा है। उन्होंने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

## ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का शुद्ध मुनाफा 70.24 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेईईएल) ने बताया कि सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 70.24 प्रतिशत बढ़कर 209.4 करोड़ हो गया है। यह बढ़ोतरी बेहतर लागत प्रबंधन से हुई है। पिछले साल सामना तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 123 करोड़ था। हालांकि, सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 18.93 प्रतिशत घटकर 2,034.4 करोड़ रही, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 2,509.6 करोड़ थी। इस तिमाही में जेईईएल को विज्ञापनों से 901.7 करोड़ और सब्सक्रिप्शन से 969.9 करोड़ की आय हुई।

## हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने कमाया 2,327 करोड़ का समेकित शुद्ध मुनाफा




मुंबई (ईएमएस)। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने सितंबर 30, 2024 को समाप्त तिमाही के अपने नतीजे घोषित किए। उन्होंने 34.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,327 करोड़ का समेकित शुद्ध मुनाफा दर्ज किया। कंपनी ने पिछले साल सामना तिमाही में 1,729 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कंपनी की आय जुलाई-सितंबर अवधि में बढ़कर 8,522 करोड़ हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की सामाना तिमाही में 7,014 करोड़ थी। एचजेडएल ने बताया कि कंपनी ने दूसरी तिमाही में जिंक, लेड और अन्य सेगमेंट से 6,403 करोड़ का राजस्व कमाया, जबकि सिल्वर वर्टिकल से 1,550 करोड़ की आय हुई। कंपनी के बोर्ड ने बैठक में एसआरआईपीएल या इसकी सहयोगी कंपनियों में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के लिए 327 करोड़ के निवेश को मंजूरी दी। एसआरआईपीएल को हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) की लंबी अवधि की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को लागू करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। हिंदुस्तान जिंक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी है और तीसरी सबसे बड़ी सिल्वर उत्पादक कंपनी है। कंपनी 40 से अधिक देशों को अपने उत्पादों की सप्लाई करती है और भारत के प्राथमिक जिंक बाजार में लगभग 75 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 218 , निफ्टी 104 अंक बढ़ा

### बैंकिंग और वाहन शेयरों में रहा उछाल

मुम्बई (ईएमएस)। घरेल शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही बैंकिंग और वाहन शेयरों में तेजी के बल पर आया है। इसके साथ ही गत तीन दिनों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। दिन भर के कारोबार के बाद अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 218.14 अंक करीब0.27 फीसदी बढ़कर 81,224.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 104.20 अंकों तकरीबन 0.42 फीसदी उछलकर 24,854.05 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एनटीपसी के शेयर सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआईI, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, रिलायंस और एमएंडएम के शेयर भी लाभ में रहे।




दूसरी ओर सेंसेक्स के 12 शेयर नीचे आये। इंफोसिस, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एचयूएल , टाइटन, आईटीसी, मारुति, पावर ग्रिड, बजाज फाइनैंस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नीचे आये।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 7,421.40 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। वहीं इससे पहले आज सुबह विदेशी निवेशकों के पैसा निकालने से बाजार की शुरुआत कमजोर हुई और सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 570.45 अंक नीचे आकर साथ 80,436.16 अंक पर आ गया था। वहीं इसी प्रकार से निफ्टी भी 178.3 अंक टूटकर 24,571.55 अंक पर आ गया था। मगर दोपहर बाद के सत्र में हुई जबरदस्त रिकवरी से बाजार उबरकर लाभ में आ गया।

# सोने के भाव में तेजी, चांदी फिर 92 हजार के पार

### सोने का भाव 77,565 रुपए, चांदी 92,650 रुपए के करीब

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है।

शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। इसके साथ ही सोने के वायदा भाव ने 77,565 रुपये के भाव पर अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव 77,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,650 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज



(एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 287 रुपये की तेजी के साथ 77,294 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 423 रुपये की तेजी के साथ 77,530 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 251 रुपये की तेजी के साथ 91,995 रुपये पर खुला। इस समय यह 915 रुपये की तेजी के साथ 92,659 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में आज सोनेचांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,707.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,707.50 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 15.90 डॉलर की तेजी के साथ 2,723.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.87 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.77 डॉलर था। इस समय यह 0.39 डॉलर की तेजी के साथ 33.16 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को भारतीय रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 84.06 रुपये पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस गुरुवार को रुपया 84.05 पर बंद हुआ था। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया गिरावट के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। नकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच कमजोर अमेरिकी मुद्रा स्थानीय इकाई को समर्थन देने में विफल रही। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ ही 103.59 पर रहा।

## विप्रो का तिमाही मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 32.3 अरब

मुंबई (ईएमएस)। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली विप्रो लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल मुनाफा इसके पिछले वर्ष की समान तिमाही के 26.7 अरब रुपये के मुकाबले 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 32.3 अरब रुपये पर पहुंच गया। विप्रो ने हाल ही में निदेशक मंडल की बैठक के बाद स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 32.3 अरब रुपये का सकल मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 26.7 अरब रुपये से 21 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी आय 232.5 अरब रुपये से बढ़कर 232.6 अरब रुपये पर पहुंच गई।

# वित्त मंत्री ने मैक्सिकों की कंपनियों को आमंत्रण दिया




नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मैक्सिको की कंपनियों से स्टार्टअप तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाशने और भारत की व्यापार अनुकूल नीतियों का लाभ उठाने का आग्रह किया। ग्वाडलजारा (मैक्सिको) के चैंबर ऑफ कॉमर्स में 'टेक लीडर्स राउंडटेबल' में अपने संबोधन में सीतारमण ने समान अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसरों तथा जिम्मेदारियों पर जोर दिया और बताया कि कैसे भारत तथा मैक्सिको एक दूसरे के साथ सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैक्सिको निकटवर्ती देशों के साथ सहयोग के जरिये समृद्ध हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है तथा प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम कम करने के लिए संयुक्त प्रयास भी संभव हो पाए हैं।वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, '' केंद्रीय वित्त मंत्री ने 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में तेजी से हो रहे बदलाव पर प्रकाश डाला। भारत तथा मैक्सिको के बीच वृद्धि एवं सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए, उन्होंने उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना के संबंध में की गई प्रमुख बजट घोषणा का उल्लेख किया। स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम मेधा (एआई), कृषि तथा टिकाऊ शहरों के क्षेत्रों में काम करने के लिए भारत में हाल ही में पहचाने गए तथा घोषित सीओई के बारे में जानकारी साझा की।उन्होंने कहा कि भारत तथा मैक्सिको स्टार्टअप के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग के जरिये इन क्षेत्रों में मिलकर काम करने की संभावनाएं तलाश सकते हैं।मंत्रालय ने कहा, '' केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतियां सिर्फ वृद्धि तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतर को पाटना तथा सभी के लिए अवसर उत्पन्न करना भी जरूरी है। इसके लिए जिम्मेदार पूंजीवाद की जरूरत है। ग्वाडलजारा स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्यालय (लैटिन अमेरिका) की यात्रा के दौरान वित्त मंत्री ने प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की।टाटा समूह के मानद चेयरमैन एवं वरिष्ठ उद्योगपति रतन टाटा का नौ अक्टूबर को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। सीतारमण 20 अक्टूबर तक अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मैक्सिको के अपने समकक्ष रोजेलियो रामिरेज़ डे ला ओ के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। संसदीय सहयोग को मजबूत करने तथा आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए वह मैक्सिको की संसद के कई सदस्यों के साथ भी चर्चा करेंगी।

### गोवा में धान की खेती को बढ़ावा देने किसानों को रियायतें दे रही राज्य सरकार



पणजी (ईएमएस)। गोवा में किसानों के लिए धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने कई उपाय लागू किए हैं। राज्य के एक कृषि अधिकारी ने बताया कि अब 23,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में धान की खेती की जाती है। 10,000-12,000 किसान सक्रिय रूप से इसकी खेती में लगे हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ती श्रम लागत तथा कुछ अन्य कारक राज्य के धान उत्पादकों के लिए बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि अधिक किसानों को धान की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने इस फसल के लिए सब्सिडी तथा सुनिश्चित न्यूनतम मूल्य की पेशकश करते हुए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जो सामुदायिक खेती से जुड़ी पहल के तहत प्रति हेक्टेयर 2.5 लाख रुपये का वित्तीय लाभ देता है। उन्होंने कहा कि बीज खरीदने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, जबकि खरपतवार हटाने के लिए 15,000 रुपये प्रति हेक्टेयर मंजूर किए गए हैं।

# जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था 4.6 फीसदी दर से बढ़ी



हांगकांग (ईएमएस)। चीन की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो अपेक्षा से कम है।ः
सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि धीमी हो रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही में अपेक्षा से कम 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो 2024 के लिए निर्धारित किए, करीब पांच प्रतिशत ' की वृद्धि के आधिकारिक लक्ष्य से कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने बयान में कहा कि जटिल तथा गंभीर बाहरी वातावरण और जटिल घरेलू आर्थिक वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था सामान्य रूप से स्थिर व निरंतर प्रगति कर रही है। वर्ष 2022 के अंत में कोविड-19 वैश्विक महामारी से जुड़ी पाबंदियां हटाए जाने के बावजूद अर्थव्यवस्था सुस्त बनी हुई है। उपभोक्ता विश्वास कम है और रियल एस्टेट बाजार अर्थव्यवस्था पर बोझ बना हुआ है। वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में चीन की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रही। तिमाही आधार पर सितंबर में समाप्त तिमाही में अर्थव्यवस्था 0.9 प्रतिशत बढ़ी, जबकि पिछली तिमाही में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चीन का कारखाना उत्पादन पहली तीन तिमाहियों में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ी। हालांकि, संपत्ति निवेश में 10.1 प्रतिशत की गिरावट आई और नए मकानों की बिक्री का मूल्य 22.7 प्रतिशत घटा जो आवास क्षेत्र में कमजोर रुख को दर्शाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में चीन ने बताया था कि सितंबर में उसके निर्यात में काफी कमी आई है, जो पिछले साल की तुलना में केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ा है। अगस्त में सालाना आधार पर इसमें 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आयात भी कमजोर रहा और इसमें केवल 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अनुमान से कम है।

# राप्ती एचवी टी30 बाइक भारतीय बाजार में लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस) । इलेक्ट्रिक स्टार्टअप राप्ती.एचवी ने अपनी पहली हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल राप्ती एचवी टी30 को लॉन्च कर दिया है। राप्ती एचवी टी30 की शुरुआत कीमत रुपए 2.39 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है। इसे चार रंगों—व्हाइट, रेड, ग्रे, और ब्लैक—में उपलब्ध कराया गया है। ग्राहक अब कंपनी की वेबसाइट से रुपए 1,000 में बुकिंग कर सकते हैं। कंपनी का दावा है कि यह बाइक 250-300 सीसी की पेट्रोल बाइक्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम है, जो पर्यावरण के अनुकूल और शक्तिशाली राइडिंग अनुभव प्रदान करती है। बाइक की डिलीवरी जनवरी 2025 से शुरू होगी, पहले बेंगलुरु और चेन्नई में, इसके बाद 10 अन्य शहरों में भी लॉन्च किया जाएगा। इस इलेक्ट्रिक बाइक में 5.4केडब्ल्यूएच की 240 वोल्ट बैटरी दी गई है, जो सिंगल चार्ज में 200 किमी तक की आईडीसी सर्टिफाइड रेंज




देती है। कंपनी के अनुसार, वास्तविक दुनिया में यह बाइक 150 किमी की रेंज प्रदान करती है। बाइक की पिक-अप 3.6 सेकंड में 0 से 60 किमी/घंटा है, और इसकी टॉप स्पीड 135 किमी/घंटा है। बाइक में तीन राइडिंग मोड्स कम्फर्ट, पावर और स्प्रिंट भी दिए गए हैं, जिससे राइडिंग का अनुभव और भी बेहतर होता है। इसकी बैटरी पर 8 साल या 80,000 किमी तक की वारंटी भी दी जा रही है। यह बाइक आईपी67 रेटेड बैटरी पैक से लैस है, जो धूल, धूप और पानी से सुरक्षित है। इसके अलावा, इसे सामान्य घरेलू सॉकेट से भी चार्ज किया जा सकता है और फास्ट चार्जर से 40 मिनट में 20 प्रतिशत से 80प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। राप्ती एचवी टी30 का डिज़ाइन स्पोर्ट्स बाइक जैसा है और इसमें एलईडी हेडलाइट्स, टचस्क्रीन डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, और ब्ल्यूटूथ कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं हैं।

## विलय के बाद भी विस्तारा का उड़ान के दौरान मिलने वाला अनुभव समान रहेगाः एयर इंडिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि विलय के बाद विस्तारा के मार्ग तथा समय सारणी के साथ-साथ उड़ान के दौरान मिलने वाला अनुभव समान ही रहेगा। विस्तारा के विमानों से संचालित उड़ानों का कोड एआई2 होगा। दोनों पूर्ण सेवा वाहकों का विलय 12 नवंबर को पूरा होने वाला है, जिसके बाद सिंगापुर एयरलाइंस की नई इकाई में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। विस्तारा टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है। विलय के बाद, एकीकृत इकाई के फ्रीक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम के जरिये विंटेज महाराजा को बरकरार रखा जाएगा। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि क्लब विस्तारा के मौजूदा सदस्यों को एयर इंडिया के फ्लाइंग रिटर्न्स कार्यक्रम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इस विलय के साथ फ्लाइंग रिटर्न्स भी एक नए अवतार महाराजा क्लब में परिवर्तित हो जाएगा। विलय के बाद भी विस्तारा द्वारा प्रदान किया गया अनुभव ग्राहकों के लिए समान रहने की बात दोहराते हुए एयर इंडिया ने कहा कि विस्तारा की पहचान चार अंकों वाले एक विशेष एयर इंडिया कोड से होगी जिसकी शुरुआत अंक '2' से होगी। बयान में कहा गया है कि उदाहरण के लिए 'यूके 955' 12 नवंबर के बाद एआई 2955 बन जाएगा, जिससे बुकिंग के समय ग्राहकों को उनकी पहचान करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उसने कहा कि विस्तारा विमानों द्वारा संचालित मार्ग तथा समय सारणी वही रहेगी। साथ ही एयरलाइन का उड़ान के दौरान का अनुभव भी समान रहेगा। कुछ हलकों में इस बात को लेकर चिंता है कि क्या विलय के बाद विस्तारा के यात्रियों को अब पहले जैसी ही सेवाएं मिलती रहेंगी, क्योंकि परिवर्तन के दौर से गुजर रही एयर इंडिया को हाल के दिनों में सेवा संबंधी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### मूडीज ने बजाज फाइनेंस को पहली बार 'बीएए3' रेटिंग दी

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) को स्थिर दृष्टिकोण के साथ निवेश 'ग्रेड' का संकेत देते हुए पहली बार 'बीएए3' रेटिंग दी है। मूडीज के बयान का हवाला देते हुए बीएफएल ने कहा कि कंपनी की रेटिंग उसकी मजबूत तथा स्थापित फ्रेंचाइजी को भारत में सबसे बड़ी खुदरा उन्मुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में मान्यता देती है, जिसके पास बड़ा ग्राहक आधार तथा वितरण नेटवर्क है। इसमें विविधतापूर्ण ऋण पुस्तिका जो इसके उच्च जोखिम-समायोजित लाभप्रदता का समर्थन करती है। इसका पूंजीकरण तथा इसकी प्रतिस्पर्धी वित्त पोषण लागत शामिल है। इसमें कहा गया है कि बीएफएल संभवतः बाजार हिस्सेदारी हासिल करना जारी रखेगी। जून 2024 तक 3500 अरब रुपये के प्रबंधन के तहत समेकित परिसंपत्तियों के साथ अपनी पहले से ही बड़ी फ्रेंचाइजी को और बढ़ाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रंप ने की यूक्रेनी राष्ट्रपति की आलोचना रुस से युद्ध करने का माना जिम्मेदार

वाशिंगटन, (ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन पर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस से युद्ध के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा है कि जेलेंस्की ना केवल युद्ध को खत्म करने में विफल रहे बल्कि इसे शुरू करने में मदद करने के लिए भी दोषी हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की इस साल सितंबर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात भी कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने ट्रंप से कहा था कि पुतिन युद्ध नहीं जीत सकते।ट्रंप ने मॉस्को के साथ शांति स्थापित करने में विफल रहने के लिए जेलेंस्की की आलोचना की। उन्होंने सुझाव दिया है कि यूक्रेन को शांति समझौते के लिए आगे आना चाहिए। इससे पहले भी कई मौकों पर ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को जंग के लिए जिम्मेदार ठहराया है। ट्रंप के बार-बार जेलेंस्की के खिलाफ बयान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद यूक्रेन और अमेरिका के संबंधों में बदलाव आ सकता है। ट्रंप इससे पहले यह भी कह चुके हैं कि वह रूस और यूक्रेन के बीच जंग को खत्म करा सकते हैं।बता दें रिपब्लिकन पार्टी के विरोध को दरकिनार कर अमेरिका एक बार फिर यूक्रेन की मदद के लिए आगे आया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कीव के लिए 425 मिलियन डॉलर के हथियार पैकेज का ऐलान किया है। पैकेज में वायु रक्षा प्रणालियां, बख्तरबंद वाहन समेत अन्य हथियार शामिल हैं। बाइडेन नवंबर में यूक्रेन के सहयोगियों की एक वर्चुअल बैठक भी करने वाले हैं। सैन्य मदद के बीच फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है कि यूक्रेन को रूस में पश्चिमी निर्मित लंबी दूरी की मिसाइलों को दागने की अनुमति दी जाएगी या नहीं।

### जापानी पर्यटकों की बस खाई में गिरी, 22 घायल, एक गंभीर

तुर्किये,(ईएमएस)। जापानी पर्यटकों को ले जा रही एक बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार 22 लोग बुरी तरह घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि यह दुर्घटना अंकारा से करीब 250 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में अफ्योनकाराहिसर प्रांत में राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना का कारण पता नहीं चल सका है। घायल यात्रियों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### सिनवार की मौत गाजा युद्ध में एक महत्वपूर्ण क्षणः नेतन्याहू

तेलअवीव,(ईएमएस)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने उस व्यक्ति से अपना हिसाब बराबर कर लिया है जिसने यहूदी नरसंहार के बाद हमारे लोगों के इतिहास में सबसे भीषण नरसंहार को अंजाम दिया था। नेतन्याहू ने कहा कि हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाने के लिए 'युद्ध में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी हथियार सौंप देगा और बंधकों की वापसी में मदद करेगा, उसे गाजा से सुरक्षित रूप से जाने दिया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि हमारा युद्ध अभी ख़त्म नहीं हुआ है। इजराइल की सेना ने कहा कि गाजा में उसके सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच जंग शुरू हुई थी। हमास ने सिनवार की मौत की पुष्टि नहीं की है।

### सूडान में 30 लाख से अधिक लोग शरण की तलाश में

जेनेवा(ईएमएस)। सूडान में 18 महीने से जारी संघर्ष ने मानवीय संकट को और भी गहरा कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुसार, अब तक लगभग 30 लाख शरणार्थी और वापस लौटे सूडानी लोग अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसी देशों की शरण में जा चुके हैं। इनमें अधिकांश लोग मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, मिस्र, इथियोपिया, लीबिया, दक्षिण सूडान और युगांडा में शरण ले रहे हैं।संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय ने सूडान में लगातार हो रहे विस्थापन पर गहरी चिंता व्यक्त की है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, अक्टूबर के पहले पखवाड़े में ही लगभग 40,000 लोग सूडान के भीतर विस्थापित हुए हैं। पिछले साल अप्रैल में शुरू हुए संघर्ष के बाद से अब तक सूडान में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या बढ़कर 8.12 मिलियन हो गई है, जिससे देश के भीतर मानवीय संकट गहरा गया है। दारफुर क्षेत्र में बढ़ते हिंसक संघर्ष के कारण अकेले अक्टूबर के पहले सप्ताह में 25,000 लोग पूर्वी चाड पहुंचे, जो इस वर्ष के किसी एक सप्ताह में पलायन करने वालों की सबसे अधिक संख्या है। चाड में इस समय 681,944 सूडानी शरणार्थी हैं, जो किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं।

### कनाडा के पीएम ट्रूडो पर इस्तीफे का दबाव

ओटावा(ईएमएस)। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मोर्चों पर कठिनाइयों का सामना कर रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। उनकी अपनी लिबरल पार्टी के कुछ सांसदों ने अब सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ बोलने के साथ-साथ औपचारिक रूप से उनके इस्तीफे की मांग करने की योजना बनाई है। कनाडा की रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 20 सांसदों ने ट्रूडो को पद से हटाने की मांग पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमति दी है।ट्रूडो हाल ही में विदेशी हस्तक्षेप के मुद्दे पर भी आलोचना का सामना कर रहे हैं। उन पर आरोप लगाया गया है कि उनके पास कंजर्वेटिव सांसदों के नाम हैं जो विदेशी हस्तक्षेप में शामिल हो सकते हैं। इस आरोप पर कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलिवरे ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्रूडो को उन सांसदों के नाम सार्वजनिक करने की चुनौती दी है। यह संकट ऐसे समय में सामने आया है जब ट्रूडो को नेतृत्व की आलोचनाओं से घिरते हुए देखा जा रहा है, और पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा है। यदि यह विरोध और गहराता है, तो ट्रूडो के लिए अपनी स्थिति बनाए रखना मुश्किल हो सकता है।अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रूडो को बाहर करने के प्रयास अब गंभीर रूप लेते जा रहे हैं। कॉकस के सदस्य अगले कुछ दिनों में औपचारिक रूप से पार्टी नेतृत्व से ट्रूडो का इस्तीफा मांगने की योजना बना रहे हैं।

### नवाज शरीफ ने कही दिल की बात बोले मेरी दिली तमन्ना है कि भारत जाऊं

इस्लामाबाद(ईएमएस)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के समिट में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे तो सवाल यह भी था कि क्या भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट संबंध आगे बढ़ेंगे? भारतीय टीम लंबे अर्से से पाकिस्तान में नहीं खेल रही है, वहीं जब भी कोई आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि) या एसीसी (एशयिन क्रिकेट काउंसलि) का टूर्नामेंट होता है तो भी भारतीय टीम किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलती है। 2025 में आईसीसी चैम्पयिंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होनी है, ऐसे में अब तक का जो अपडेट है, उसके अनुसार भारतीय टीम हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने मुकाबले खेलेगी। वहीं भारत और पाकिस्तान के मंत्रियों की बैठक क्रिकेट पर होनी थी, जो एससीओ समटि के दौरान नहीं हो पाई।इसी बीच भारतीय विदेश मंत्री के दौरे के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का बयान आया। वहीं उन्होंने भारत पाकिस्तान के क्रिकेट संबंधों पर भी बात की। उन्होंने एससीओ सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद में आए भारतीय विदेश मंत्री की यात्रा को एक शुरुआत बताया। वहीं उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों को फिर से शुरू करने की वकालत की और यहां तक कहा कि अगर दोनों टीमें पड़ोसी देश में किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलते हैं तो वह भारत आना चाहेंगे।

### ओलिविया को स्टेज पर परफॉर्म करते समय लगी चोट

लॉस एंजिल्स (ईएमएस) । बीते दिनों एक इवेंट में अभिनेत्री-गायिका ओलिविया रोड्रिगो को स्टेज पर परफॉर्म करते समय चोट लग गई। जानकारी के अनुसार, अभिनेत्री-गायिका एक बड़े गड्ढे में गिर गईं, जो स्टेज पर बना था। एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिखाया गया है कि मेलबर्न में परफॉर्म करते समय वह स्टेज के नीचे गिर गईं।जब यह हादसा हुआ, तब वह मेलबर्न के रॉड लेवर एरीना में करीब 14,000 प्रशंसकों के सामने गा रही थीं। यह शहर में उनका चौथा और आखिरी शो था। प्रशंसक इस घटना से हैरान रह गए, लेकिन ओलिविया ने बाद में पुष्टि की कि वह ठीक हैं।

# एससीओ बैठक में रुस-पाकिस्तान के रिश्ते हुए मजबूत, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने बनी सहमति



इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान और रूस के बीच रिश्ते और मजबूत होते दिख रहे हैं। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की इस्लामाबाद में हुई बैठक में पाकिस्तान और रूस के बीच व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, रक्षा, कनेक्टविटी, साइंस, तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। इस बैठक के बीच में ही पाकिस्तान-रूस सेना ने सैन्य अभ्यास भी किया। यही नहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने चीन के बीआरआई के साथ-साथ रूस के इंटरनैशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के विस्तार का भी खुलकर समर्थन किया।आईएनएसटीसी कॉरिडोर व्लादिमीर पुतिन का एक ड्रीम प्रॉजेक्ट है जो मुंबई को रूस की राजधानी मास्को और अन्य शहरों से सीधे जोड़ता है। पाकिस्तान के रूस के साथ दोस्ती बढ़ाने के पीछे उसकी छिपी हुई मंशा है और इसमें उसे चीन का भी समर्थन मिल रहा है। एससीओ बैठक में हिस्सा लेने के लिए रूस के पीएम मिखाइल मिशूस्टीन 300 सदस्यों का भारी भरकम दल लेकर इस्लामाबाद पहुंचे थे। पाकिस्तान और रूस ने पिछले 2 दशक से मजबूत हो रहे रिश्तों को और बेहतर बनाने सहयोग पर जोर दिया। रूस और पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र जैसे बहुपक्षीय मंचों पर एक-दूसरे का सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान रूस के साथ राजनीतिक, आर्थिक और रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रूस के पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाया जाएगा। रूसी नेता ने कहा कि उनका देश पाकिस्तान के साथ व्यापार बढ़ाना चाहता है। दोनों देशों के बीच व्यापार में इस साल 13 फीसदी की तेजी आई है। रूस ने कहा कि उसने पाकिस्तान को ऊर्जा की सप्लाई बढ़ा दी है। रूसी कंपनियां पाकिस्तान में गैस उद्योग का विकास कर रही हैं।उन्होंने कहा कि रूस का मानना है कि पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति बेहद फायदेमंद है। विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान रूस एक तीर से कई शिकार करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान चाहता है कि उसे ब्रिक्स की सदस्यता मिल जाए। रूस के कजान में ब्रिक्स की शिखर बैठक होने जा रही है और इसमें 10 नए सदस्यों को शामिल करने पर फैसला होगा। पाकिस्तान समेत 34 देशों ने ब्रिक्स में सदस्यता के लिए आवेदन किया है। पाकिस्तान चाहता है कि रूस अपना दबाव डालकर भारत का विरोध खत्म कराए ताकि ब्रिक्स की सदस्यता का रास्ता साफ हो जाए।

### 35 साल की महिला के अजीब शौक, पसंद है वृद्धाश्रम के बूढ़े मर्दों संग रहना, बोली, लुभाने में आता है मजा!

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के विस्कोंसिन की रहने वाली 35 साल की टिफनी के शौक बेहद अजीबोगरीब हैं। टिफनी को वृद्धाश्रम में रहने वाले बूढ़े पेंशनर लोगों के साथ रहने और सोने में मजा आता है। बकायदा, ये उनके साथ तस्वीरें भी शेयर करती है।टिफनी ने बताया कि रिटायर हो चुके इन बूढ़े पेंशनर के साथ टाइम बिताने में मजा आता है। मैं इन लोगों को जमकर लुभाती हूं। साथ ही इन्हें भी मेरी जरूरत होती है। टिफनी ने कहा कि कई लोग ऐसे हैं, जो 1999 के बाद से अकेले जीवन गुजार रहे हैं। लेकिन मुझे उनके साथ रहने में मजा आता है। साथ ही मेरी अच्छी-खासी कमाई भी हो रही है। अब आप सोच रहे होंगे कि बूढ़े लोगों के साथ रहकर कोई कैसे पैसा कमा सकता है, तो बता दें कि मामला थोड़ा टेढ़ा और अजीब है। दरअसल, टिफनी एडल्ट कंटेंट बनाती हैं। आमतौर इस पेशे से जुड़े लोग हम उम्र लोगों के साथ प्राइवेट वीडियो बनाते हैं, लेकिन टिफनी इन बूढ़े मर्दों के साथ डर्टी फिल्में बनाती हैं।

## पेजर बम वाली तकनीक का हुआ खुलासा देशी जुगाड़ ने दुनिया को हिला दिया

बैरुत(ईएमएस)। हिजबुल्लाह पर पिछले महीन इजरायल ने पेजर अटैक कर हर किसी को चौंका दिया। इतने छोटे से दिखने वाले पेजर को आखिर इजरायल ने कैसे चलते फिरते बम में बदल दिया, ये सोचकर हर कोई हैरान था। एक एजेंसी की तरफ से अब इस मामले में एक अहम रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, जिसमें लेबनान सूत्रों के हवाले से पेजर को बम में बदलने की इजरायली तकनीक के बारे में विस्तार में बताया गया है।फरवरी में पेजर प्राप्त करने के बाद हिजबुल्लाह ने विस्फोटकों की उपस्थिति की जांच की। उन्हें हवाई अड्डे के सुरक्षा स्कैनर के माध्यम से यह देखने के लिए डाला कि क्या वे अलार्म ट्रिगर करते हैं। कुछ भी संदिग्ध नहीं बताया गया। दो बम विशेषज्ञों ने कहा कि उपकरणों को बैटरी पैक के अंदर एक चिंगारी उत्पन्न करने के लिए सेट किया गया था, जो विस्फोट करने वाली सामग्री को जलाने के लिए पर्याप्त था, और शीट को विस्फोट करने के लिए ट्रिगर करता था। क्योंकि विस्फोटक और उसके कवर ने लगभग एक तिहाई हिस्सा ले लिया था, लिहाजा बैटरी पैक में 35 ग्राम वजन के अनुरूप शक्ति का एक अंश था।दरअसल, पेजर बनाने वाले एजेंटों ने एक ऐसी बैटरी डिजाइन की थी, जिसमें प्लास्टिक विस्फोटक का एक छोटा लेकिन शक्तिशाली चार्ज और एक नया डेटोनेटर छिपा था, जिसे देख पाना भी संभव नहीं है। पेजर बम का गुप्त डिजाइन और बैटरी की सावधानीपूर्वक बनाई गई कवर स्टोरी, दोनों के बारे में विस्तार में बताया गया। ये पूरा ऑपरेशन एक दो दिन या महीने में नहीं, बल्कि सालों की मेहनत के बाद पूरा हुआ। छह ग्राम सफेद पेंटाएरीथ्रिटोल टेट्रानाइट्रेट प्लास्टिक विस्फोटक का इसमें इस्तेमाल किया गया। उसके साथ एक पतली स्क्वेयर शीट का इस्तेमाल किया गया। दोनों की कोशिकाओं को आपस में निचोड़ा गया। बताया गया कि बैटरी कोशिकाओं के बीच बाकी स्थान अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ की एक पट्टी द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिसने डेटोनेटर के रूप में काम किया। इस पूरे प्रोसेस की तस्वीर भी दिखाई गई, जिससे पता चलता है कि इस तीन-परत वाले सैंडविच को एक काले प्लास्टिक की स्लीव में डाल दिया गया था और एक धातु के कवर में वो लगभग एक माचिस के आकार का था। दो बम विशेषज्ञों ने बताया कि असेंबली असामान्य थी क्योंकि यह एक स्टैंडर्ड छोटे डेटोनेटर या यूं कहें कि आमतौर पर दिखने वाले मेटल के सिलेंडर पर निर्भर नहीं था।

## अमेरिकी अदालत में पेश किया गया दावा, आरोप रॉ अधिकारी ने रची थी पन्नू की हत्या की साजिश

वाशिंगटन(ईएमएस)।अमेरिका के न्याय विभाग ने भारतीय रॉ अधिकारी पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। गुरुवार को न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी अदालत के समक्ष यह दावा किया गया। बता दें कि भारत सरकार ने अमेरिका की धरती पर अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश में शामिल होने से इनकार किया है। अमेरिका के आरोपों पर नई दिल्ली ने इसकी जांच के लिए समिति का भी गठन किया है। सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश के सिलसिले में गठित भारतीय जांच समिति की अमेरिका में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसके बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने यूएस की ओर से दी गई जानकारी को बहुत गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने



पुष्टि की कि आरोपी व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। अमेरिका ने पहले कहा था कि भारत सरकार ने पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों से निपटने में गंभीरता दिखाई है।अमेरिकी अधिकारियों ने आरोपी की पहचान 39 वर्षीय विकास यादव के रूप में की है। वह कैबिनेट सचिवालय में काम करता था, जिसमें भारत की विदेशी खुफिया सर्विस रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) शामिल है। माना जा रहा है कि यादव अब सरकारी कर्मचारी नहीं है। उस पर तीन मामलों का आरोप लगाया गया है, जिसमें हत्या के लिए भाड़े पर हायरिंग करना और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचना भी शामिल है।पन्नू मामले में सह-साजिशकर्ता निखिल गुप्ता को पिछले साल चेकोस्लोवाकिया से गिरफ्तार किया गया था। यहां से प्रत्यर्पण के बाद वह अमेरिकी जेल में बंद है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने कहा, ये आरोप गंभीर है। न्याय विभाग अमेरिकियों को निशाना बनाने, उन्हें खतरे में डालने और उन अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगा, जिनका हर अमेरिकी नागरिक हकदार है। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे का भी बयान आया है। उन्होंने कहा, भारतीय सरकारी कर्मचारी ने कथित तौर पर आपराधिक सहयोगी के साथ मिलकर साजिश रची। अमेरिका की धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या करने का प्रयास किया गया।

## चीन के पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने उठाया यह बड़ा कदम, भारतीय बाजार में लगेगा ब्रेक

बीजिंग (ईएमएस)। चीन के सेंट्रल बैंक ने दो नई फंडिंग स्कीम लांच की, इसके तहत शुरुआती रूप से 800 बिलियन युआन (लगभग 9.36 लाख करोड़ रुपये) पूंजी बाजार में डाले जाएंगे। यह निवेश चीन के सेंट्रल बैंक, पीपल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा बनाई गई नई मौद्रिक नीति के तहत होगा। दो स्कीमों में एक है स्वैप स्कीम और दूसरी का नाम रीलेंडिंग स्कीम है। यदि चीन इन दोनों योजनाओं को प्रभावी तौर पर लागू करने में सफल रहता है, तब भारतीय शेयर बाजार की तेजी पर लंबे समय के लिए ब्रेक लग सकता है।इस नई योजना के तहत, स्वैप स्कीम की शुरुआत 500 बिलियन युआन (लगभग 5.85 लाख करोड़ रुपये) से की गई है। इसके तहत ब्रोकर फर्म, फंड मैनेजमेंट कंपनियां और बीमा कंपनियां अपने संपत्ति को कोलैटरल के रूप में रखकर सेंट्रल बैंक से लिक्विडिटी प्राप्त कर सकती हैं, ताकि वे शेयर खरीद सकें। पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने बताया कि करीब 20 कंपनियों को योजना में भाग लेने की अनुमति दी गई है,और शुरुआती आवेदन 200 बिलियन युआन (लगभग 2.34 लाख करोड़ रुपये) से अधिक तक पहुंच चुके हैं।स्वैप स्कीम को "बाजार की स्थिरता का साधन" कहा जा रहा है, क्योंकि जब बाजार में ज्यादा बिकवाली होती है, तब इसकी मांग बढ़ती है, लेकिन जैसे ही बाजार में सुधार होता है, इस टूल का उपयोग घट जाता है। एक रिपोर्ट में कहा गया, "स्वैप स्कीम एक स्थिरता प्रदान करने के साधन के रूप में काम करेगी, जो बाजार को गिरावट से बचाएगी। इसके अलावा, इस योजना के माध्यम से वित्तीय संस्थान बाजार में गिरावट के समय अपने शेयर बेचने की आवश्यकता के बिना लिक्विडिटी प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के तहत बांड, स्टॉक ईटीएफ और सीएसआई 300 इंडेक्स के घटकों में होल्डिंग्स जैसे एसेट्स को सरकारी बांड और सेंट्रल बैंक के बिल जैसी उच्च-तरलता वाली संपत्तियों में बदला जा सकता है, जिससे प्रतिभागियों को आसानी से पैसा प्राप्त हो सकेगा।चीन के सेंट्रल बैंक ने एक और रीलेंडिंग कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका प्रारंभिक मूल्य 300 बिलियन युआन (लगभग 3.51 लाख करोड़ रुपये) है। इसके तहत वित्तीय संस्थानों को पीपल्स बैंक ऑफ चाइना से उधार लेकर लिस्टेड कंपनियों या उनके प्रमुख शेयरधारकों द्वारा शेयर खरीदने में मदद मिल सकेगी।रीलेंडिंग के लिए एक वर्ष का ब्याज दर 1.75 प्रतिशत निर्धारित किया गया है, और 21 योग्य वित्तीय संस्थान, जिनमें नीतिगत और कमर्शियल बैंक शामिल हैं, हर तिमाही की शुरुआत में इस योजना के लिए आवेदन कर सकते है। लिस्टेड कंपनियां और उनके प्रमुख शेयरधारक इन बैंकों से 2.25 प्रतिशत तक की ब्याज दर पर ऋण ले सकते हैं, जिसे वे शेयर बायबैक और खरीदारी के लिए उपयोग कर सकते हैं।यह नियम उन सामान्य नियमों का अपवाद है, जिनके तहत बैंक से प्राप्त ऋण सीधे शेयर बाजार में नहीं लगाया जा सकता।

### भारत के गैंगस्टर और आतंकियों के लिए सेफ हाउस बना कनाडा

कनाडा ईएमएस)। कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की सरकार में भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर और आतंकियों के लिए यह देश सेफ हाउस बन गया है। कनाडा में बैठकर ये आतंकी भारत के खिलाफ साजिश रचते हैं। ये किलिंग और दूसरी टेरर एक्टिविटीज को अंजाम देते हैं। कनाडा में सरेआम खालिस्तानी झंडे लहराए जाने पर भी वहां के पीएम ट्रूडो खामोश रहते हैं कुछ नहीं बोलते। ट्रूडो भारत के खिलाफ होने वाली हर गतिविधियों और आतंकी साजिशों पर भी मौन रहते हैं और भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। भारत कई बार कनाडा को भारत विरोधी गतिविधियों के सबूत दे चुका है, लेकिन ट्रूडो सब जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं।खालिस्तानी आतंकियों को पनाह देने वाला कनाडा को भारत से मुंह तोड़ जवाब मिलने के बाद भी ट्रूडो बाज़ नहीं आ रहे हैं। कनाडा से लेकर भारत तक एक ही नाम गूंज रहा है वह है हरदीप सिंह निज्जर। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी की हत्या को लेकर पहले ट्रूडो सरकार ने भारत पर आरोप लगाए थे, इसके बाद भारत सरकार ने ट्रूडो को न्यूटन का लॉ ऑफ पॉलिटिक्स समझा दिया। पहले भारत ने आतंकियों की पनागाह बन चुके कनाडा को उसकी असली तस्वीर दिखाई, फिर उसके बाद एक्शन पर ऐसा रिएक्शन दिया कि ट्रूडो को समझ नहीं आ रहा है कि करें तो क्या करें।

## पीएम ट्रूडो ने इस्तीफा नहीं दिया तो पाकिस्तान की तरह हो जाएगा कनाडा

टोरंटो(ईएमएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर वहां के सांसद लगातार इस्तीफा देने का दबाव बना रहे हैं। बागी सांसदों का कहना है कि ट्रूडो ने पद नहीं छोड़ा तो कनाडा का बहुत बुरा हाल हो जाएगा। आंतरिक राजनीतिक कलह से उनके लिए इस्तीफा से कहीं अधिक गंभीर खतरे की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर वह खालिस्तानी अलगाववाद पर अपना निष्क्रिय रुख जारी रखते हैं, तो उनके देश का हाल पाकिस्तान की तरह खतरनाक हो सकता है। बता दें इससे पहले हिलेरी क्लिंटन ने अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था, आप अपने पिछवाड़े में सांप नहीं पाल सकते और उम्मीद नहीं कर सकते कि वे केवल आपके पड़ोसी को ही काटेंगे। आज के समय में यही चेतावनी कनाडा के लिए भी सच हो सकती है यदि वह खालिस्तानी आंदोलन की गतिविधियों पर आंखें मूंद लेता है।जिस तरह पाकिस्तान अब चरमपंथी गुटों के प्रति अपनी नरमी के परिणामों से जूझ रहा है, कनाडा भी खुद को इसी तरह की स्थिति में पा सकता है। अगर उसने अपनी नीतियों में तेजी से बदलाव नहीं किया तो कनाडा का पाकिस्तान जैसा हाल हो सकता है। कनाडा में सरकार द्वारा मिल रहे संरक्षण से उत्साहित खालिस्तानी जल्द ही अपनी हिंसा का शिकार कनाडा को बना सकते हैं। वहां पहले से ही पत्रकारों और बिजनेसमैन सहित भारतीय-कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें धमकी दी जा रही है।दुनिया ने देखा है कि कैसे पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी गुटों को बढ़ावा देने से उसका हाल फटेहाल हो गया। कई विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि कनाडा भी इसी तरह के खतरनाक रास्ते पर चल सकता है। पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और तालिबान जैसे आतंकवादी संगठनों का समर्थन किया। पाकिस्तान ने ऐसा करके भारत और अफगानिस्तान में रणनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की। हालांकि, समूह इतने शक्तिशाली हो गए कि उन्हें नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। अब वे वहां की सरकार के विरुद्ध हो गए।ट्रूडो का दृष्टिकोण राजनीतिक रूप से सुविधाजनक लग सकता है। जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन ने उनकी अल्पमत सरकार को बचाए रखा है। उन्हें संसद में विश्वास मत हासिल करने में मदद मिली। सिख आबादी की संख्या भले ही कनाडा में कम है, लेकिन कुछ ही हिस्सों में होने के कारण उनका अपना एक राजनीतिक प्रभाव है।

### उग्रवाद का सेंटर बना कनाडा

भारत ने बार-बार चिंता जताई है कि कनाडा भारत के बाहर सिख उग्रवाद का केंद्र बन चुका है। ट्रूडो पर राजनीतिक लाभ के लिए भारत विरोधी अलगाववादी गतिविधियों को पनपने देने का आरोप लगाया है। इससे दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंध बन गए हैं। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। इसे और बदतर बनाने के लिए ट्रूडो ने अब एक सार्वजनिक जांच में स्वीकार किया है कि जब उन्होंने भारत के खिलाफ आरोप लगाए थे तो उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था।कनाडा में ड्रग तस्करी से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग तक का एक मजबूत नेटवर्क फैल गया है। 1990 के दशक में कनाडाई अधिकारियों को इन गतिविधियों के बारे में तब पता चला जब खालिस्तानी संगठनों से जुड़े ड्रग डीलरों की हत्या कर दी गई। हाल ही में 2023 तक भारतीय मूल के प्रमुख कनाडाई पत्रकारों को खालिस्तानियों के खिलाफ बोलने के लिए हिंसक हमलों का सामना करना पड़ा है।

### नेतन्याहू का एलानः कल समाप्त हो जाएगा युद्ध!

तेलअवीव(ईएमएस)। हमास नेता याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद गाजा के लोगों को संबोधित करते हुए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर हमास इजरायली बंधकों को वापस करने और हथियार डालने पर राजी हो जाता है तो कल युद्ध समाप्त हो जाएगा। अब देखना यह होगा कि हमास क्या बेंजामिन नेतन्याहू के प्रस्ताव को मानता है? बता दें कि याह्या सिनवार को इजरायली सेना ने 17 अक्टूबर को ढेर किया। सिनवार पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। इजरायल ने ठीक एक साल 10 दिन बाद सिनवार को ढेर किया। उसके साथ दो अन्य आतंकी भी मारे गए हैं।

### जान बचाने के लिए महिला का वेश बनाकर रहा,सुरंग में छिपा फिर भी मारा गया हमास प्रमुख सिनवार

वाशिंगटन,(ईएमएस)। हमास प्रमुख इस्माइल हानियेह की मौत के बाद हमास प्रमुख बने सिनवार को भी इजरायल ने मौत के घाट उतार दिया। जिसके मरने की पुष्टि इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने की है। इससे पहले उसका डीएनए टेस्ट भी हुआ था। सिनवार को पता था कि आईडीएफ किसी भी हाल में उसे जिंदा नहीं छोड़ेगी। जिसके चलते उसने खुद को बचाने के लिए हर तरह के उपाय किए लेकिन खुद को बचा नहीं पाया। मारे डर के सिनवार ने बंधकों को ढाल बनाकर इजरायल से अपनी जान की भीख मांगी थी। उसने इजरायली सेना से बंधकों की रिहाई के बदले उसे और उसके साथियों को किसी तीसरे देश जाने की गुहार भी लगाई थी। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिनवार कुछ दिन महिला के वेश में गाजा में आम लोगों के बीच भी रहा। उसे डर था कि आईडीएफ सुरंगों को लगातार निशाना बना रही है और वह कभी भी मारा जा सकता है।तेहरान में इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने बेहद खतरनाक मिशन में इस्माइल हनिया की हत्या कर दी थी। जिसके बाद याह्या (इब्राहिम हसन) सिनवार को हमास का प्रमुख नियुक्त किया गया। सिनवार के बारे में कहा जाता है कि वह बेहद खूंखार और आपराधिक प्रवृत्ति वाला था। मामले के जानकार बताते हैं कि इजरायल के साथ युद्धविराम में लगातार खलल के पीछे सिनवार ही था, क्योंकि वह इजरायल से नफरत करता था और किसी भी सूरत में युद्धविराम के पक्ष में नहीं था। हमास के आधे से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतार चुकी इजरायली सेना ने गुरुवार को कहा कि उसने गाजा में एक ऑपरेशन के दौरान हमास के तीन और आतंकियों को जहन्नुम पहुंचा दिया है। इसमें एक हमास का चीफ याह्या सिनवार भी है, उसकी मौत की पुष्टि के लिए इजरायली सेना ने डीएनए टेस्ट किया, जिसे जेल में रखने के दौरान इजरायल ने संरक्षित कर लिया था। सिनवार की मौत इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कंफर्म कर ली है। सिनवार को इस्माइल हानियेह के तेहरान में कत्ल के बाद हमास का चीफ बनाया गया था। हानियेह के वक्त वह गाजा प्रमुख और हमास का डिप्टी था। इजरायली सैनिकों के कत्लेआम और अपहरण में 22 साल जेल की सलाखों में रहा। अपना ज्यादातर जीवन शरणार्थी शिविरों में बिताने से उसके मन में इजरायल के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा और बदले की आग थी। 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए अभूतपूर्व हमले के पीछे सिनवार का ही दिमाग था। उसी के कहने पर ईरान और हिजबुल्लाह ने हथियार और पैसों की मदद की थी।

### मोसाद के जाल में फंस गया हिजबुल्लाह, पेजर में कवर स्टोरी तैयार कर किए विस्फोट

बेरूत,(ईएमएस)। बेरूत के दक्षिणी उपनगर और हिजबुल्लाह के गढ़ वाले इलाकों में हजारों पेजर ब्लास्ट ने चरमपंथी समूह को हिलाकर कर रख दिया था। इजराइली खुफिया एजेंसी ने एक बड़ी योजना के तहत हिजबुल्लाह के लड़ाकों के पेजर को बम में बदल दिया था। इसके लिए इजराइली जासूसी ने एक लंबी योजना तैयार की थी, जिसमें बैटरी के डिजाइन के साथ कवर स्टोरी भी तैयार की गई थी। इसमें एक कमजोरी भी थी। लेकिन इजराइली योजना की हिजबुल्लाह को भनक तक नहीं लगी।इसमें एक कमी भी थी। पेजर की बैटरी इलेक्ट्रॉनिक्स में इस्तेमाल लिथियम ऑयन बैटरी पैक जैसी ही थी लेकिन समस्या थी कि पेजर की तरह यह बाजार में मौजूद नहीं थी। इसलिए इजराइली एजेंटों ने एक बैकस्टोरी बनाई। पेजर के लिए इजराइली एजेंटों ने मशहूर ताइवानी ब्रांड गोल्ड अपोलो का बताकर हिजबुल्लाह को धोखा दिया।

# भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 231 रन बनाये, अभी भी 125 रनों से पीछे

### भारत पहली पारी 46 , न्यूज़ीलैंड 402



बेंगलुरु (ईएमएस)। यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी पकड़ मजबूत कर ली। न्यूजीलैंड टीम ने भारतीय टीम के पहली पारी के 46 रनों के जवाब में रचिन रविन्द्र के शानदार शतक से अपनी पहली पारी में 402 रन बनाये। इस पकार पहली पारी के आधार पर किवी टीम को 356 रनों की बड़ी बढ़त मिल गयी। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट खोकर 231 रन बनाए। इस प्रकार भारतीय टीम अभी भी टीम 125 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल 35, रोहित शर्मा 52 और विराट कोहली 70 रन बनाकर आउट हुए। कोहली और सरफराज के बीच तीसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी हुई। विराट अंतिम गेंद पर आउट हुए। वहीं सरफराज खान 70 रन बनाकर नाबाद पेवेलियन लौटे। इससे पहले आज सुबह रचिन रविन्द्र की पारी ने सभी का प्रभावित किया। इस बल्लेबाज ने 157 गेंदों पर 13 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 134 रन बनाये और अपनी टीम को 402 के स्कोर तक पहुंचाया। रचिन के अलावा डेवोन कॉनवे और टिम साउथी ने भी 91 और 65 रन की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई । वहीं भारत की ओर से कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने 3-3 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को 2 विकेट मिले जबकि अश्विन और जसप्रीत बुमराह के नाम 1-1 विकेट रहा। इससे पहले वर्षा प्रभावित टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (5) और विलियम ओरोर्के (4) की शानदार गेंदबाजी के कारण भारत पहले टेस्ट की पहली पारी में 46 रन पर सिमट गया था। वही मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। इससे न्यूजीलैंड ने पहली पारी में भारत पर 134 रन की बढ़त बना ली है। इस दौरान डेवोन कॉनवे ने 91 रन बनाये। भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी से शुरुआत करने का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। तीसरे दिन लंच के समय तक न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 345 रन बना लिए थे। वहीं इस वर्षा प्रभावित टेस्ट मैच के पहले दिन खेल नहीं हो पाया था जबकि दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने मैट हेनरी के 5 और विलियम ओरोर्के के 4 विकेट से भारतीय टीम को पहली पारी में 46 रनों पर समेट दिया था। भारत की ओर से से 5 खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। इन खिलाड़ियों में विराट कोहली , सरफराज खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज थे। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने भी केवल 2 रन ही बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 13 रन जबकि ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाये। वहीं न्यूजीलैंड ने गेंदबाजी के बाद दूसरे दिन बल्लेबाजी की शानदार शुरूआत करते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए थे।

## विराट 9000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल



बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने अपने 9000 रन पूरे कर लिए। विराट दूसरी पारी में 70 रन बनाकर आउट हुए जबकि उन्हें 9000 रन पूरे करने के लिए केवल 53 रनों की जरूरत थी। विराट के इस मैच से पहले 8947 रन थे। वह पहली पारी में शून्य पर आउट हुए लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अर्धशतक लगा दिया। विराट 9000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। विराट से पहले ये उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के नाम है। इसके साथ ही वह टेस्ट में नौ हजार रन या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज भी बन गये हैं। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 115 मैच खेलते हुए 8947 बनाए हैं। इसमें 29 शतक और सात दोहरे शतक शामिल है। कोहली ने 30 अर्धशतक भी लगाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 254 है।

## वॉन ने खराब बल्लेबाजी को लेकर भारतीय टीम का मजाक उड़ाया

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम के पहली पारी में केवल 46 रनों पर आउट होने को लेकर उसका मजाक उड़ाया है। वॉन ने अपने सोशल मीडिया पर अपने ट्वीट में लिखा,'अच्छी बात देखो भारतीय फैंस म से कम टीम ने 36 रन तो पार कर लिया।' इस प्रकार वॉन ने भारत को दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया दौरे की याद दिलाई जब भारतीय टीम 36 रन पर ही सिमट गयी थी। भारतीय टीम का टेस्ट में यह सबसे कम स्कोर है।

पहली पारी में भारतीय टीम के केव दो बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए जबकि यशस्वी जायसवाल 13 रन बनाकर आउट हुए। वहीं विराट कोहली, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल पाये। वहीं भारतीय टीम के पूर्व ओपनर वसीम जाफर भी तंज कसने में पीछे नहीं रहते और समय समय पर वॉन को सोशल मीडिया में जवाब देते रहते हैं। वह भी इंग्लैंड का मजाक उड़ाने का कोई अवसर नहीं छोड़ते।

## छक्के मारने के मामले में साउदी ने सहवाग का रिकार्ड तोड़ा



बेंगलुरू (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भारतीय टीम के खिलाफ यहां पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक नया रिकॉर्ड बना दिया। साउदी ने टेस्ट मैचों में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया। अब सबसे अधिक छक्के लगाने के रिकॉर्डबुक में साउदी नंबर एक पर हो गये हैं। साउदी ने बल्लेबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 छक्के लगाये। इसके साथ ही साउदी टेस्ट मैचों में सहवाग से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। साउदी ने इस मैच से पहले 89 छक्के लगाए थे जबकि अब उनके छक्के लगाने की संख्या 92 हो गई है। वहीं सहवाग ने 91 छक्के लगाए हैं।

टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में इंग्लैंड के बेन स्टोक्स नंबर एक पर हैं उनके नाम सबसे अधिक 131 छक्के हैं। वहीं ब्रैंडन मैक्कुलम के नाम 107 छक्के हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। एडम गिलक्रिस्ट 100 छक्के लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। क्रिस गेल और जैक कैलिस 98 और 97 छक्के लगाकर चौथे और पांचवें नंबर पर हैं।

# पाक ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की



मुल्तान (ईएमएस)। नोमान अली की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने यहां हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रनों से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। मेजबान पाक टीम को ये जीत लंबे समय बाद मिली है, यहां पहले ही टेस्ट में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में जीत के लिए मेहमान टीम इंग्लैंड को दूसरी पारी में 297 रनों का लक्ष्य मिला था जिसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम दूसरी पारी में केवल 144 रनों पर ही आउट हो गयी। पाक की ओर से नोमान ने दूसरी पारी में सबसे अधिक आठ विकेट जबकि साजिद खान ने दो विकेट लिए। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 366 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 291 रन पर सिमट गई थी। पाकिस्तान ने 75 रन की बढ़त हासिल की थी। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 221 रन बनाए और 296 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद 297 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी 144 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के आउट होते ही टीम की संभावनाएं भी समाप्त हो गयीं। स्टोक्स ने सबसे अधिक 44 रन बनाये। इस मैच में साजिद खान और नोमान अली की स्पिन के सामने मेहमान टीम के बल्लेबाज बेबस दिखे। पहली पारी में साजिद खान ने सात जबकि नोमान ने तीन विकेट लिए थे। इस मैच में पाक की ओर से सभी 20 विकेट स्पिनरों ने लिए। वहीं बाबर की जगह शामिल किये गये बल्लेबाज कामरान गुलाम ने पहली पारी में शतक लगाकर पाक टीम को बड़ा स्कोर बनाने में सहायता की। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को इस सीरीज से पहले बांग्लादेश से भी सीरीज के दोनो ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा था जिससे बाद से ही वह आलोचकों के निशाने पर थी। अब 12 टेस्ट मैचों के बाद उसे घरेलू धरती पर पहली जीत मिली है।



रियाद में सर्बिया के नोवाक जोकाविच सिक्स किंग्स स्लैम चैंपियनशिप में जैनिक सिनर के खिलाफ जीत पर उत्साहित होते हुए।

## भारतीय टीम इस बार भी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर मेजबानों को हैरान करेगी : शार्दुल ठाकुर



मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को उम्मीद है कि इस बार भी भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर मेजबानों को हैरान करेगी। शार्दुल ने पिछली बार ब्रिस्बेन टेस्ट भारतीय टीम की जीत में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से निर्णायक भूमिका निभाई थी। शार्दुल ने उक्त मुकाबले में सात विकेट लेने के अलावा शानदार 67 रन भी बनाए थे। वहीं दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम से उन्हें बाहर कर दिया गया था पर मुंबई की पिछले सीज़न की रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 255 रन बनाने के अलावा पांच मैचों में 16 विकेट लेकर अच्छी वापसी की। शार्दुल का कहना है कि इस बार भी भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में गाबा जैसा झटका देगी।

शार्दुल 2020-21 सीरीज की यादें अब भी ताजा हैं। ताजा हो जाएंगी। इस खिलाड़ी ने कहा, मैं केवल एकदिवसीय टीम का हिस्सा था, लेकिन मैंने तीनों प्रारूप खेले और आखिरी टेस्ट भी खेला। कोच को अहसास हुआ और उन्होंने अचानक मुझे फ्लाइट में बुलाया और कहा, शार्दुल, तुम एकदिवसीय टीम का हिस्सा हो, लेकिन मैं तुम्हें बता रहा हूं, तुम ऑस्ट्रेलिया नहीं छोड़ रहे हो, तुम आखिरी दिन तक रुक रहे हो। मुझे लग रहा है कि तुम दौरे पर कुछ बदलाव लाओगे।

शार्दुल ने कहा कि हमने देखा कि टेस्ट श्रृंखला कैसी रही, हर खेल में कोई न कोई घायल हो रहा था। ऐसे में मुझे ब्रिस्बेन में खेलने का अवसर मिला। तब मैंने जो किया वह शायद मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। टीम की जीत में योगदान देना हमेशा ही अच्छा होता है। मानसिक रूप से भी मैं इन रणजी खेलों में ऑस्ट्रेलिया के लिए भी तैयारी कर रहा हूं और इस बार भी अवसर मिलने पर बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं।



शंघाई में कोंगमिंग आईलैंड के तीसरे दौर की रेस में भाग लेते हुए साइकिल सवार।

# नेपाल ने टी20 सीरीज के पहले मैच में अमेरिका को 17 रनों से हराया



दुबई (ईएममएस)। नेपाल ने अमेरिका को टी20 सीरीज के पहले ही मुकाबले में 17 रन से हरा दिया। इस मैच में अमेरिकी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जो गलत साबित हुआ। नेपाल की ओर से रोहित पौडेल ने शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। .

नेपाल की ओर से आसिफ शेख और अनिल शाह ने पारी शुरु करते हुए अच्छी शुरुअत कर 27-27 रन बनाये। वहीं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कप्तान पौडेल ने शानदार 49 रन बनायेद्य। अपनी पारी में उन्होंने 4 चौके और 1 छक्का लगाया। वहीं अंत में दीपेंद्र सिंह ने 28 रन बना दिये। जिससे टीम ने 164 रन बनाये। इसके बाद 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिकी टीम 20 ओवर में 147 रन ही बना पायी। उसकी ओर से शायान जहांगीर ने सबसे अधिक 60 रन बनाए पर वह अपनी टीम को मैच नहीं जिता पाये। जहांगीर ने नाबाद 60 रन बनाये। जहांगीर के अलावा एंड्रीस गाउस ने 30 रन बनाये। वहीं 5 खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। नेपाल की ओर से दीपेंद्र ऐरे ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। उन्होंने मिलिंद कुमार, हरमीत सिंह और जसदीप सिंह को आउट किया।

### रचिन ने आक्रामक अंदाज में शतक लगाकर दिखाया पिच में नहीं कोई खराबी

बेंगलुरु (ईएमएस)। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में जहां भारतीय बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौट रहे थे ।

वहीं इसी मैदान पर न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने शानदार शतक लगाकर दिखा दिया कि पिच को दोष नहीं दिया जा सकता। रचिन ने 124 गेंदों में 11 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 2012 के बाद इस मैदान पर शतक लगाया। वहीं इससे पहले रॉस टेलर ने इसी मैदान पर 113 रन बनाये थे। कीवी टीम ने तीसरे दिन जब खेलना शुरू किया ।

# ऑस्ट्रेलिया में जीत को इसलिए अहम मानते हैं ऋषभ



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर उत्साहित हैं। ऋषभ के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम आक्रामक क्रिकेट खेलती है, ऐसे में उसके खिलाफ उसी की धरती पर जीत दर्ज करने से बेहतर कुछ नहीं रहेगा। ऋषभ का मानना है कि जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, तो आपको उछाल और शॉर्ट पिच गेंदों से निपटना आना चाहिये। इसका कारण है कि वहां का माहौल अलग होता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने घर में बेहद खतरनाक रहती है। वे नहीं चाहते कि आप जीतें, जिससे। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में खेलती है। वे आपको कुछ भी आसानी से नहीं देते हैं। वे आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं। इसलिये उनके खिलाफ जीतने के लिए आक्रामक मानसिकता की ही जरुरत होती।

अपने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान गाबा टेस्ट में अपनी पारी की याद करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं नहीं जानता कि इसके बारे में क्या कहूं पर मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करता हूं। कुछ ऐसे प्रदर्शन होते हैं जिन्हें आप जीवन भर याद रखते हैं, उनमें से एक एक गाबा टेस्ट है। शुरुआत में मुझे एहसास नहीं हुआ कि यह कितना अहम था। रोहित भाई वहां थे, और उन्होंने मुझसे कहा,'तुम्हें पता नहीं है कि तुमने क्या किया है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा कह रहा था, मैंने क्या किया है। मेरा लक्ष्य केवल मैच जीतना था। रोहित भाई ने कहा, बाद में तुम्हें समझ आएगा कि तुमने क्या किया है। अब, जब भी मैं लोगों को उस गाबा मैच के बारे में बात करते हुए सुनता हूं, तो मैं समझता हूं कि उनका क्या मतलब था और यह कितना अहम था। मैंने पूछा, 'मैंने क्या किया है? मेरे लक्ष्य सिर्फ मैच जीतना था। रोहित भाई ने कहा, 'तुम्हें बाद में समझ आएगा कि तुमने क्या किया है। वहीं जब मैं जब भी लोगों को गाबा मैच के बारे में बात करते हुए सुनता हूं तो मुझे समझ आता है कि उनका मतलब क्या था और यह कितना महत्वूपर्ण था। मैंने ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 श्रृंखला के दौरान सिडनी टेस्ट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 159 रन की पारी खेली। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 श्रृंखला में सिडनी में 97 जबकि ब्रिसबेन में नाबाद 89 रन की पारी खेलकर प्रशंसकों और विरोधी टीम का सम्मान तथा सराहना हासिल की।

## अब टेस्ट क्रिकेटर खेलना चाहते हैं सैमसन



नई दिल्ली (ईएमएस)। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब तक भारतीय टीम के किसी भी प्रारुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। एकदिवसीय और टी20 में तो उन्हें अवसर मिल जाता है पर अब तक टेस्ट टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। इसी को देखते हुए ही अब सैमसन लंबे प्रारुप में भी जगह बनाना चाहते हैं और इसी कारण रणजी ट्रॉफी में भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम टी20 में शानदार शतक से उनके हौंसले बुलंद हैं। सैमसन ने 40 गेंदों पर ही शतक लगाया था जोकि किसी भारतीय बल्लेबाज का टी20 में दूसरा सबसे तेज शतक है। सैमसन अब कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में बेहतर प्रदर्शन कर टेस्ट टीम में जगह के लिए दावेदारी करना चाहते हैं। सैमसन ने कहा कि से मेरा मानना है कि मेरे पास लाल गेंद वाले क्रिकेट में सफल होने की भी क्षमता है। इसलिए मैं केवल सफेद गेंद वाले क्रिकेट तक ही सीमित नहीं रखना चाहता। मेरी इच्छा भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की है। दलीप ट्रॉफी से पहले, नेतृत्व समूह ने मुझे बताया था कि वे रेड-बॉल क्रिकेट के लिए मेरे बारे में सोच रहे हैं और इसे गंभीरता से लेने और अधिक रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के लिए कहा था। सैमसन ने कहा कि इस बार मेरी तैयारी अच्छी थी। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के बाद राजस्थान रॉयल्स अकादमी में राहुल द्रविड़ और जुबिन भरूचा से प्रशिक्षण लिया और अपने खेल पर काम किया। सैमसन ने कहा, दलीप ट्रॉफी में शतक से मेरा मनोबल बढ़ा है। यह देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ मैंने लगाया था। हाल ही में सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने अनंतपुर में दूसरे और तीसरे राउंड में इंडिया डी के लिए खेला था। इसमें उन्होंने अपना 11वां प्रथम श्रेणी शतक लगाया।

## कुंबले ने अपनी गति और उछाल से सबसे अलग पहचान बनायी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने स्पिन गेंदबाजी को नये आयाम दिये। जहां दिवंगत महान स्पिनर शेन वार्न की गेंद बहुत टर्न होती थीं और गेंद टप्पा खाते ही अपने दिशा बदल लेती थी। वहीं कुंबले की गेंदों में हर चीज परंपरा से उलट थी। गेंदों में तेजी ऐसी थी कि एक बार पाकिस्तान के कप्तान इंजमाम उल हक ने कहा था, हमारी टीम को कुंबले को एक मध्यम तेज गति का गेंदबाज ही मानती है।कुंबले वार्न की तरह हर पिच पर टर्न नहीं करा सकते थे पर घरेलू हालातों में उनकी गेंदों को खेलना बेहद कठिन रहता था। इसी कारण से एक बार इंग्लैंड के एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने कहा था, वार्न और मुरली...दोनों बड़े स्पिनर हैं पर कुंबले अपने अनुकूल हालातों में सबसे खतरनाक हो जाते हैं। उनकीई गेंद अक्सर सीधी जाती थी, गेंद घूमती भी कम थी। कुंबले की गेंदों में विशेषता ये थी कि वह टर्न से ज्यादा गति और उछाल पर खेलती थी। पिच से टर्न मिल गया तो उनकी गुगली खेलना बल्लेबाज के लिए कठिन रहता था। कुंबले रन-अप में अंतिम समय जो उछाल लेते थे, उसने उनकी गेंदों को भी अतिरिक्त उछाल मिल जाता था।

## संक्षिप्त खबरें

### रविवार को सुबह 03:15 बजे क्यों चलेगी दिल्ली मेट्रो

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 20 अक्टूबर को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का आयोजन हो रहा है। इसमें काफी लोग भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों की सुविधा को देखकर रविवार को दिल्ली मेट्रो ने अपनी सेवाएं समय से पहले शुरू करने की घोषणा की है। मैराथन प्रतिभागियों और दर्शकों को ध्यान में रखकर, सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 03:15 बजे से ही ट्रेनें शुरू होगी। यह बदलाव एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और ग्रे लाइन को छोड़कर सभी लाइनों पर लागू होगा। दिल्ली मेट्रो के अनुसार, यात्रियों की सुविधा को देखकर 20 अक्टूबर को सुबह 03:15 बजे से 04:00 बजे के बीच 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध होंगी, फिर 06:00 बजे तक 20 मिनट के अंतराल पर चलेंगी, जिसके बाद नियमित मेट्रो शेड्यूल फिर से शुरू होगा। सुबह-सुबह मेट्रो चलाने का फैसला इसलिए लिया गया ताकि मैराथन में लोग समय से पहुंच सकें और अंतिम समय में भीड़ से बचा जा सके। मैराथन में भाग लेने वालों की सहायता के लिए, स्वयंसेवकों को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर तैनात किया जाएगा, ताकि वे मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकें और किसी को कोई भी परेशानी न हो। रविवार को हाफ मैराथन में भाग लेने वाले धावकों को निःशुल्क क्यूआर कोड टिकट दिया जाएगा। सुबह छह बजे से सभी कॉरिडोर पर अपने निर्धारित समय से मेट्रो उपलब्ध होंगी। इस उद्देश्य के लिए, प्रतिभागियों को क्यूआर कोड वाले विशेष रिस्टबैंड दिए जाएंगे।रिस्टबैंड क्यूआर कोड की मदद से आप आसानी से मेट्रो में सफर कर पाएंगे।

### बाल विवाह, अपनी पंसद के जीनसाथी चुनने का विकल्प खत्म करता

#### सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताकर की टिप्पणी

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में हो रहे बाल विवाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी कर कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिए बाधित नहीं कर सकते है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों से संबंधित विवाह और अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन है। बाल विवाह होने से जीनसाथी चुनने का विकल्प खत्म हो जाता है। देश में बाल विवाह में वृद्धि का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह की रोकथाम पर कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जज जेबी पारदीवाला और जज मनोज मिश्रा की पीठ ने ये दिशानिर्देश जारी किए हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम कानून को पर्सनल लॉ के द्वारा बाधित नहीं कर सकते है। कोर्ट के दिशानिर्देश में कहा गया कि इस तरह के विवाह नाबालिगों की जीवन चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन हैं। प्राधिकारियों को बाल विवाह की रोकथाम और नाबालिगों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और अपराधियों को अंतिम उपाय के रूप में दंडित करना चाहिए। इतना ही नहीं पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि बाल विवाह रोकथाम कानून में कुछ खामियां हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 बाल विवाह को रोकने और समाज से उनके उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था। इस अधिनियम ने 1929 के बाल विवाह निरोधक अधिनियम का स्थान लिया।

### बच्ची से 'डिजिटल रेप' मामले में क्लास टीचर सहित दो लोग अरेस्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के नोएडा के नामी स्कूल में पढ़ने वाली तीन साल की एक बच्ची से 'डिजिटल रेप' के मामले में पुलिस ने बच्ची की क्लास टीचर सहित दो लोगों को अरेस्ट किया है। पुलिस एक आरोपी को दबोच कर पहले ही जेल भेज चुकी है। थाना सेक्टर 20 पुलिस ने बच्ची के क्लास टीचर और सिक्योरिटी इंचार्ज को अरेस्ट किया है। आरोप है कि दोनों ने घटना को छिपाया था। कुल मिलाकर मामले में अब तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल, निजी स्कूल में पढ़ने वाली एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची गुमसुम रहने लगी थी। परिजनों ने जब डॉक्टर को दिखाया तब पता चला कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट के साथ किसी ने छेड़छाड़ की है। बच्ची से पूछने पर पता चला कि स्कूल में ही काम करने वाले एक शख्स ने उसके साथ छेड़खानी की है। इसके बाद पीड़ित बच्ची के परिजनों ने थाना में मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने निठारी निवासी नित्यानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जो स्कूल में ही स्वीपर का काम करता था। इसके बाद पुलिस ने घटना छुपाने को लेकर कार्रवाई करते हुए बच्ची के क्लास टीचर और सुरक्षा प्रमुख को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि विवेचना के दौरान किये गये साक्ष्य संकलन के उपरांत स्कूल के सुरक्षा पर्यवेक्षक दयामय महतो तथा पीड़िता बच्ची के क्लास टीचर मधु मेनघानी गिरफ्तार किया है।

### हरियाणा में हुड्डा ही कांग्रेस, यह जताकार कांग्रेस हाईकमान को संकट में डाला

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की विधानसभा चुनाव में हार के बाद दिग्गज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व पर सवाल रहे हैं। अब चंडीगढ़ में शुक्रवार को कांग्रेस ने विधायक दल की मीटिंग बुलाई है और मीटिंग में नेता विपक्ष का चुनाव होगा। हालांकि, मीटिंग से दो दिन पहले पूर्व सीएम हुड्डा ने दिल्ली में शक्ति प्रदर्शन कर हाईकमान को जता दिया था कि हरियाणा में कांग्रेस का मतलब हुड्डा ही है। इसके बाद अगर हुड्डा फिर से नेता विपक्ष बनाते हैं, तब सैलजा की नाराजगी बढ़ सकती है। अहम बात है कि हुड्डा 2019 से 2024 तक नेता विपक्ष रहे हैं। दरअसल, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 37 सीटें जीती थी। हालांकि, कांग्रेस सरकार नहीं बन सकी और प्रचार के दौरान हुड्डा-सैलजा गुट में तकरार देखने को मिली। कांग्रेस की हार के पीछे के कारणों में यह तकरार भी एक कारण हैं। लेकिन फिर से हुड्डा अपनी ताकत दिखा रहे हैं। हुड्डा ने कांग्रेस हाईकमान को दिखाया है कि हरियाणा में हुड्डा ही कांग्रेस है। फिलहाल, शुक्रवार को तय होगा कि वह नेता विपक्ष बनने वाले हैं, या कोई और। पंचकूला से विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई का नाम भी नेता विपक्ष के लिए चल रहा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद हुड्डा सभी के निशाने पर हैं।

### यूजीसी नेट जून परीक्षा का परिणाम जारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। यूजीसी नेट की जून परीक्षा के परिणाम 18 अक्टूबर को घोषत हो गए हैं। उम्मीदवार अपना रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट यूजीसीनेटडॉटएनटीएडाटएसीडाटइन पर जाकर देख सकते हैं। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार अपने स्कोरकार्ड भी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे, जिसके लिए उन्हें अपनी आवेदन संख्या, जन्म तिथि और सुरक्षा पिन की आवश्यकता होगी। एनटीए के अनुसार नतीजे देर रात ही जारी हो गए। यूजीसी नेट जून 2024 की परीक्षा का आयोजन इस साल देशभर के विभिन्न शहरों में कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में किया गया था। हालांकि, जून महीने में होने वाली कुछ परीक्षाओं को कथित पेपर लीक के कारण रद्द कर दिया गया था। इसके बाद 21, 22, 23, 27, 28, 29, 30 अगस्त और 2, 3, 4 सितंबर 2024 को फिर से परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 83 विषयों के लिए लाखों उम्मीदवारों ने भाग लिया था।

### 18 फुट लंबे और 80 किलो वजनी अजगर का किया गया रेस्क्यू

अलवर (ईएमएस)। अलवर के सरिस्का के टहला क्षेत्र में एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। ग्रामीणों ने एक भारी-भरकम अजगर की सूचना सरिस्का प्रशासन को दी। यह अजगर 18 फीट लंबा और करीब 80 किलो वजनी था। उसने एक नीलगाय के बच्चे और बकरी को निगल लिया था, जिससे गांव वालों में दहशत फैल गई थी। सूचना मिलते ही सरिस्का वन क्षेत्र के टहला रेंज के एक अधिकारी और उनकी टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और युवाओं की मदद से कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद अजगर को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। अजगर को जंगल में वापस छोड़ दिया गया। वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि यह सरिस्का का अब तक का सबसे बड़ा और वजनी अजगर था। अजगर पूरी तरह स्वस्थ है और उसे सुरक्षित सरिस्का के जंगल में छोड़ दिया गया है। वन अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से सूचना दी गई कि बलदेवगढ़ गांव में अजगर पहुंच गया है, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

#### कर्नाटक उपचुनाव : कांग्रेस और बीजेपी-जद(एस) गठबंधन में सियासी हलचल बढ़ी

# किसी भी दल ने तीनों सीटों पर अभी तक नहीं की उम्मीदवारों की घोषणा




बेंगलुरु,(ईएमएस)। कर्नाटक में तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। इसको लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी बीजेपी-जद(एस) गठबंधन में सियासी हलचल तेज हो गई है। कर्नाटक के संदुर, चन्नापटना और शिगगांव विधानसत्रा क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे। ये सीट ई तुकाराम, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के लोकसभा चुनाव जीतने और उसके बाद इस्तीफे देने के बाद खाली हुई थीं। किसी भी दल ने इन तीनों विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि चन्नापटना में जद (एस) के उम्मीदवार को मैदान में उतारे जाने की संभावना है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि जद (एस) के दूसरे नंबर के नेता और चन्नापटना से विधायक रहे कुमारस्वामी अपने बेटे निखिल कुमारस्वामी को इस सीट से चुनाव लड़वा सकते हैं।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने भी कहा कि चन्नापटना में एनडीए का उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा। कुमारस्वामी ने कहा कि उन्होंने तीन निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए अपनी पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि हम चर्चा करेंगे कि तीनों सीटों पर हमारी (जद-एस) की भूमिका क्या होनी चाहिए। संदुर और शिगगांव में हमारी भूमिका भले ही कम हो लेकिन हर वोट मायने रखता है। चन्नापटना को लेकर कुमारस्वामी ने कहा कि उन्होंने बीजेपी नेताओं से इस पर चर्चा करने को कहा है।

कुमारस्वामी ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी नेताओं ने फैसला मुझपर छोड़ते हुए कहा कि यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र है और इसलिए, मुझे ही फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लूंगा। मुझे तथ्यात्मक स्थिति और भविष्य के राजनीतिक घटनाक्रम हो देखना होगा। बोम्मई ने शिगगांव चुनाव पर चर्चा के लिए बेंगलुरु में बीजेपी संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा से उनके आवास पर मुलाकात की। बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि येदियुरप्पा ने शिगगांव उपचुनाव पर चर्चा की।

चन्नापटना को लेकर बोम्मई ने कहा कि फैसला कुमारस्वामी और बीजेपी आलाकमान लेगा। बीजेपी सूत्रों ने बताया कि बीजेपी ने गंगावती के विधायक और खनन कारोबारी जी जनार्दन रेड्डी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। बीजेपी के एक पदाधिकारी ने कहा कि हमने कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीदवारों के नाम तय होने के बाद हम घोषणा करेंगे।

बीजेपी और उसका सहयोगी जद (एस) 22 अक्टूबर को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकते हैं और 23 या 24 अक्टूबर को चुनाव प्रभारी का फैसला किया जाएगा।

## महाविकास आघाड़ी में 75फीसदी सीटों को लेकर बन चुकी है सहमति

#### जल्द हो घोषणा, प्रियंका चतुर्वेदी बोलीं-महाराष्ट्र में हरियाणा चुनाव का प्रभाव नहीं पड़ने वाला



मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी के बीच कड़ा मुकाबला होता नजर आ रहा है। इन चुनावों के लिए महाविकास आघाड़ी की रणनीति, उसका अजेंडा, वादे क्या होंगे? और हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों का कितना असर होगा महाराष्ट्र में।

इन मसलों पर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की नेता और राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जो हरियाणा में हुआ है वह उम्मीद से परे है लेकिन साथ ही महाराष्ट्र में उसका किसी तरह से प्रभाव नहीं पड़ने वाला। यह बीजेपी काडर के लिए मोरल बूस्टर, मोटिवेशन हो सकता है। महाराष्ट्र के हालातों से सब वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि तीनों दलों की लगातार बैठकें जारी हैं। करीब-करीब 75फीसदी सीटों पर बात हो चुकी है। जल्द घोषणा भी हो जाएगी। महाराष्ट्र का जो प्राइड और इतिहास है उसे सही दशा और दिशा में ले जाना जरूरी है। प्रियंका ने कहा कि इन्होंने परिवार की लड़ाई परिवार से कराई है, जो महाराष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। महाराष्ट्र का इतिहास रहा है, यह ना दिल्ली के सामने झुका है ना ही दिल्ली की कमांड पर चला लेकिन यहां पर जो भी फैसले हो रहे हैं, दिल्ली से हो रहे हैं, जो महाराष्ट्र की जनता अच्छे से समझ रही है। इन्होंने राज्य में उन्माद फैलाने की कोशिश की। मराठा बनाम ओबीसी किया है। हिंदू-मुस्लिम किया है। महाराष्ट्र वासियों को हम आगे लेकर चलेंगे। गद्दारी महाराष्ट्र ने सही नहीं है और आगे भी नहीं सहेंगे।

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जहां तक सीएम चेहने की बात है, हमारी पार्टी और प्रमुख उद्धव ठाकरे का मानना है कि हमें एक नाम घोषित करना चाहिए और उनको पूरा कैंपेन लीड करना चाहिए। हमारी पार्टी के सुप्रीमो ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री चेहरा कोई भी होने दो, हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि जो अधर्म महाराष्ट्र और यहां के वासियों के साथ हुआ है उसे धर्म की ओर लेकर जाना। चुनाव में अधर्म को हराना हमारी प्राथमिकता है।

## मीटिंग में नहीं पहुंचे अधिकारी, भड़के मंत्री

#### विज बोले- छोड़ेंगे नहीं, एक्शन तो होगा

अंबाला(ईएमएस)। अंबाला कैंट से विधायक अनिल विज को एक बार फिर से मंत्री बनाया गया है। अंबाला कैंट पहुंचे विज ने अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें कुछ गिने चुने अधिकारी ही पहुंचे। इस पर मंत्री भड़क गए और उन्होंने बैठक निरस्त करते हुए कहा कि लापरवाहों को छोड़ूंगा नहीं...एक्शन लूंगा।

अपने अंदाज के लिए चर्चित अनिल विज मंत्री बनने के एकदम बाद एक्शन में दिखे। लोगों में 'गब्बर' के नाम से मशहूर अनिल विज कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अंबाला कैंट पहुंचे और यहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। हालांकि, बाद में अफसरों के साथ मीटिंग में अनिल विज पुराने रूप में दिखे और गुस्सा हो गए। दरअसल, अनिल विज ने अफसरों के साथ मीटिंग बुलाई थी, लेकिन मीटिंग में एडीसी और एसडीएम के अलावा इक्का-दुक्का अधिकारी ही पहुंचे थे और इस पर विज को गुस्सा आ गया। विज ने अधिकारियों से जवाब मांगा तो अधिकारी इधर-उधर बगलें झांकने लगे। इस दौरान विज ने अधिकारियों से साफ कहा, 'लीव द रूम...हम बाद में देख लेंगे।'अनिल विज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा और पूछा जाएगा कि वे बैठक में क्यों नहीं आए। अगर लापरवाही मिली तो कार्रवाई भी होगी। विज ने कहा वो चाहते थे कि अधिकारी मौजूद रहे, ताकि काम पर बात हो सके।

## दिवाली से पहले कुबेर की पूजा करने से मिलता है बेशुमार खजाना!



नई दिल्ली (ईएमएस)। दिवाली का पर्व भारत में समृद्धि, धन और समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर देवी लक्ष्मी के साथ-साथ भगवान कुबेर की पूजा भी महत्वपूर्ण होती है। कुबेर जो धन के देवता माने जाते हैं, उनकी पूजा दीवाली से एक दिन पहले यानि धनतेरस पर की जाती है। यह दिन विशेष रूप से धन और संपत्ति की प्राप्ति के लिए बहुत शुभ माना जाता है। कुबेर जी की पूजा से न केवल आर्थिक समृद्धि बल्कि मानसिक शांति और खुशियों का भी मार्ग प्रशस्त होता है।

**कुबेर जी की पूजा कब करें** : धनतेरस पर विशेष रूप से शाम के समय या शाम को त्रयोदशी तिथि में कुबेर जी की पूजा करनी चाहिए। इस दिन लोग नए बर्तन, सोना या चांदी खरीदते हैं, जिससे धन की देवी लक्ष्मी और कुबेर का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके। पूजा के दौरान, एक सुंदर स्थान पर कुबेर जी की प्रतिमा या चित्र रखें और उनकी आरती और मंत्रों का जाप करें।

**धन और समृद्धि की प्राप्ति** : कुबेर जी की पूजा करने से धन में वृद्धि होती है और आर्थिक समृद्धि की संभावनाएं बढ़ती हैं।

**वित्तीय समस्याओं का समाधान** : नियमित रूप से कुबेर जी की पूजा करने से वित्तीय समस्याएं दूर होती हैं और धन के आगमन के मार्ग खुलते हैं।

**सुख-समृद्धि** : कुबेर जी का आशीर्वाद प्राप्त करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

**व्यापार में सफलता** : व्यापारियों के लिए कुबेर जी की पूजा विशेष रूप से लाभकारी होती है। इससे व्यापार में तरक्की और लाभ की संभावना बढ़ती है।

**कर्ज मुक्त होना** : कुबेर जी की कृपा से कर्ज से मुक्ति मिलती है और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो जाते हैं।

## जयशंकर ने शाहबाज को सुनाई खरी खरी, अब सुनने की बारी चीन की

#### पुतिन के न्यौते पर रुस जा रहे पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। पाकिस्तान जाकर केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को खूब खरी-खोटी सुनाई। आतंकवाद पर जो न कहना था, जयशंकर ने इशारों में खूब सुना दिया। अब सुनने की बारी चीन की है। पीएम मोदी अब रूस जाकर शी जिनपिंग को खूब सुनाएंगे। बड़ी बात यह हैं कि पुतिन भी सामने मौजूद रहने वाले हैं, मगर चुपचाप देखते ही रह जाएंगे। जी हां, जयशंकर के पाकिस्तान दौरे के बाद अब पीएम मोदी रूस जा रहे हैं। पीएम मोदी ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के लिए रूस जा रहे हैं। पीएण मोदी 22 और 23 अक्टूबर को रूस दौरे पर रहने वाले है। खुद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को ब्रिक्स समिट के लिए न्यौता दिया है।

विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस जाएंगे। पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर को रूस की यात्रा पर जा रहे है। पीएम मोदी अपनी रूस यात्रा के दौरान ब्रिक्स समिट को संबोधित करने वाले है। इसके पहले भारत पाकिस्तान को आतंकवाद पर खूब सुना चुका है। बीते दिनों जयशंकर एससीओ समिट के लिए पाकिस्तान गए थे। उन्होंने आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरकर कहा था कि आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरवाद से बचना होगा। अब चूंकि पीएम मोदी रूस जा रहे हैं, इसके बाद दुनिया की नजर उनके संबोधन पर होगी कि पीएम मोदी युद्ध लड़ रही दुनिया को क्या संदेश देने वाले और चीन की कैसे क्लास लगाएंगे। पीएम मोदी की रूस यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय ने पूरा शेड्यूल जारी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 22-23 अक्टूबर की रूस यात्रा के दौरान ब्रिक्स देशों के अपने समकक्षों के साथ पीएम मोदी द्विपक्षीय बैठकें भी करने वाले है। इस बार रूस की अध्यक्षता में ब्रिक्स समिट हो रहा है।

## भारत और ताइवान की दोस्ती से बिलबिला उठा चीन

#### उगलने लगा जहर



नई दिल्ली(ईएमएस)। ताइवान और भारत के बीच बढ़ती दोस्ती को चीन पचा नहीं पा रहा है। इसकी वजह ये है कि चीन,ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और भारत से उसकी दोस्ती बढ़ती जा रही है। ताइवन के भारत में वाणिज्य दूतावास पहले से ही दिल्ली और चेन्नई में मौजूद हैं।

अब भारत के इस मित्र देश ने अपना नया दूतावास देश की आर्थिक राजधानी यानी मुंबई में खोला है। इसके बाद चीन की तरफ से कहा गया कि ताइवान के मामलों को भारत विवेकपूर्ण तरीके से डील करे। दरअसल, चीन ताइवान को अपने देश का हिस्सा मानता है। जबकि ताइवान का कहना है कि वो एक स्वतंत्र देश है। जो भी देश ताइवान को एक अलग देश के रूप में मान्यता देता है, चीन उसके खिलाफ जहर उगलने का मौका नहीं छोड़ता। यही वजह है कि ताइवान के भारत में इस ताजा कदम से चीन भारत के खिलाफ अपना गुस्सा निकाल रहा है। हाल ही में ताइवान द्वीप के आसपास चीन ने सैन्य अभ्यास कर उन्हें डराने का प्रयास किया। भारत-चीन के बीच दशकों से किस प्रकार के रिश्ते हैं, यह हर कोई जानता है। साल 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सेनाएं आपस में भिड़ गई, जिसके बाद से सीमा पर पनपा गतिरोध अबतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच, गुरुवार को ताइवान के विदेश मंत्रालय की तरफ से एक बयान जारी किया गया, जिसमें वो एक बार फिर भारत के खिलाफ अपनी खीझ निकालता नजर आया। इसकी मुख्य वजह बना भारत-ताइवान संबंध। दरअसल, ताइवान ने भारत की धरती पर एक नया वाणिज्य दूतावास खोला है। यह बात चीन को जरा भी पसंद नहीं आई। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि चीन बीजिंग के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों द्वारा ताइवान के साथ किसी भी तरह के आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है। चीन ने भारतीय पक्ष के समक्ष गंभीर प्रतिनिधित्व दर्ज कराया है। वन चाइना पॉलिसी भारतीय पक्ष द्वारा की गई एक गंभीर राजनीतिक प्रतिबद्धता और चीन-भारत संबंधों की राजनीतिक नींव है।चीन भारत से आग्रह करता है कि वह अपनी प्रतिबद्धताओं का सख्ती से पालन करे, ताइवान से संबंधित मुद्दों को विवेकपूर्ण और उचित तरीके से संभाले और ताइवान के साथ किसी भी प्रकार का आधिकारिक आदान-प्रदान करने से परहेज करे।

## कांग्रेस-जेएमएम और आरजेडी में कैसे बंटेंगी सीटें?

#### झारखंड चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली (ईएमएस)। झारखंड चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है लेकिन सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक से लेकर विपक्षी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन तक, सीट शेयरिंग को लेकर भी बात नहीं बन पाई है। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव दो दिन के दौरे पर झारखंड पहुंच रहे हैं तो वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी 19 अक्टूबर को रांची में होंगे। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मीटिंग भी होनी है जिसमें गठबंधन के घटक दलों में सीट शेयरिंग फॉर्मूले को अंतिम रूप दिया जा सकता है। तीन दलों के तीन शीर्ष नेताओं की बैठक से पहले अब सीट शेयरिंग का संभावित फॉर्मूला सामने आया है। झारखंड में विधानसभा की कुल 81 सीटें हैं और सूत्रों की मानें तो इनमें से 43 से 44 सीटों पर सत्ताधारी गठबंधन की अगुवा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) चुनाव लड़ सकती है। झारखंड चुनावों में जेएमएम ही बड़े भाई की भूमिका में होती है। कांग्रेस को इस गठबंधन में 28 सीटें मिल सकती हैं। लालू यादव की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को 5 से 6, लेफ्ट को चार सीटें दिए जाने की बात है। सूत्रों का कहना है कि आरजेडी को एडजस्ट करने के लिए कांग्रेस, लेफ्ट के लिए जेएमएम को सीटें छोड़नी होंगी। सीट शेयरिंग फॉर्मूले को एक-दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। झारखंड विधानसभा के पिछले चुनाव में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने मिलकर चुनाव लड़ा था. तब जेएमएम ने 43, कांग्रेस ने 31 और आरजेडी ने सात सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। तब सीपीआई-एमएल इस गठबंधन में शामिल नहीं था। सीपीआई-एमएल को 2019 के झारखंड चुनाव के बाद हेमंत सोरेन की पार्टी ने साथ लिया था। अब पेच यही है कि हर पार्टी अपनी पुरानी पोजिशन बरकरार रखना चाहती है। जेएमएम पिछले चुनाव वाले फॉर्मूले से ही 43 सीटों पर दावेदारी कर रही है तो वहीं आरजेडी भी सात से कम पर मानने को तैयार नहीं।

# बीसीसीएल में पाँच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न





धनबाद । भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के राजभाषा विभाग के संयोजन में केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली के सहयोग से 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक पाँच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंपनी मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों के विभिन्न विभागों से 35 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन सत्र में निदेशक (कार्मिक) मुरलीकृष्ण रमैय्या ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को अनुवाद के महत्व और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पाँच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को अपने विभाग के अनुवाद को करने में सक्षम बनाना है। आप सभी इस प्रशिक्षण के बाद आप स्वयं अनुवाद करने में समर्थ हो जाएंगे। बीसीसीएल अपने कर्मचारियों और अधिकारियों की दक्षता को बढ़ाने के लिए सदैव आगे बढ़कर कार्य करता है। उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीमती लेखा सरीन, सहायक निदेशक (केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो) और केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, कोलकाता कार्यालय के प्रभारी अरुण कुमार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इन प्रशिक्षकों ने अनुवाद की विभिन्न तकनीकों, सिद्धांतों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन सत्र का संचालन दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए बधाई दी और भविष्य में अनुवाद कौशल को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक (कार्मिक) कुमार मनोज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## उपायुक्त, एसएसपी ने किया वल्नरेबल मतदान केंद्र का निरीक्षण

### लोगों से की भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील



धनबाद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सु माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने 39, निरसा विधानसभा क्षेत्र के 2 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस क्रम में उन्होंने निरसा विधानसभा के मदनपुर स्थित मध्य विद्यालय, पूर्व भाग मतदान केंद्र संख्या 220 एवं मध्य विद्यालय (पश्चिम भाग) के वल्नरेबल मतदान केंद्र संख्या 222 का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक करने, मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए।

वहीं वल्नरेबल मतदान केंद्र संख्या 222 के मतदाताओं को भयमुक्त होकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। पदाधिकारियों ने लोगों को बताया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल मौजूद रहेंगे।

मौके पर एसडीपीओ निरसा, रजत माणिक बाखला, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा, इंद्रलाल ओहदार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## उद्योगपति शिवम सिंह को लक्ष्मी स्वरूपा पुत्री धन की प्राप्ति, घर में उत्सव का माहौल

### ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, टुंडी विधायक मथुरा महतो व समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने अस्पताल पहुंचकर दी बधाई



धनबाद, धनबाद के उद्योगपति शिवम सिंह को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई है।पुत्री धन प्राप्ति की सुचना पर ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो व समाजसेवी उदय प्रताप सिंह अलंकारी अस्पताल पहुंचे तथा शिवम सिंह एवं उनके पुरे परिवार को बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होंने बिटिया रानी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

शिवम सिंह को लक्ष्मी स्वरूपा पुत्री की प्राप्ति के लिए झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी गुलाम गनी अहमद मीर ने बधाई दी है।घर में लक्ष्मी स्वरूपा के आगमन से शिवम सिंह के घर में जश्न का माहौल है।आसपड़ोस में मिठाइयाँ बांटी जा रही है। अस्पताल से लेकर घर तक बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा है।

# जगजीवन नगर में स्वस्थ्य एवं खुशहाल जीवन शैली पर कार्यशाला का आयोजन




धनबाद । बीसीसीएल के मानव कल्याण विभाग, जगजीवन नगर के तत्वावधान में 'विशेष अभियान 4.0' के अंतर्गत 'स्वस्थ्य एवं खुशहाल जीवन शैली' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. सूर्य शेखर सरकार ने प्रशिक्षण प्रदान किया।डॉ. सूर्य शेखर सरकार, जो कि एक सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी हैं, ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलावों के माध्यम से कैसे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं, इस पर गहन चर्चा की। साथ ही, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए योग, ध्यान, संतुलित आहार, और नियमित व्यायाम की महत्ता पर जोर दिया।कार्यशाला में बीसीसीएल के कार्मिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस सत्र में पूछे गए प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित हुए। इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर उनके कार्यक्षमता को बढ़ाना था।बीसीसीएल द्वारा इस प्रकार की पहले न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में भी सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।'विशेष अभियान 4.0' कंपनी की सक्रियता सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस तरह के आयोजन बीसीसीएल के सामाजिक उत्तरदायित्व को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य भी करते हैं।

## विधानसभा चुनाव को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड के सभागार में बीएलओ, पर्यवेक्षक को दिशा निर्देश



धनबाद । चिरकुंडा चुनाव आयोग के द्वारा 20 नवंबर को निरसा विधानसभा में मतदान होना है। इसकी तैयारी को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड के सभागार में 162 बीएलओ, 16 बीएलओ पर्यवेक्षक को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड के सभागार में विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया सुचारू ढंग से संचालित हो । इस संबंध में बीएलओ,बीएलओ पर्यवेक्षक को दिशा निर्देश दिया गया।

इस संबंध में शिक्षक प्रमोद झा ने कहा चुनाव आयोग के द्वारा 20 नवंबर को निरासा विधानसभा में प्रत्यक्ष मतदान केंद्र के दिव्यांग वोटरों की सूची तैयार करना, प्रत्यक्ष मतदान केंद्र की सफाई आदि संबंध में निर्देश दिया गया। बीपीआरओ लालू रविदास, अमित तिवारी, छत्रपति शाही किस्कू, शिक्षक प्रमोद झा के देखरेख में बैठक संपन्न हुई ।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में नगर आयुक्त, रविराज शर्मा ने वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर की बैठक



धनबाद, आगामी विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में नगर आयुक्त, रविराज शर्मा ने वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर बैठक की। बैठक में जिला अंतर्गत सरकारी कार्यालय, विभाग, संस्थान, पीएसयू सहित निजी व्यवसायिक कंपनी, संगठन, बैंक सहित अन्य संस्थानों से नामित नोडल ने भाग लिया। वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक में बताया गया कि मतदान तिथि को सभी संस्थाओं में सवैतनिक अवकाश का प्रावधान है, ताकि समस्त वोटर जन अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। साथ ही फोरम के नोडल अपने अपने कार्यालय, संस्थान अंतर्गत सभी जन का मतदाता सूची में निबंधन करवाने के लिए उनका प्रपत्र-6 भरवाने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इसके अलावा अपने सलंग्न मतदान केंद्र पर आवश्यक मिनिमम सुविधा का भी अवलोकन सुनिश्चित करें।

मतदान तिथि के दिन अपने परिवारजनों व कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित तथा उनसे उनके मताधिकार प्रयोग के अनुभव के बारे में भी जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जिला अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित विभिन्न विषय वस्तु पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि 20 नवंबर का वृहद रूप से प्रचार करें, अधिकाधिक मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। अपने कार्यालय, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल सहित अन्य संस्थान में सेल्फी प्वाइंट और हस्ताक्षर बोर्ड लगाकर नैतिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची से अपना नाम सत्यापित करें और बूथ अवेयरनेस फोरम के सभी नोडल अपने-अपने संस्थानों, बैंकों, कंपनी इत्यादि में वोटर हेल्पलाइन एप्प को डाउनलोड करेंगे। बैठक में आये सभी लोगों को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराया गया और सभी ने ऐप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची से सत्यापित किया।

मौके पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी समेत निजी व्यवसायिक कंपनी, संगठन, बैंक सहित अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# टुंडी विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के नेताओं को एनडीए प्रत्याशी बनाने की मांग



धनबाद तोपचांची:तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न गांव के प्रबुद्ध लोगों का टुंडी विधानसभा के प्रत्याशी को लेकर जगह-जगह बैठक होने शुरू हो गई है। बैठक में रामाकुंडा,चितरपुर,खरियो,मदैयडीह,दुमदुमी,तोपचांची,खेसमी,चैता समेत अन्य गांव से तीन दर्जन से अधिक प्रबुद्ध लोगों ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र के लिए एनडीए प्रत्याशी जिप सदस्या वाणी देवी या गिरधारी महतो को बनाए जाने की गहन विचार विमर्श किया गया। लोगों में चर्चा थी कि जिप सदस्या वाणी देवी टुंडी विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण कार्य एवं सामाजिक,राजनीतिक गतिविधियां बढ़ चढ़कर करती रही है । साथ ही राजगंज को प्रखंड बनाने की मुहिम का नेतृत्व भी करती रही है, अगर एनडीए से वाणी देवी को प्रत्याशी बनाया जाएगा,तो टुंडी विधानसभा का चुनाव भारी मतों से विजय हासिल होगी। वहीं आजसू पार्टी के कार्यकर्ता में यह भी चर्चा है कि आजसू पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ नेता गिरधारी महतो का भी टुंडी विधानसभा में प्रबल दावेदार के रूप में दिखाई दे रहे हैं । आम जनता में चर्चा है कि गिरधारी महतो टुंडी क्षेत्र में कई एक सराहनीय कार्य किए हैं । झारखण्ड आंदोलन से लेकर अलग राज्य गठन तक पार्टी में सक्रिय रहें व कई आंदोलन में जेल भी गये हैं एवं पार्टी में समय समय पर इन्होने अपनी जबरदस्त उपस्थिति दर्ज किया हैं । इन कार्य के बदौलत टुंडी की जनता विधायक के रूप में देखना चाहती है ।

## चंदनकियारी में फिर से कमल खिलाने की तैयारियों में जुटी भाजपा, राह में रोड़े अटका सकता है झामुमो





बोकारो । झारखंड में आहुत विधान सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों ने भी प्रत्याशियों को उतारने की प्रकिया को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है । इसमें भाजपा की अगुवाई वाले राजग गठबंधन ने जहां बोकारो और चंदनकियारी में फिर से कमल खिलाने की तैयारी में पूरी तरह से जुट गया है । वहीं जेएमएम की अगुवाई वाले इंडी गठबंधन भी भाजपा की राह में रोड़े अटकाने की तैयारियां पूरी कर ली है ।बताते चलें कि बीते बुधवार को जैसे ही राज्य में चुनाव की डुगडुगी बजी वैसे ही भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के साथ ही अपनी मंशा जाहिर कर दी । भाजपा ने अपने जिन प्रत्याशियों पर फिर से दांव खेलने का मन बनाया है उसमें बोकारो और चंदनकियारी की सीट पर पहले से ही लोगों की निगाह टंगी थी ।बताते हैं कि बोकारो सीट पर भाजपा के राज्य विधानसभा में मुख्य सचेतक और बोकारो के वर्तमान विधायक बिरंची नारायण को भरोसा है कि तीसरी बार भी वह बोकारो में कमल खिलाने में कामयाब रहेंगे । हालांकि इस बार भाजपा को यहां भितरघात का भी सामना करना पड़ सकता है । क्योंकि भाजपा प्रत्याशियों की सूची में बिरंची नारायण के अलावा भाजपा के ही कद्दावर नेता रोहित लाल सिंह का भी नाम तेजी से चल रहा था । यह और बात है कि प्रत्याशियों की सूची में बिरंची नारायण अपना नाम शामिल कराने में सफल रहे ।उधर, चंदनकियारी सीट पर भी टिकट की दावेदारी में एकबार फिर पिछड़े सूबे के पूर्व मंत्री और चंदनकियारी का एक बार प्रतिनिधित्व कर चुके उमा कान्त रजक झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम कर तीर धनुष निशान पर चंदनकियारी से फिर से अपनी किस्मत आजमाने को लेकर आतुर दिख रहे हैं । हालांकि इस सीट पर भी झामुमो के भीतर भी आपसी टकराहट है । इस सीट पर दावेदारी को लेकर पिछले काफी समय से पसीना बहा रहे झामुमो के केन्द्रीय महासचिव संतोष रजवार के बेटे बिजय रजवार की इस सीट पर किसी भी हालत में लड़ने की हठ मामला बिगाड़ भी सकता है । मगर उमा कान्त को भरोसा है कि यह सीट उनकी झोली में जायेगा और झामुमो इस बार भाजपा को चंदनकियारी सीट पर पटकनी देगी ।यही हाल बेरमो विधान सभा सीट का भी है । बेरमो विधान सभा सीट का दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके योगेश्वर महतो बाटुल फिर से अपनी दावेदारी को लेकर ताल ठोंक रहे हैं । मगर संभावना यह भी जताई जा रही है कि गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय उनका खेल बिगाड़ भी सकते हैं ।बताया जा रहा है कि रविन्द्र पाण्डेय ने भी इस सीट पर भाजपा का परचम लहरावे के लिए अपनी मजबूत दावेदारी ठोकी है। जबकि इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस अपनी परंपरागत सीट को किसी भी कीमत पर नहीं खोने की जुगत भिड़ाने में लगी है । कांग्रेस की नजर इस बार बोकारो सीट पर भी है । मगर यहां दावेदारों की लंबी फेहरिस्त होने की वजह से यह तय होना मुश्किल लग रहा है कि अगर उम्मीदवारी आयी भी तो किसके हाथ आएगी ।कुल मिलाकर जिले के चारो विधानसभा सीटों पर भाजपा जिस तरह अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर चुनावी दंगल में अपने प्रत्याशियों को उतारने की प्रकियामें पूरी तरह से उतर चुकी है उसने झामुमो की अगुवाई वाली इंडी गठबंधन को पसोपेश में डाल दिया है । देखना होगा कि इंडी गठबंधन यहां किसे अपने प्रत्याशी के तौर पर उतारती है और किसका बेड़ा पार होता है ।

## एसएनएमएमसीएच में वर्कशॉप का किया गया आयोजन

### धनबाद सहित जामताड़ा, बोकारो, गिरिडीह और दुमका के लैब टेक्नीशियन व काउंसलर को दी ट्रेनिंग



धनबाद, : शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज के माइक्रोलॉजी विभाग के द्वारा शुक्रवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।इस वर्कशॉप में धनबाद सहित जामताड़ा, बोकारो, गिरिडीह और दुमका के लैब टेक्नीशियन और काउंसलर को ट्रेनिंग दी गई। इसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर के. के.लाल तथा अधीक्षक मौजूद थे। मुख्य अतिथि का माइक्रोबायोलॉजी विभाग के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य तथा अधीक्षक ने ईक्यूएनएल तथा एनएबीएल से संबंधित जानकारी तथा प्रयोगशाला की गुणवत्ता की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ, सुजीत कुमार तिवारी ने कहा कि प्रयोगशाला के ईक्यूएनएल तथा एनएबीएल संबंधित प्रशिक्षण प्रदान की । डॉ.राजकुमार विभाग ने पैथोलॉजी के एचओडी तथा डॉ रवि कुमार झा ने लैब की गुणवत्ता के लिए आवश्यक तकनीक संबंधित बातें बताई।डॉक्टर अजय कुमार ने लैब अवेयरनेस से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की शिवानी कुमारी, श्यामपद भंडारी, सुरेंद्र यादव, मेहतान, राजेश कुमार दास तथा अन्य कर्मियों ने वर्कशॉप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्रांतीय गणित विज्ञान मेला में राजकमल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, बच्चों का प्रदर्शन प्रशंसनीय : सुमन्त कुमार मिश्रा



धनबाद, बरगंडा गिरिडीह में आयोजित तीन दिवसीय गणित-विज्ञान मेला में राजकमल के बाल वैज्ञानिकों ने उम्दा प्रदर्शन किया । मेला 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजित थी । जिसमें राजकमल के बाल वैज्ञानिकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 27 पुरस्कार अर्जित किए । विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों पर गर्व है, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है । चयनित बाल वैज्ञानिक क्षेत्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देवघर और मुंगेर जाएँगे । मुझे उम्मीद है कि क्षेत्रीय गणित-विज्ञान मेला में भी बच्चे अवश्य सफलता प्राप्त करेंगे ।पुरस्कार विजेताओं में, वैभव विशाल, कुमार यशवर्धन, रितेश कुमार, सुमना मिश्रा ,परिधि मिश्रा, लिपिका परमार, खुशी कुमारी ,समीर कुमार ऋषु राज , राजनंदिनी कुमारी ,विनायक कुमार, नम्रता अम्बष्ठ, स्नेहा भारती ,सानिध्य प्रकाश, श्रेया गोप, युविका थोर, अरुणिमा कश्यप, साक्षी कुमारी, वर्षा कुमारी, कीर्ति कुमारी, अरुणाभ कश्यप, फातिमा राशीद, हर्ष लाल ,अभिषेक शर्मा , लक्ष्यराज , कुणाल सिंह ,लक्ष्मी कुमारी ।

भैया बहनों को लेकर संरक्षक आचार्य के रूप में अजय किशोर झा ,रतीश रंजन मिश्रा ,प्रिया दत्ता , दिलीप कुमार दास एवं नम्रता निहारिका उपस्थित रहीं ।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया ,सचिव, संजीव अग्रवाल, सहसचिव, दीपक रूईया ,कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर अग्रवाल, समिति के अन्य सदस्य , प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे ,पार्थ सारथी सरकार, कमलनयन ,सुमोना दीक्षित ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।